kanwhizztimes

@kanwhizztimes

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-24 ❒ गुरुवार, 20 फरवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




भारत अब केवल एक अनुयायी नहीं रह गया है। वो वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रहा है तथा नवाचारों में पहल कर रहा है। देश ने खुद को विश्व मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। डॉ. जितेंद्र सिंह


केजरीवाल, आतिशी ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री चुने जाने पर दी बधाई 11

महाकुम्भः नेपाल के 50 लाख लोगों ने किया पवित्र स्नान 12


## संक्षेप

### यूपी बोर्डः सुरक्षा के बीच 49 परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे प्रश्न पत्र

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्रों का वितरण बुधवार से शुरू हो गया। राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज से पुलिस सुरक्षा के बीच पहले दिन 49 परीक्षा केन्द्रों पर पेपर के बंडल पहुंचाए गए। प्रश्नपत्रों को केन्द्रों के स्ट्रांग रूम में केन्द्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रखवा दिया गया। जीजीआईसी स्थित कंट्रोल रूम से सभी 126 केंद्र जुड़ गए हैं। स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगी पुलिस, 24 घंटे सीसी कैमरे संचालित होंगे। डीआईओएस राकेश कुमार के निर्देशन में बुधवार को छात्र संख्या के अनुसार केन्द्रों को प्रश्न पत्र भेजे गए। बुधवार को 49 केन्द्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम की अलमारी में प्रश्न पत्र रखवाए गए। दोनों अधिकारियों के हस्ताक्षर किये। यहां रखे रजिस्ट्रार पर स्ट्रांग के खोलने से लेकर प्रश्न पत्र आदि का ब्योरा दर्ज किया जाएगा। इसकी चाभी दोनों अधिकारियों के पास रहेगी। केन्द्र पर स्ट्रांग रूम में चार अलमारी रखवायी गईं हैं। इनमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्र अलग-अलग अलमारी में रखे गए। दो अन्य अलमारी में से एक में परीक्षा के समय छात्रों को देने के बाद बचे प्रश्न पत्र रखें जाएंगे। बची एक अलमारी में इमरजेंसी प्रश्न पत्र रखे जा रहे हैं। इनका उपयोग पेपर आउट होने की स्थिति में होगा।

### योगी सरकार आज पेश करेगी अपना नौंवा बजट

**लखनऊ।** 20 फरवरी को यूपी सरकार अपना बजट पेश करेगी। एक अनुमान के मुताबिक इस बार का बजट आठ लाख करोड़ का हो सकता है। जानकारों के अनुसार इस बार बजट में लोक-लुभावन घोषणाएं हो सकती हैं। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। इस बजट में विकास के योगी मॉडल की छाप दिखेगी। मध्यवर्ग, युवा, किसान और महिलाएं बजट के फोकस में होंगी। ऐसा माना जा रहा है कि 2027 के चुनावों की छाप इस बजट में दिख सकती है। इस बजट में कृषि, उद्योग और बुनियादी विकास के साथ इस बजट में तकनीकी पर जोर रहेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई घोषणाएं हो सकती हैं।

### महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' बताने पर भड़के संत

महाकुंभनगर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ वाले बयान पर संत समाज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। संतों ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के बयान को सनातन धर्म और महाकुंभ की पवित्रता का अपमान बताया। संत समाज ने ममता बनर्जी से अपने बयानों पर खेद प्रकट करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा है।

# राजनीतिक स्वार्थ के लिए सनातन व भारत को बदनाम न करे विपक्ष

## महाकुंभ को भव्यता से करना अपराध है तो यह अपराध बार-बार करेंगेः योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर मिथ्या प्रलाप का आरोप लगाते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिये पुरातन सनातन संस्कृति और भारत को बदनाम न करे।

योगी ने बुधवार को विधानसभा में कहा आप भारत को क्यों बदनाम कर रहे हैं। मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। उन्होने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य 'हमारा देश कभी विकसित भारत नहीं बन सकता' को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखबार में छपी एक खबर दिखाई और बोले कि एक राजनीतिक दल अपने देश के प्रति इतनी दुर्भावना रखता है। अब तो लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी है। यह गारंटी उपचुनाव ने दे दी है।

उन्होने कहा कि महाकुम्भ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शालीनता व मर्यादा से अपनी बात रखिए, लेकिन जीवित लोगों को मृतक न बताइए। तीर्थयात्रा में लोग श्रद्धा के साथ जाते थे। आस्था को कैसे कोई रोक सकता है, उन्हें बदनाम न कीजिए।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों से मार्मिक अपील करते हुये कहा राजनीतिक स्वार्थ के लिए सनातन व भारत को बदनाम न कीजिए। शासन पर प्रश्न खड़ा कीजिए, लेकिन महाकुम्भ और आस्था पर नहीं।



❒ लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी हैः योगी

❒ दुष्प्रचार की सीमा को भी पार करके सपा ने इस आयोजन को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ीः योगी

पहले आपने कहा कि संख्या बढ़ा चढ़ा कर कही जा रही है। उसे देखने स्वयं सपा मुखिया पहुंच गए कि वास्तव में भीड़ हो रही है कि नहीं। अब कह रहे कि भीड़ बहुत अधिक हो रही है, लोगों को स्नान का मौका नहीं मिल रहा है। तिथि आगे बढ़ा दीजिए। यह इनका दोहरा चरित्र है। पहले विरोध करते हैं, फिर कहते हैं कि तिथि आगे बढ़ा दीजिए। यही बात अभी चच्चू (शिवपाल यादव) भी कह रहे थे, लेकिन तिथि हम नहीं तय करते। यह आयोजन पौष पूर्णिमा से शिवरात्रि तक होना है। शिवरात्रि की तिथि तय है। यह शास्त्रीय ज्योतिषीय गणना के अनुरूप ही होगी। इससे आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होने सपा महासचिव शिवपाल यादव की चुटकी लेते हुए धन्यवाद दिया आपने मिल्कीपुर में सहयोग किया। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी व अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि नाम का असर होता ही है। पप्पू और टप्पू में बहुत अंतर नहीं होता। चच्चू ने वैसे ही नाम नहीं रखा है। अभी चच्चू शांत हैं, लेकिन समय आने पर अपना रंग दिखाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एकात्मता का महाकुम्भ है। एकात्मता के भाव ने हमें और दुनिया को एकता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने सपा सदस्यों को इंगित करते हुए कहा आपकी परेशानी समझ सकता हूं। आपकी राजनीति विभाजनकारी और जाति-जाति के बीच में विखंडन की है। इसका जवाब देश व उत्तर प्रदेश ने भी दे दिया। देश ने हरियाणा, महाराष्ट्र व दिल्ली और प्रदेश ने मीरापुर, गाजियाबाद, कुंदरकी, खैर, फूलपुर, मझवा, मिल्कीपुर व कटेहरी के विजय के माध्यम से दिया है। आप करहल जीत जाएं तो आपकी विजय, भाजपा कुंदरकी और कटेहरी जीत रही है तो आप स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं यानी भारत की संवैधानिक व्यवस्था में आपका विश्वास नहीं है। वोट देने वाली जनता-जनार्दन का आप उपहास ● शेष पेज 11 पर

### भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है प्रयागराज महाकुम्भ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का विश्वस्तरीय प्रदर्शन है जो आध्यात्मिक भव्यता और प्रशासनिक सफलता का प्रतीक बन चुका है। विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन योगी ने महाकुम्भ 2025 से जुड़े विभिन्न पहलुओं

## सीएम योगी ने माना

# मौनी अमावस्या पर कई स्थानों पर भगदड़ हुई, सात और की गई थी जान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानसभा में माना कि महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम नोज के साथ ही कुछ और स्थानों पर भी प्रेशर प्वाइंट बने थे। अलग अलग क्षेत्रों में भी दिनभर दबाव बनते रहे। इस दबाव में भी 30 से 35 लोग घायल हुए थे। उनमें से 7 लोगों की मौत भी हो गई थी। सीएम योगी ने संगम नोज पर हुए हादसे का पूरा ब्योरा भी दिया और बताया कि क्यों भगदड़ मची थी। दोहराया कि इसमें 30 लोगों की मौत हुई थी। इसमें से एक की पहचान नहीं हो सकी। उनका डीएनए सुरक्षित रख लिया गया और अंतिम संस्कार कर दिया गया था। यह भी बताया कि घायलों में अब भी एक व्यक्ति का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

सीएम योगी ने बताया कि संगम नोज पर घटना के बाद श्रद्धालुजनों की मदद से ही ग्रीन कॉरिडोर बना। एंबुलेंस को आने का रास्ता मिला। एंबुलेंस ने घायलों को पहले अस्पताल पहुंचाया। वहां से घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाने में मदद की। सीएम योगी ने कहा कि हम उस जनदबाव को देखें, जो उस समय वहां रहा होगा। 25 लाख की आबादी वाले शहर में पांच करोड़ की भीड़ के बीच रेस्क्यू करना और इस प्रकार से अलग अलग क्षेत्रों में भी दिनभर दबाव बनते रहे। कुछ लोगों को वहां से निकालना और कुछ लोगों को वहां से निकालना, इससे प्रयागराज में अलग अलग स्थानों पर कुछ प्रेशर प्वाइंट बने। इससे 30-35 लोग अन्य स्थानों पर भी घायल हुए। उन्हें भी अस्पताल पहुंचाया गया। उनमें भी सात लोगों की मौतें हुईं।

सीएम योगी ने कहा कि इन सभी घटनाओं को महाकुंभ से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। नेपाल, अलीगढ़, झारखंड की घटनाओं या प्रयागराज में सड़क हादसे में दस लोगों की मौत को भी महाकुंभ से जोड़ दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सड़क हादसा चिंता का विषय है। भगदड़ में मारे गए और सड़क हादसों में मरे सभी लोगों के साथ हमारी सहानुभूति है। इनकी मौतें समाज की ● शेष पेज 11 पर

❒ प्रयागराज के किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा : योगी

### 'गंगा जल पूरी तरह शुद्ध, दुष्प्रचार फैलाने वालों की मंशा खराब'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी और समाजवादी पार्टी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि संगम का जल स्नान और आचमन के लिए पूरी तरह शुद्ध है। योगी ने महाकुंभ को बदनाम करने की कोशिशों का जवाब देते हुए कहा कि 56 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की आस्था पर सवाल उठाना गलत है। उन्होंने 2013 के कुंभ और 2025 के महाकुंभ की तैयारियों की तुलना करते हुए कहा कि इस बार बेहतर व्यवस्था की गई है। कुंभ मेला 2025 में 56 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

# सीईसी और ईसी की नियुक्तियों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2023 के कानून के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संकेत दिया कि समय की कमी के कारण मामले को होली के त्योहार की छुट्टी के बाद सूचीबद्ध किया जाएगा। हालांकि, मामले की सुनवाई के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई। याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मामले में एक छोटा कानूनी सवाल शामिल है ऽ क्या प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के प्रधान न्यायाधीश की समिति के



माध्यम से सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए 2023 के संविधान पीठ के फैसले का पालन किया जाना चाहिए या 2023 के कानून का पालन किया जाना चाहिए, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को समिति से बाहर रखा गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने दोपहर करीब 3 बजे भूषण से कहा कि वह विशेष पीठ में बैठेंगे और होली की छुट्टी से पहले अदालत के पास कई मामले सूचीबद्ध हैं। भूषण ने मामले को आने वाले सप्ताह में किसी भी दिन सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया और आश्वासन दिया कि याचिकाकर्ताओं को प्रस्तुतियां देने में एक घंटे से ● शेष पेज 11 पर

### भारत के पास कर से बहुत पैसा आता है, हम उनको 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैंः ट्रंप

न्यूयॉर्क/फ्लोरिडा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ''भारत में चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने'' के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन के मकसद पर सवाल उठाया है।


उन्होंने साथ ही कहा, ''भारत दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक है'। उन्होंने ये टिप्पणियां एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई (सरकारी कार्यदक्षता विभाग) द्वारा यह खुलासा किए जाने के बाद की कि 'यूएसएड' ने भारत में मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। निजी अमेरिकी वांतरिक्ष (एयरोस्पेस) और अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन (स्पेसएक्स) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क के नेतृत्व में 16 फरवरी को सरकारी कार्यदक्षता विभाग ने उन सभी मदों की सूची बनाई जिन पर ''अमेरिकी करदाताओं के पैसे खर्च किए जाएंगे। इस सूची में ''भारत में मतदान के दौरान मतदाताओं ● शेष पेज 11 पर

# सेना को राजनीति में न घसीटें

## आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की राहुल गांधी को नसीहत

एजेंसी

लखनऊ। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कंग्रेस सांसद राहुल गांधी को नसीहत दी है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सेना को राजनीति में नहीं घसीटना नहीं चाहिए। ऐसा हुआ तो यह चिंता की बात होगी। उन्होंने एक पॉडकास्ट में कहा कि हमने चीन के साथ बातचीत के रास्ते को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर हमने बातचीत को बढ़ावा दिया है। यदि हम एक दूसरे से बात करेंगे तो बहुत से संदेह दूर हो पाएंगे। हमारी यह राय रही है कि किसी भी तरह से संदेह को खत्म किया जाए। इसके लिए हमने कोर कमांडर्स को ताकत दी है कि जहां भी संभव हो, वे फैसला ले लें। यदि बातचीत से कोई मसला हल होता है तो कर लिया जाए। उन्हें यह पावर दी गई है कि यदि उनके लेवल से कोई मामला हल हो सकता है तो वे कर लें। उसके लिए किसी भी तरह की मंजूरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है।



राहुल गांधी के उस बयान पर भी जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बात की, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा था कि लद्दाख सेक्टर में घुसपैठ हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में नहीं घसीटा जाना चाहिए। वहीं महिलाओं को देवी काली की तरह सेना में शामिल करने की अपनी टिप्पणी पर एक बार फिर से उन्होंने बात की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि मेरा भाव यह था, जो झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के लिए कहा गया था- बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। बता दें कि महिलाओं को सेना में शामिल करने के वह हिमायती रहे हैं। सेना प्रमुख ने इस दौरान हथियारों की बिक्री को लेकर भी बात की।

उन्होंने कहा कि आज हमारे यहां से विदेशों में हथियार भेजे जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अब हथियार बनाने वाली कंपनियों को आसानी से लाइसेंस मिल रहे हैं और छूट मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से यह कहता रहा है कि हम संवाद चाहते हैं। लेकिन जब जरूरी होगा तो हम जंग से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान जब पूछा गया कि यदि किसी सेना कोई शहीद होता है तो आप लोग कैसे परिवार को बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बेहद दर्दनाक अनुभव होता है। लेकिन हम एक परिवार की तरह काम करते हैं। सेना में इंजीनियर, आर्टी, इन्फैंट्री समेत सभी लोग एक परिवार जैसे हैं। हम यदि आज भी कोई कार्यक्रम करें तो शहीदों की विधवाएं बड़ी संख्या में आती हैं। इससे पता चलता है कि हम लोग एक परिवार की तरह ही काम करते हैं।

# रेखा गुप्ता दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री होंगी

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी। बुधवार शाम विधायक दल की बैठक में इसका ऐलान किया गया। पार्टी ने रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। दोनों ने विधायक दल की बैठक से पहले भाजपा के सभी विधायकों से एक-एक करके बात की।

इसके बाद विधायक दल की बैठक में सतीश उपाध्याय और विजेंद्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, फिर सीएम के नाम का ऐलान किया गया। पहले खबर आई थी कि प्रवेश वर्मा डिप्टी सीएम और विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर होंगे। लेकिन, इसकी भाजपा ने पुष्टि नहीं की है। बैठक में सिर्फ सीएम ही चुना गया।

मुख्यमंत्री की शपथ गुरुवार (20 फरवरी) को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगी। दिल्ली के मुख्य सचिव



❒ विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी, आज लेंगी शपथ

की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। दिल्ली की शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक बनीं रेखी गुप्ता अगली मुख्यमंत्री होंगी। बीजेपी ने तमाम कयासों को पीछे छोड़ते हुए महिला चेहरे पर दांव खेला है और वैश्य समाज से आने वाली रेखा गुप्ता को सीएम बनाने का फैसला किया है। अब ● शेष पेज 11 पर


## संयुक्त राष्ट्र जम्मू-कश्मीर के बारे में टिप्पणी करने के बाद भारत ने पाकिस्तान को लगाई लताड़

# पाकिस्तान है आतंकवाद का वैश्विक केंद्र : भारत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कहा कि भारत जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों के जरिये पाकिस्तान के आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है और यह ''बड़ी विडंबना'' है कि आतंकवाद का वैश्विक केंद्र इस संकट के खिलाफ लड़ने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपाता है।

चीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार द्वारा मंगलवार को परिषद की 'बहुपक्षवाद का अभ्यास, वैश्विक प्रशासन में सुधार' विषय पर खुली बहस में जम्मू-कश्मीर के बारे में टिप्पणी करने के बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कड़े शब्दों में देश का रुख स्पष्ट किया। हरीश ने कहा, ''पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो 20 से अधिक संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी संगठनों को



पनाह देता है और सीमा पार आतंकवाद का समर्थन प्रदान करता है। उन्होंने कहा, '' इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। भारत जैश-ए-मोहम्मद और हरकत उल मुजाहिदीन जैसे कई अन्य आतंकवादी संगठनों के जरिये इस देश द्वारा किए गए आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है। पाकिस्तान स्थित कई आतंकवादी संगठन और लोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की '1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति' के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं और उनकी संपत्ति जब्त की गई है, उनकी यात्रा पर प्रतिबंध हैं। पूर्व में पाकिस्तान के मित्र चीन ने अक्सर भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों को बाधिक किया है। हरीश ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद का कोई भी रूप, प्रकार और उद्देश्य चाहे जो भी हो, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, ''कोई भी राजनीतिक शिकायत निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किए गए आतंकवाद को उचित नहीं ठहरा सकती। यह संस्था अच्छे और बुरे आतंकवादियों के बीच कोई अंतर नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि डार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए और परिषद का समय बर्बाद न किया जाए। हरीश ने साथ ही कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। वास्तव में यह पाकिस्तान है जिसने '' जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा'' कर रखा है। उन्होंने कहा, ''गलत सूचना और भ्रामक ● शेष पेज 11 पर

### सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने का विरोध करने वाले देशों की सोच संकीर्ण

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने चीन की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कहा कि यूएनएससी के स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने का विरोध करने वाले देश यथास्थितिवादी व्यवस्था के समर्थक हैं, जिनकी सोच संकीर्ण और दृष्टिकोण गैर-प्रगतिशील है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि इस रवैये को अब स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, 'ग्लोबल साउथ' से अनुचित व्यवहार जारी नहीं रखा जा सकता। भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों के प्रमुख देश संयुक्त राष्ट्र के निकायों में उचित प्रतिनिधित्व के हकदार हैं। जहां तक सुरक्षा परिषद की बात है, इसका मतलब स्थायी श्रेणी की सदस्यता से है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में बहुपक्षवाद का अभ्यास और वैश्विक शासन में सुधार विषय पर आयोजित खुली बहस के दौरान हरीश ने कहा कि यूएनएससी में सुधारों के लिए तीन मूलभूत सिद्धांतों पर अमल आवश्यक है, जिनमें स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में सदस्यों की संख्या में वृद्धि, 'टेक्स्ट' आधारित वार्ता की शुरुआत और महत्वाकांक्षी समयसीमा में ठोस परिणाम हासिल किया जाना शामिल है। उन्होंने कहा, जो लोग स्थायी श्रेणी के विस्तार का विरोध कर रहे हैं, वे संकीर्ण सोच वाले यथास्थितिवादी हैं। उनका दृष्टिकोण साफ तौर पर गैर-प्रगतिशील है। इसे अब स्वीकार नहीं किया जा सकता। हरीश ने पिछले साल सितंबर में आयोजित भविष्य का शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से की गई इस टिप्पणी का जिक्र किया कि सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र के मूल निकाय और ढांचे इतिहास की एक अलग अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत सुधारों की आवश्यकता को ● शेष पेज 11 पर

# ममता बनर्जी का महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहना बेहद दु:खद एवं दुर्भाग्यपूर्ण : नन्दी

## सनातन संस्कृति का महापर्व सनातन द्रोहियों को नहीं आ रहा रास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहे जाने पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने करारा प्रहार किया है। उन्होंने ममता बनर्जी के बयान को सनातन धर्म का अपमान बताया है। नन्दी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ममता बनर्जी का महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भकहा जाना बेहद दु:खद है, दुर्भाग्यपूर्ण है। यह हिन्दू विरोध व सनातन के प्रति घृणा का सबसे विकृत और निम्न स्तर है। कालजयी व मृत्युंजयी सनातन संस्कृति का महापर्व प्रारम्भ से ही इन सनातन द्रोहियों को रास नहीं आ रहा है। तमाम दुष्प्रचार और षड्यंत्रकारी बयानों के बाद भी हिन्दू जनमानस के अपार उत्साह ने इन्हें विचलित कर दिया है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ की व्यवस्थाओं और प्रबन्धन की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। उन्होंने लिखा कि अब तक देश-विदेश के 54 करोड़ से अधिक श्रद्धालु सकुशल माँ त्रिवेणी की गोद में स्नान कर चुके हैं। अभी भी अथाह जनसमूह अनवरत तीर्थराज प्रयाग की ओर अग्रसर है। यह अद्भुत और अद्वितीय दृश्य देखकर विपक्ष को अपनी सियासी जमीन खिसकती नजर आ रही है। इसलिए बौखलाहट में विपक्ष लगातार इस तरह का जहर उगल रहा है। ममता बनर्जी को अविलम्ब साधू, सन्त, सन्यासियों और करोड़ों सनातनियों से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। केन्द्रीय वित्त मंत्री का किया स्वागत बुधवार को महाकुम्भ में मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी संगम में केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण का आस्था की डुबकी लगाने तीर्थराज प्रयाग आने पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हार्दिक स्वागत किया। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में आयोजित महाकुम्भ का विशाल आयोजन आस्था और अध्यात्म के अनुष्ठान का उत्सव है, एकात्मता एवं समरसता का जीवंत महोत्सव है।

# नैनी व छिवकी जक्शन पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

❑ अमृत स्नान को लेकर श्रद्धालुओं का टूट नहीं पा रहा तांता, प्रशासन हलाकान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। नैनी जक्शन व छिवकी जक्शन पर अमृत स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। देश विदेश से महाकुंभ में पहुंच रही श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण नैनी व छिवकी स्टेशन पर श्रद्धालुओं का रेला बना हुआ है। भीड़ प्रबंधन को लेकर आरपीएफ व जीआरपी और सिविल पुलिस के जवान बीते कई घंटों से जक्शन पर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट मोड पर है। यहां पर श्रद्धालुओं के लिए लगातार मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। दोनों स्टेशनों की भीड़ की यह स्थिति बीते चार दिनों से बनी हुई है। दिल्ली स्टेशन पर हुए हादसे के बाद से यहां पर यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जक्शन पर पहुंचने और जक्शन से उतरने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बनी हुई है। जो कि रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। स्थानीय लोगों ने यह कयास लगाया है कि यह भीड़ 26 फरवरी तक ऐसे ही बनी रहेगी। श्रद्धालुओं का रेला यूं ही बना रहेगा। वहीं व्यापारियों का कहना है कि ऐसे में अब व्यापार में असर आ रहा है। दुकानों के लिए समान खरीदने में तमाम तरह की परेशानियां बनी हुई हैं। कई समानों के दाम में भी वृद्धि कर दी गई है। क्योंकि ऐसे ने न तो ट्रांसपोर्ट से सामान होलसेलर के पास आ पा रहा है और न ही प्रयागराज जिले के व्यापारी शहर जा पा रहे हैं। जिससे कि छोटे बड़े दुकानदार भी समानों की खरीदारी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि दुकानों से शहर निकलने का मतलब है कि सुबह को निकलें तो रात को वापसी आना यह तय है। ऐसे में अकेला इंसान तो आ जा सकता है लेकिन सामान की खरीदारी के साथ आ पाना बहुत ही मुश्किल है क्योंकि हर एक जगहों पर पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगा होने के कारण वाहनों को भी निकलने में तमाम तरह की परेशानियां लोगों के बीच बनी हुई है। ऐसे में श्रद्धालुओं के भीड़ के बीच में व्यापारी शहर तक भी नहीं जा पा रहे हैं। रोज कमाने खाने वालों के लिए एक - एक दिन मुसीबत का दिन लग रहा है। बस इसी इंतजार में लोग अपने घरों में बैठे हैं कि यह भीड़ कब कम होगी और हम कब अपने कार्य पर जा पाएंगे।

# रवि की फसलों में उर्वरक खाद के लिए तरस गए अन्नदाता

❑ महाकुंभ जाम से महीनों से सहकारी समितियों में नहीं पहुंची उर्वरक खाद


कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। महाकुंभ के बदौलत जाम के झाम में सरकारी समितियां पर उर्वरक की सप्लाई बंद होने के कारण रवि की बुवाई के बाद गेहूं एवं अन्य फसलों के उत्पादन पर खाद के बगैर बुरा असर पड़ा है रवि की फसल की सिंचाई के बाद से जनवरी से खाद की आवक सहकारी समितियां पर तथा अन्य दुकानों पर बंद होने के कारण अन्नदाता बेहद परेशान है। जिनका फसलों पर पूरा असर पड़ रहा है सप्लाई की मात्रा न होने के कारण बड़े वाहन समितियों पर खाद लेकर नहीं पहुंच पा रहे हैं जिससे किसान बेहद परेशान हैं तथा अन्य दुरुस्त से दुगने दाम पर खरीद कर फसलों को हरा-भरा बनाने में प्रयास करने के लिए जूझ रहे हैं किसान,महाकुंभ ने किसानो के फसलों पर एक ग्रहण बन गया है जिसके कारण उत्पादकता के साथ-साथ सभी फसलों पर रवि की बुवाई का असर पडा है।खाद के बगैर प्रभावित है अन्नदाता किसान प्रयागराज क्षेत्र के गंगापार जमुनापार अन्य क्षेत्रीय इलाकों के मार्केट एवं सहकारी समितियां पर किसी भी प्रकार की कोई खाद्य उर्वरक न होने के कारण बेहद परेशानी से गुजर रहे हैं तथा अपनी फसलों की उत्पादकता कैसे मेंटेनेंस करें इसका कोई विकल्प नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं ।

# सदन में शिक्षक नेता के अपमान के विरोध में सड़कों पर उतरेंगे शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्त विहीन गुट प्रयागराज ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष समाजवादी पार्टी मान लाल बिहारी यादव को सदन से घसीटकर मार्शल द्वारा बाहर किए जाने पर घोर आपत्ति जतायी है। ज्ञात हो कि मा. लाल बिहारी यादव ने महाकुंभ प्रयागराज मे फैली ट्राफिक अव्यवस्था एवं स्नानार्थियों को प्रशासन द्वारा परेशान करने तथा कुम्भ क्षेत्र में बार-बार पंडालों मे अग्निकांड जैसे संबंधित मामले उठाना चाह रहे थे। कुम्भ में स्नान के दौरान हुई भगदड़ में मृतकों के परिप्रेक्ष्य में वास्तविक संख्या का सरकार से विवरण चाहते थे। सदन के अंदर उपमुख्यमंत्री के इशारे पर वास्तविकता से दूर रखने के लिए सदन से बाहर किया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ की जिला इकाई की आपात बैठक राधा कृष्ण इंटर कॉलेज गडैला करछना मे हुई। जिसमें नेता प्रतिपक्ष मान लाल बिहारी यादव को हतोत्साहित एवं जनमानस के प्रश्नों को सदन में उठाने से वंचित करने हेतु यह कुकृत्य किया है जो निंदनीय है। संघ के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा 24 फरवरी से प्रारंभ हो रही जिसकी अव्यवस्था को छिपाने के लिए शिक्षक नेता को अपमानित किया जा रहा है। यदि सरकार अपने तानाशाही रवैय्या से बाज नहीं आती तो हम सड़कों पर उतरेंगे जिसका खामियाजा सरकार भुगतने के लिए तैयार रहें। बैठक में प्रमुख रूप से अभय राज सिंह, फूलचंद कन्नौजिया, बुधराम यादव, सीता शरण सिंह, नवीन शुक्ल, अमर बहादुर सिंह, अमरचंद गुप्ता, प्रेमचंद, अवधेश श्रीवास्तव, बालेन्द गौतम, राजेश विश्वकर्मा, रमाकांत यादव, रवि करण सिंह, डॉ. उमेश सिंह, शिव मोहन पटेल, अमित सिंह, अरविंद यादव, सर्वेश, शिवमूरत पटेल, सीपी मिश्र, महेंद्र दुबे, विजय, कमल चंद्र सहित सैंकड़ों शिक्षक मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार ने दी है।

## बिजली विभाग की सेहत पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है: ए के शर्मा

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यूपी सरकार के ऊर्ज़ा और शहरी विकास मंत्री ए के शर्मा ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान बोलते हुए बिजली विभाग को लेकर जहां एक तरफ अपने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, वहीं पूर्व की यूपी सरकार के मंशा पर प्रत्यक्ष रूप से सवाल भी खड़े किये। मंत्री जी ने जोर देते हुए कहा कि जिस समय 2017 में, योगी सरकार यूपी में आयी उस समय पूर्व की सरकार 1 लाख 42 हजार करोड़ रूपये का घाटा विरासत में छोड़कर गयी थी। मंत्री जी ने आगे 'एक्स' के माध्यम से जानकारी दी कि अब उनकी सरकार उस घाटे को कम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि 2017 में, भाजपा सरकार आने से पहले 1 लाख 50 हजार मजरे विद्युतीकरण से वंचित थे, जिसमें से फ़िलहाल 1 लाख 21 हजार मजरों का विद्युतीकरण कर दिया गया है। हालांकि, गनीमत रही कि मंत्री जी ने बड़ा दिल दिखाते हुए यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं की कि बिजली विभाग की सेहत न पूर्व की सरकारों में अच्छी थी और ना ही यह इस सरकार में पूरी तरह से ठीक हो पायी है। उन्होंने यह बात स्वीकार किया कि इस विभाग में अभी खामियां हैं जिसके लिए कहीं न कहीं सुधार की आवश्यकता है। बिजली विभाग के निजीकरण की ख़बर की सुगबुगाहट मिलते ही इसके विरोध में कई सारे तर्क दिये जाते रहे हैं। इस पर ऊर्ज़ा मंत्री ने सदन में बोलते हुए कहा, '' जो यह कहा जाता है कि बिजली विभाग में जहां-जहां निजीकरण हुआ है वहां बिजली के दामों में वृद्धि हुई है, जो कि सच नहीं है। '' उन्होंने समाजवादी पार्टी को बिजली विभाग में निजीकरण के सवाल पर उनके कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा कि आप लोगों याद करनी चाहिए कि कांग्रेस की सरकार में जब नोएडा पॉवर कम्पनी को नोएडा का काम दिया गया उसके बाद आपकी भी सरकार आयी और आप चाहते तो इस प्रक्रिया को रोक सकते थे। उन्होंने कहा कि यहां तक की 2012 में भी आपकी सरकार आने के बाद वो प्रक्रिया जारी रही। मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने लगे हाथों बिजली विभाग के कर्मचारियों सहित यूपी की जनता को सन्देश देते हुए कहा, '' पीपीपी यानी पब्लिक - प्राइवेट पार्टनरशिप का प्रयोग करते समय कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जायेगा। '' ग़ौरतलब है कि बिजली विभाग में निजीकरण की खबरों को लेकर यूपी बिजली विभाग के राज्य कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन की खबर मीडिया रिपोर्टों में देखने को मिली थी।इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम जो भी कर रहे हैं, प्रदेश की जनता को चौबीस घंटे बिजली देने के लिए कर रहे हैं। ऊर्ज़ा मंत्री ने विपक्ष को ज़वाब देते हुए खंभों का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो वर्षों में 28 लाख 92 हजार 336 खंभे लगाने की योजना बनायी थी; जिसके तहत अभी तक 26 लाख 38 हजार खंभे लगाये जा चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने विपक्ष को कहा कि यदि आपको कहीं खंभे कम लग रहे हैं तो आप हमारे संज्ञान में लायेंगे तो हम उस पर भी ध्यान देंगे। प्रदेश में आम जनता को बिजली विभाग में तरह-तरह की समस्यायों का सामना करना पड़ता है। यदि इस पर सुनवाई न हो या इस समस्या का निराकरण न हो तब वही जनता ( उपभोक्ता वर्ग) खुद को असहाय महसूस करने लगती है। ऊर्ज़ा मंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि बिजली विभाग में बिल को लेकर शिकायतें मिलती रहती हैं। इस विषय की गम्भीरता और विभाग की खामियों पर खुल कर बोलते हुए श्री ए के शर्मा ने सदन के पटल से प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा, '' विद्युत बिल में गड़बड़ी की शिकायतों के मिलने के बाद हमने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3394 मीटर रीडरों की सेवायें समाप्त की हैं। इस दौरान 28 लोगों के ऊपर एफ आई आर किया गया है और 85 नियमित कर्मचारियों के ऊपर भी दंडात्मक कार्यवाही की गई है। उन्होंने कहा कि सभी का सहयोग रहेगा तो विद्युत विभाग को हम इस स्थिति से बाहर निकाल पायेंगे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुई सभा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिवाजी मार्ग व्यापार मण्डल के व्यापारियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में एक सभा आयोजित कर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्र अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मण्डल के द्वारा माल्यार्पण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से गोपाल दीक्षित, अतुल त्रिपाठी, अभिनव गुप्ता, अंकित अग्रवाल, वैभव मिश्रा व अंकित अग्रवाल के साथ अन्य मौजूद रहे।

## आशियाना में शहनाई मैरिज लॉन हुआ सील




**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को कानपुर रोड योजना में एक अवैध मैरिज लॉन को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन 2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह के अनुसार प्रीति तिवारी व अन्य द्वारा आशियाना में कानपुर रोड योजना के सेक्टर-के में प्लॉट नम्बर 1559 व 1560 पर लगभग 850 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से बनाया गया शहनाई मैरिज लॉन संचालित किया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये गये इस निर्माण कार्य के खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता राम सागर वर्मा व अवर अभियंता भरत पाण्डेय व विवेक कुमार पटेल द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इस मैरिज लॉन को सील कर दिया गया।

## ऊर्ज़ा मंत्री के निजीकरण के वक्तव्य से बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा आज विधानसभा में बिजली के निजीकरण के पक्ष में दिए गए वक्तव्य से बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। संघर्ष समिति ने कहा है कि विकसित भारत के लिए बिजली का निजीकरण नहीं अपितु सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली उद्योग को रखा जाना प्राथमिक आवश्यकता है, क्योंकि निजी क्षेत्र के लिए बिजली एक व्यापार है और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए बिजली एक सेवा है। आगरा में टोरेंट पॉवर कंपनी का प्रयोग इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्ज़ा मंत्री ने विधानसभा में स्वयं स्वीकार किया है कि निजी घरानों के साथ बहुत महंगी दरों पर बिजली खरीद के करार उप्र में बिजली की दुर्दशा का बहुत बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि बहुत महंगी दरों पर निजी घरानों से बिजली खरीदने के कारण पॉवर कारपोरेशन को लगातार घाटा उठाना पड़ रहा है। इसका उत्तरदायित्व सरकार और प्रबंधन का है, कर्मचारियों का नहीं। उन्होंने कहा कि निजीकरण के बाद भी 25-25 वर्ष के लिए किए गये लॉन्ग टर्म बिजली खरीद करारों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। स्वाभाविक है कि निजी कम्पनी महंगे बिजली खरीद करारों की भरपाई के लिए बिजली की दरें बढ़ाएगा। निजी क्षेत्र महंगी दरों पर बिजली खरीद कर सस्ते दाम पर उपभोक्ताओं को कभी नहीं देगा। आगरा इसका उदाहरण है। संघर्ष समिति ने कहा कि आगरा में टोरेंट कंपनी के विषय में ऊर्ज़ा मंत्री का दिया गया बयान अर्ध सत्य है। आगरा में टोरेंट पॉवर कंपनी लाइसेंसी नहीं है। यह अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फ्रेंचाइजी है। अतः पॉवर कारपोरेशन फ्रेंचाइजी को बिजली देता है और फ्रेंचाइजी उसी दर पर बिजली बेचती है जो लाइसेंसी(पॉवर कारपोरेशन)की विक्रय दर है। ऊर्ज़ा मंत्री को यह भी बताना चाहिए कि पॉवर कारपोरेशन 05.55 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद कर टोरेंट पावर कंपनी को 04.36 रुपए प्रति यूनिट पर बेचती है। इससे अकेले वर्ष 2023-24 में ही पॉवर कारपोरेशन को 275 करोड रुपए का घाटा हुआ है। दूसरी ओर 04.36 रुपए प्रति यूनिट पर पावर कारपोरेशन से बिजली लेकर टोरेंट पावर कंपनी ने आगरा में औसत 07.98 रुपए प्रति यूनिट पर बिजली बेंच कर वर्ष 2023-24 में 800 करोड रुपए का मुनाफा कमाया है। यदि निजीकरण न हुआ होता तो यह मुनाफा पावर कारपोरेशन को मिलता। इस तरह निजीकरण के इस प्रयोग से पॉवर कारपोरेशन को कुल 1000 करोड़ रुपए का घाटा मात्र एक साल हुआ है।

# नगर पंचायत कोरांव में सभासदों ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव प्रयागराज। नगर पंचायत कार्यालय कोरांव मे नगर पंचायत के सभासदों द्वारा नगर पंचायत में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत डिजीटल लाइब्रेरी एवं विवाह घर/गेस्ट हाउस के लिए 4 करोड़ 18 लाख स्वीकृत होने पर कोराँव के चेयरमैन ओमप्रकाश केशरी का माल्यार्पण कर बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। वरिष्ठ सभासद वृजेन्द्र तिवारी ने कहा की चेयरमैन साहब हमेशा नगर के विकास के लिए चिंतन करते रहते हैं और नगर पंचायत के विकास के लिए सतत रूप से प्रयासरत है। उनके कथनी और करनी में एकरुपता होती है नगर पंचायत की जनता मे जिस प्रकार से उनके ऊपर विश्वास दिखाया है वो जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नगर का चतुर्मुखी विकास कर रहे हैं सभासद राजकुमार केशरी ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी खुलने से नगर पंचायत ही नही बल्कि कोराँव क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षण के लिए एक एकीकृत स्थान मिलेगा। सभासदों द्वारा किये गये सम्मान से अभिभूत अध्यक्ष जी ने कहा की यह उपलब्धि हमारी नही बल्कि पूरे नगर पंचायत के एक एक नागरिकों की उपलब्धि है। इस सम्मान और माला की असली हक़्दार नगर पंचायत की जागरूक जनता है जिस प्रकार नगर पंचायत की जनता ने हमारे ऊपर विश्वास दिखा कर हमें यह जिम्मेदारी प्रदान की है यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है की हम जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासदगण मे संजय पाण्डेय (चुलबुल) सचिन केशरी, राजेश राय, सनवर अली, मुस्तफा गांधी,निशांत केशरी,धर्मराज पटेल , वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृष्ण केशरी सुमित पाण्डेय , कमलेश्वरी गोस्वामी , नागेंद्र मोर्या व नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# झूसी में धारदार हथियार से महिला की हत्या

❑ युवक युवती ने 500 रुपये में ली थी रात भर की शरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। झूसी में श्रद्धालु बनकर आए एक युवक ने युवती को अपनी पत्नी बताकर रात भर के लिए शरण ली और आधी रात को बाथरूम में ले जाकर धारदार हथियार से उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने युवती के शरीर पर कई जगह वार किए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। बुधवार सुबह जब मकान में रहने वाले लोगों ने खून से लथपथ युवती का शव देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर झूसी पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम की मदद से जांच शुरू की। 500 रुपये में ली थी रात भर की शरण झूसी पुलिस के अनुसार आजाद नगर केवटाना निवासी संजय बिंद को कॉलोनी के एक लड़के ने फोन कर बताया कि एक दंपती संगम स्नान के लिए आए हैं और उनके पास रात में रुकने की कोई जगह नहीं है। इसके बाद संजय ने 500 रुपये में अपने मकान में उन्हें रात भर ठहरने की इजाजत दे दी। हालांकि उस वक्त संजय घर पर नहीं थे। संजय के मकान में पुलिसकर्मी समेत कई अन्य लोग किराए पर रहते हैं। रात करीब 12 बजे तक कुछ लोगों ने उस युवक और युवती को मकान में देखा था, लेकिन इसके बाद सभी सो गए। सुबह जब लोग जागे तो बाथरूम में युवती की खून से लथपथ लाश पड़ी थी, जिसे देखकर सभी के होश उड़ गए। पुलिस लगी है आरोपी की पहचान करने में मकान मालिक सहित किसी को भी युवक-युवती के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी, न ही किसी ने उनकी पहचान से जुड़े कोई दस्तावेज देखे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है और आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है। पुलिस आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल रही है कि ताकि आरोपी युवक की पहचान हो सके। युवती के बारे में जांच चल रही है। आसपास के जिलों की पुलिस को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लैम्प लाइटिंग सेरेमनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया वार्षिकोत्सव ''अभिव्यक्ति-2025''

❑ मरीजों की सेवा करने व अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने की दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज का वार्षिकोत्सव लैम्प लाइटिंग सेरेमनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए। क्रियेटिव माइंड्स चेंज द वर्ल्ड थीम से सजे वार्षिक आयोजन अभिव्यक्ति-2025 में कॉलेज मैगजीन मेटामोरफॉसिस का विमोचन भी किया गया। लैंप लाइटिंग सेरेमनी में महाविद्यालय की प्राचार्य डा. शीला तिवारी ने बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम छात्र-छात्राओं को मरीजों की सेवा करने व अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने की शपथ दिलाई। वहीं मुख्य अतिथि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नर्सिंग पेशे को सम्मानित दर्ज़ा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली फलोरिंस नाइटिंगेल को याद किया। इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं लखनऊ उत्तर से विधायक डा. नीरज बोरा ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कॉलेज की चेयरपर्सन बिन्दू बोरा ने छात्र-छात्राओं को भावी जीवन में आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों से अवगत कराया। प्राचार्य डा. शीला तिवारी ने संस्थान की स्थापना से अब तक की प्रगति यात्रा पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य के साथ ही पाश्चात्य संगीत पर केन्द्रित मनभावन प्रस्तुतियां दीं। छत्रपति शिवाजी पर केन्द्रित नृत्य नाटिका खूब सराही गई। समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। फ़ेयरस्ट्रीट इंडिया की ओर से जर्मन भाषा का प्रशिक्षण लेने वाले उन नर्सों को प्रमाणपत्र दिया गया ।

# शिक्षा के बिना जीवन अधूरा: डॉ वाचस्पति

❑ शंकरगढ़ में एम.वी.कॉन्वेंट स्कूल एवं कॉलेज का विधायक ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बारा, प्रयागराज । शिक्षा के बिना इंसान का जीवन अधूरा है शिक्षा न सिर्फ हमारे जीवन को सही रास्ता दिखाती है बल्कि हमारे समाज को भी ऊंचाई प्रदान करती है। यह बातें बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने कही। बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति शंकरगढ़ के कनक नगर में नवनिर्मित एम वी कॉन्वेंट स्कूल एवं कॉलेज के भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि रोटी कपड़ा और मकान के साथ शिक्षा भी बहुत जरूरी है। इसलिए अभिभावकों से अपील है कि वह अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ें और उनकी रुचि के अनुरूप उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करें। कहा कि इस विद्यालय के खुलने से शिक्षा के लिए बाहर जा रहे छात्र- छात्राओं को कही जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके पूर्व डॉ मधु वाचस्पति और विधायक डॉ वाचस्पति ने फीता काट कर तीनों बेटियों के साथ विद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान कवियों ने अपनी कविताओं से लोगों का मन मोहा। लोगों ने तालियों से उत्साह वर्धन किया। उद्घाटन में पहला एडमिशन लेने पर विधायक डॉ वाचस्पति ने छात्रा भाविका सिंह को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जादूगर आदित्य रैना व छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यकर्मों के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एमवी कॉन्वेंट स्कूल एवं कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत अपनी प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे हिंदी साहित्य मे पद्मश्री से पुरस्कृत सुरेंद्र दुबे, डॉ शैलेश गौतम, चंदन राय, अमन, शबीना,सुरेश केसरवानी ओमशान्ति, प्रमोद बाबू झा आदि साथियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। एमवी कान्वेंट एंड सीएससी गौहनिया के छात्रों ने गणेश वंदना तथा शिक्षकों ने नृत्य को दिखाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।इस मौके पर डॉ विनोद त्रिपाठी,विधायक प्रतिनिधि श्यामू निषाद,मीडिया प्रभारी नीरज त्रिपाठी,जगत नारायण शुक्ला,अनूप केसरवानी,रोहित केसरवानी,रामजतन बंसल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## प्रेमी युगल होने और ऑनर किलिंग की आंशका

# इंदिरा नहर में युवती युवक के मिले शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट, बीबीडी । लखनऊ। बीबीडी थाना क्षेत्र के इंदिरा नहर स्थित रेगुलेटर के पास बुधवार को दो शव मिले। आंशका है कि प्रेमी युगल की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया गया है। परिस्थितिजन्य साक्ष्य भी हत्या और प्रेमी युगल होने की तरफ ही इशारा कर रहे हैं। मौके पर पहुंची बीबीडी पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर छानबीन की तो एक की पहचान बाराबंकी जिले के देवा निवासी 17 वर्षीय किशोरी के रूप में हुई, जबकि युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बीबीडी पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा कि मौत कैसे हुई है। बीबीडी पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। बुधवार को बीबीडी थाना क्षेत्र के इंदिरा नहर स्थित रेगुलेटर के पास दो लोगों के शव पड़े होने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फ़ैल गई। यह माजरा देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एक साथ युवती व युवक का शव देख स्थानीय लोग दोनों की हत्या किए जाने की आंशका जता रहे थे। पुलिस का कहना है कि इससे नकारा नहीं जा सकता, लिहाजा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी स्पष्ट हो सकेगा। वहीं पुलिस मामले की पड़ताल शुरू की एक शव की पहचान बाराबंकी जिले के देवा निवासी 17 वर्षीय किशोरी के रूप में हुई, जबकि युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**एक की पहचान दूसरे की नहीं पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

# लखनऊ ट्रैफिक व्यवस्था पर ई-रिक्शा का कब्जा, प्रशासन बेबस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पुराने लखनऊ के चौक, बालागंज और दुबग्गा छंदुइया चौराहे जैसे प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा की भरमार से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। इन इलाकों में अनियंत्रित रूप से बढ़ते ई-रिक्शा के कारण न सिर्फ आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। बल्कि ट्रैफिक पुलिस के लिए भी यह एक गंभीर चुनौती बन चुका है।

**ई-रिक्शा से बढ़ रही अव्यवस्था**

चौक, बालागंज और दुबग्गा छंदुइया जैसे इलाकों में हर सड़क और चौराहे पर ई-रिक्शा की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। अनधिकृत स्टैंड और अवैध रूप से संचालित हो रहे ई-रिक्शा से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। लखनऊ पुलिस लगातार ट्रैफिक सुधारने का प्रयास कर रही है, लेकिन नगर निगम और आरटीओ की लापरवाही के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है।



**नगर निगम और आरटीओ पर उठ रहे सवाल**

ट्रैफिक अव्यवस्था के लिए सिर्फ ई-रिक्शा चालक ही जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि नगर निगम और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (टड्ढ) की अनदेखी भी बड़ी वजह है। पुराने लखनऊ के इन इलाकों में बिना रजिस्ट्रेशन और अनुमति के हजारों वाहन बेखौफ दौड़ रहे हैं। लेकिन प्रशासन इन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा। जिससे अवैध वाहनों के संचालन को बढ़ावा मिल रहा है। प्रशासन की लापरवाही से बढ़ रही समस्या सूत्रों की मानें तो कई ई-रिक्शा और अन्य अवैध वाहनों के संचालन में प्रशासन की मिलीभगत के आरोप भी लग रहे हैं। यही वजह है कि इन पर सख्ती नहीं बरती जा रही, और वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो बढ़ेगी मुसीबत अगर समय रहते प्रशासन ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो पुराने लखनऊ की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। जरूरत है कि नगर निगम, आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस मिलकर अवैध वाहनों पर सख्ती से रोक लगाएं और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएं।

# सपा की पीडीए चौपाल में ग्रामीणों का जमावड़ा, सरकार पर कसा तंज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के हुलास खेड़ा में आयोजित पीडीए चौपाल में मुख्य अतिथि सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने सपा कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित किया। अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने चौपाल में भाजपा सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी का विरोध किया। साथ ही बाबा साहब के योगदान और उनके द्वारा दिए गए संविधान के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने सरकार द्वारा बढ़ाए गए टैक्सों की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार जनता, किसानों, महिलाओं और गरीब वर्ग की परेशानियों को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी से वोट की अपील की श्री पुष्कर ने बाबा साहब के विचारों को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार से हमारे समाज पर मनुवादियों द्वारा अत्याचार किया जाता था, जिसका विरोध बाबा साहब ने किया और संविधान के माध्यम से हमें हमारे अधिकार दिए। कार्यक्रम के आयोजक संत राम रावत, हुलास खेड़ा प्रधान प्रतिनिधि/जिला सचिव अभिषेक दीक्षित ने मुख्य अतिथि और पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस चौपाल में मोध रईस, उमेश यादव प्रधान, पूर्व जि.प.स. राजकिशोर रावत, सर्वेश यादव, दिनेश रावत, आशीष लोधी, पिंटू प्रजापति, श्याम लाल रावत, अर्चना रावत, हरीशंकर रावत, राम शंकर साहू, हरि प्रसाद साहू, राम फ़ेर धीमान, अशर्फी लाल धीमान, राम स्वरूप रावत, रामेश्वर रावत, दीपक पाल और सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।



# ओवरस्पीड फॉर्च्यूनर ने मचाया कहर, पांच गाड़ियों को मारी टक्कर

## अवैध कार बाजार बना दुर्घटनाओं का अड्डा, प्रशासन की लापरवाही उजागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज (लखनऊ)। कोतवाली क्षेत्र के भूहर चौकी के पास बुधवार शाम एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार (UP 32 HR 4422) अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सवार अली नेहान की लापरवाही के चलते पहले वाहन डिवाइडर से टकराया फिर सड़क किनारे खड़ी पांच गाड़ियों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोग मामूली रूप से घायल हुए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयानक था कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद भूहर चौकी प्रभारी शुभम त्यागी मौके पर पहुंचे और फॉर्च्यूनर कार सवार युवक को हिरासत में ले लिया। लेकिन घटना से आक्रोशित भीड़ चौकी पर पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा मामले में काफी देर के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सुला समझौता कर लिया।



**अवैध कार बाजार पर पुलिस प्रशासन की मेहरबानी**

स्थानीय निवासियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल के आसपास पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बुद्धेश्वर पुल से लेकर दुबग्गा कानपुर बाईपास चौराहे तक सड़क किनारे अवैध रूप से कार बाजार संचालित होता है। जहां बड़ी संख्या में वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं।

निवासियों का कहना है कि इन अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लेकिन प्रशासन कोई सख्त कार्रवाई नहीं करता। पुलिस और नगर निगम के अधिकारी अवैध कारोबारियों से सांठगांठ कर आंखें मूंदे बैठे हैं। जब भी कोई बड़ा हादसा होता है, तब कुछ दिनों के लिए कार्रवाई का दिखावा किया जाता है, फिर स्थिति जस की तस हो जाती है।

**प्रशासन की लापरवाही से जानलेवा बन चुकी हैं सड़कें**

यह कोई पहली घटना नहीं है जब प्रशासन की लापरवाही के चलते सड़क हादसा हुआ हो। इससे पहले भी स्थानीय लोग अवैध रूप से खड़े वाहनों की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेता।

एक स्थानीय व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुलिस को इन अवैध गाड़ियों को हटाने को कहा गया। लेकिन कार बाजार मालिक और पुलिस कि मिलीभगत के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। जब कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तब प्रशासन थोड़े समय के लिए सक्रिय होता है, लेकिन जल्द ही स्थिति पहले जैसी हो जाती है।

### एयरपोर्ट पर बैग में कारतूस बरामद

**सरोजिनी नगर,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर एक यात्री के बैग से सुरक्षा जांच में स्कैनिंग के दौरान अधिकारियों को एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में यात्री ने इस संबंध में जब कोई कागजात नहीं दिखाया तो अधिकारियों के द्वारा सरोजिनी नगर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया। जानकारी के अनुसार कुशीनगर जिले के निवासी कुंदन कुमार पुत्र संजय कुमार जूनियर ऑफिसर अडानी सिक्योरिटी ने बताया कि मंगलवार को सुरक्षा जांच के दौरान उनके सहकर्मी रजनीश कुमार ने जब यात्री संजय राम बच्चन कलवार पुत्र राम बच्चन कलवार निवासी 135 सीताबाई निवास 101/102 बदलापारा थाना खार वेस्ट मुंबई के बैग की स्कैनिंग की तो उसमें कारतूस जैसा प्रतिबिंब दिखाई दिया बाद में भौतिक जांच करने पर बैग से 7.62 एम एम का जिंदा कारतूस पाया गया और इसके संबंध में यात्री द्वारा कुछ भी नहीं बताया जा सका। इसके बाद यात्री को इंडिगो के कर्मचारी रिशु सिंह सीआईएसफ कर्मचारी लाल रावत फैला के साथ सरोजगार थाने भेज दिया गया जहां से यात्री के ऊपर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया।

### यातायात जागरूकता रैली का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिया पीजी कॉलेज और रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा एक यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवहन आयुक्त पुष्पेंद्र सत्त्यार्थी एवं रोड सेफ्टी क्लब की नोडल अधिकारी क्षमा रावत को डॉ. वहीद आलम और डॉ. नगीना बनो द्वारा एनएसएस बैज, शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोसाईंगंज क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पीड़ित ने बीते एक फरवरी को सरकस दिखाने वाले व्यक्ति मो0 फिरोज वरिसी उर्फ बादल निवासी संजय नगर तकरोही थाना इंद्रा नगर पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी तलाश की जा रही थी । आरोपी के गांव में बीते 17 फरवरी को लोकेशन मिली जहां पुलिस ने छापेमारी कर किशोरी को बरामद किया। लेकिन आरोपित भाग निकला। बुधवार की सुबह वह फिर गोसाईंगंज क्षेत्र में आया जिसकीं लोकेशन मिलते ही पुलिस के महुरा कला गंगाखेड़ा अंडर पास के निकट से गिराफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सरकस दिखाने का काम करता है।

### तालाब पाटकर कब्जा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोसाईगंज कस्बे की बेश कीमती जमीन पर दो लोगों ने रातो रात तालाब पाट कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया।जिसकी ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद उपजिलाधिकारी के निर्देश पर लेखपाल ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गोसाईगंज कस्बे के सदरपुर करोरा निवासी जबी अहमद व फरहान अली प्रापर्टी का काम करते है सोमवार की रात जबी और फरहान ने कस्बा स्थित बेशकीमती जमीन पर मिट्टी डाल कर अवैध कब्जा कर लिया।यही नहीं आरोपितों ने जमीन से सटे तालाब को भी पाट दिया।मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो अवैध कब्जे की शिकायत उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज से की।इसके बाद उपजिलाधिकारी ब्रजेश वर्मा के आदेश पर जॉच करने पहुंचे लेखपाल मदन मोहन ने जांच के दौरान शिकायत की पुष्टि होने पर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### बीच सड़क पर तालाब नगर निगम की लापरवाही से राहगीरों की जान को खतरा

**लखनऊ।** नगर निगम जोन-6 की लापरवाही के चलते फरीदीपुर मुख्य मार्ग जलभराव से बदहाल हो चुका है। यह सड़क अब राहगीरों के लिए मौत का जाल बन गई है। गड्ढों से भरी सड़क पर भरा गंदा पानी न केवल आवागमन में बाधा डाल रहा है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं को भी न्योता दे रहा है। हर दिन हो रहे हादसे, नगर निगम बेखबर स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम अधिकारियों से की गई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। हालात यह हैं कि सड़क पर भरे पानी की वजह से ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन पलटने की घटनाएं आम हो गई हैं। कई लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। नगर निगम के दावों की खुली पोल बाहर में जलभराव की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन नगर निगम हर बार इसे हल करने के सिर्फ दावे ही करता रहा है। सवाल यह उठता है कि जब नगर निगम करोड़ों का बजट सड़क और जल निकासी व्यवस्था पर खर्च करने का दावा करता है, तो फिर यह सड़क जलभराव से क्यों डूबी हुई है?

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने से प्रशस्त होता है मुक्ति का मार्ग: अरुण राय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के चिनहट क्षेत्र अंतर्गत संत कुटी पलटू दास आश्रम पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण व पंच कुंडीय मां पीतांबरा महायज्ञ के तीसरे दिन कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय पार्षद अरुण राय ने श्रीमद् भागवत कथा को जीवन के समस्त मार्ग को प्रशस्त करने वाला और जीवन को कठिन से सरल बनाने वाला मुक्ति मार्ग बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम? की आयोजक महंत संत पलटू दास कुटी आश्रम संत खुशबू दिनेशानंद जी का स्वागत पार्षद अरुण राय तथा मंडल अध्यक्ष भाजपा चिनहट कमल पांडे द्वारा अंग वस्त्र देकर किया गया। उन्होंने कथावाचक व्यास जी को अंग वस्त्र देकर उनका भी स्वागत किया। महंत खुशबू दिनेशानंद जी ने पार्षद अरुण राय तथा चिनहट मंडल अध्यक्ष कमल पांडे को भगवान शिव का मोमेंटो भेंट किया। इस अवसर पर स्थानीय वरिष्ठ जनों में अनिल जायसवाल शैलेंद्र गुप्ता टीटू विशाल अवस्थी आचार्य बृजराज शर्मा पंडित राधेश्याम तिवारी सूरज शुक्ला अजीत त्रिपाठी समेत सैकड़ो कथा श्रवण कर्ता श्रद्धालु आश्रम प्रांगण में उपस्थित रहे। संगीतमयी कथा ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया।

# महिला कबड्डी : लखनऊ मंडल ने सहारनपुर की टीम को दी मात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश स्तरीय ओपेन आमंत्रण महिला कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। 21 फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पहले दिन मंगलवार को तीन मैच खेले गये। के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम में चल रही इस प्रतियोगिता में 10 मंडलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

पहले दिन पहला मैच लखनऊ बनाम सहारनपुर के मध्य खेला गया। इसमें लखनऊ मंडल की टीम शुरू से ही हावी रही और 48-13 के अंतर से सहारनपुर मंडल को पराजित कर दिया। इसी तरह दूसरा मैच मेरठ मंडल बनाम वाराणसी मंडल के मध्य खेला गया। इसमें वाराणसी मंडल ने मेरठ मंडल को 36-13 के अंतर से पराजित कर दिया। तीसरे मैच में देवी पाटन मंडल ने सीतापुर मंडल को 27-24 के अंतर से पराजित किया। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में एस.एस मिश्रा, उपनिदेशक खेल, विधान परिषद सदस्य ने प्रदेश स्तरीय ओपेन कबड्डी सीनियर महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

## देश अपनी समृद्ध रसायन विज्ञान विरासत के कारण फार्मास्युटिकल नवाचारों का वैश्विक केंद्र बन चुका है : प्रो. बलराम भार्गव

# भारत को 2047 तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे ले जाने के लिए कार्य करें छात्र : डॉ एन कलैसेल्वी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सीएसआईआर केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान में औषधि खोज अनुसंधान में वर्तमान प्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के 9वें संस्करण का उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रो. बलराम भार्गव ने भारत की औषधि अनुसंधान क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि यह देश अपनी समृद्ध रसायन विज्ञान विरासत के कारण फार्मास्युटिकल नवाचारों का वैश्विक केंद्र बन चुका है। भारत ने लगातार उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती दवाओं के निर्माण की अपनी क्षमता को सिद्ध किया है, जिससे विश्वभर में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समावेश ड्रग डिस्कवरी में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है, जिससे अनुसंधान की गति तेज होगी और लागत भी कम होगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर जोर देकर कहा कि कार्यक्रम कि इस प्रकार के सम्मेलन शोधकर्ताओं, उद्योगपति एवं युवा वैज्ञानिकों को सहयोग के नए अवसर प्रदान करते हैं, जिससे फार्मास्यूटिकल्स और हेल्थकेयर में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान की कोई सीमाएँ नहीं होतीं, जिससे यह कार्यक्रम वैश्विक सहयोग का एक द्वार का काम करेगा। उन्होंने अनुसंधान एवं विकास में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही छात्रों से आह्वान किया कि वे इन चर्चाओं से प्रेरणा लें और भारत को 2047 तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे ले जाने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में, अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय के प्रो. कोर्टनी सी. एल्ड्रिच ने ऑनलाइन प्रस्तुति दी। उन्होंने नए एंटीमाइक्रोबियल एजेंटों के विकास के लिए कोफैक्टर बायोसिंथेसिस को लक्षित करने के नवीन दृष्टिकोणों पर चर्चा की। उन्होंने दो ऐसे जटिल लक्ष्यों (टार्गेट्स) के खिलाफ एंटी-ट्यूबरकुलर एजेंट विकसित करने के प्रयास साझा किए, जिनके लिए अभी तक प्रभावी छोटे अणु उपलब्ध नहीं हैं। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय, अमेरिका के प्रोफ़ेसर एवं द फ्रैंक ए. डकवर्थ एमिनेंट स्कॉलर चेयर प्रो. क्रिस्टोफर रॉबर्ट मैककर्डी ने उद्घाटन भाषण दिया। उनका व्याख्यान दर्द को समझनाः प्रयोगशाला से क्लिनिक तक, एक औषधीय रसायनज्ञ की यात्रा'' विषय पर आधारित था। उन्होंने दर्द के प्रसंस्करण में सिग्मा-1 रिसेप्टर्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने एफटीसी 146 अणु की खोज एवं विकास की यात्रा साझा की, जो सिग्मा-1 रिसेप्टर्स के लिए एक चयनात्मक लिगैंड के रूप में कार्य करता है। निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित सभी का स्वागत किया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण औषधि खोज सम्मेलन के बारे में जानकारी दी और प्रतिभागियों को यह बताया कि वे इस अवसर का उपयोग कैसे सीखने, नेटवर्किंग करने एवं अपने अनुसंधान कौशल को उन्नत करने के लिए कर सकते हैं।



# जंगल के राजा का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

❒ बाघ के भय से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, और लोग शाम होते ही घरों में कैद होने को मजबूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिले में जंगल के राजा (बाघ) का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ दिनों से यह खूंखार शिकारी नदियों के कछारों में अपना बसेरा बनाए हुए है और लगातार कई ब्लॉकों में मवेशियों को निशाना बना रहा है। बाघ के भय से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, और लोग शाम होते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। लगातार मवेशियों पर हमला मिली जानकारी के अनुसार, बाघ ने अब तक कई गांवों में बकरियों और गायों पर हमला कर उन्हें अपना शिकार बना लिया है। खासकर कमलापुर रेउसा, मछरेहटा, महोली और सदरपुर ब्लॉक में इसके हमले की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय बाघ अक्सर खेतों और गांवों के किनारे आ जाता है, जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की लापरवाही से बढ़ी परेशानी ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को सूचना दी, लेकिन अब तक बाघ को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वन विभाग की टीम कभी-कभी इलाके का निरीक्षण कर लौट जाती है, लेकिन कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई जा रही है। इस लापरवाही के कारण ग्रामीणों को खुद ही सतर्क रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांगी सुरक्षा गांववालों ने प्रशासन से बाघ को पकड़ने और इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। यदि जल्द ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थिति और भयावह हो सकती है। फिलहाल, लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं और रात में घरों से बाहर निकलने से भी बच रहे हैं।

# एसडीएम मनीष कुमार ने फीता काटकर अधिवक्ता चेंबर का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवा सीतापुर । बिसवां तहसील के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं सौम्य पत्रकार संतोष कठेरिया के अधिवक्ता चैम्बर का न्यायप्रिय उपजिलाधिकारी बिसवा मनीष कुमार ने फीता काटकर उद्धघाटन किया। उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को इसी तरह अपने अपने चैम्बर खोलने चाहिए क्योंकि अधिवक्ता अपने चैम्बर में बैठकर एकाग्रचित होकर अपने मुकदमों की तैयारी कर सकते हैं,कानूनी किताबें पढ़ सकते,साथ ही अपने मुवक्किलों के साथ तहसील के शोरगुल से हटकर एकांत में दावे आदि ड्राफ्ट कर सकते हैं। उप जिलाधिकारी मनीष कुमार को बिसवा बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया, सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी ने अंग वस्त्र शाल व कलम भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। बताते चलें सन्तोष कठेरिया के पास काफी मुकदमे है, इसी वजह से बिसवां तहसील के प्रतिष्ठित वकीलों में इनकी गिनती होती है,और संतोष कठेरिया ने यह सब कुछ अपनी मेहनत,लगन और परिश्रम से अर्जित किया है। बिसवां में काफी वकीलों के चैम्बर पहले से हैं लेकिन अगर खूबसूरती,भव्यता और सुविधाओं की बात की जाए तो बिसवां तहसील में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों में सबसे बड़ा और आकर्षक चैम्बर संतोष कठेरिया का ही कहा जाएगा। उद्धघाटन समारोह के अवसर पर बिसवां बार एसोसिएशन और बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ सिंह,कमलेंद्र कुमार बाजपेई व सचिव नीरज श्रीवास्तव व सत्य प्रकाश सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश नारायण गुप्ता,पूर्व सपा जिलाध्यक्ष,पत्रकार व अधिवक्ता शमीम कौसर सिद्दीकी,एडवोकेट राजेश सिंह,दिनेश कुमार श्रीवास्तव,अशोक वर्मा, राज किशोर यादव,नईम अंसारी,रजनीश मिश्रा, इंतिखाब आलम सिद्दीकी,प्रमोद यादव, अनमोल मौर्या,राजेश वर्मा, जितेंद्र मिश्रा,पुत्ती लाल वर्मा, माननीय उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ से आए अधिवक्ता मोहित सिंह,अमन वर्मा,वीरेंद्र कुमार शर्मा,पूर्व सभासद विवेक पांडेय सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण व गणमान्य नागरिक गण मौजूद रहे। अधिकारी गणों,अधिवक्ता गणों ने एडवोकेट संतोष कठेरिया को अधिवक्ता चैंबर की बहुत बहुत बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। अधिवक्ता चेंबर उद्घाटन के पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भक्तमई भजनों,आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क फैक्टर्स को समझना ज्यादा जरूरी : डॉ. सुनीता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में 'मैनेजमेंट ऑफ ब्रेस्ट कैंसर : अर्ली डायग्नोसिस एंड ट्रीटमेंट' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता ऑक्सफोर्ड एंड सेंट पीटर्स हॉस्पिटल यूनाइटेड किंगडम (यूके) की विशेषज्ञ डॉ. सुनीता श्रोत्रिय (ऑन्कोलॉजिस्ट ब्रेस्ट सर्जन) ने ब्रेस्ट कैंसर के कारणों, लक्षणों, जांच प्रक्रियाओं और उपचार के विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. सुनीता ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं को प्रभावित करने वाला सबसे आम कैंसर है। सबसे जरूरी इसके लक्षणों और इसके रिस्क फैक्टर्स को समझने की जरूरत है। यदि समय रहते इसका पता चल जाए तो कुशल प्रबंधन और निदान से सर्जरी की आवश्यकता से रोका जा सकता है। हालांकि, सर्जरी की जरूरत हो भी तो आज के दौर में ऐसी पद्धतियां उपलब्ध हैं जिनसे मरीज के जीवन में जोखिम कम से कम आता है। उन्होंने ब्रेस्ट कैंसर की सर्जरी में हुए और हो रहे निरंतर शोध और अनुसंधान की भी विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सुनीता ने कहा कि इस लिहाज से स्कारलेस ब्रेस्ट सर्जरी एक नए युग की शुरुआत है। इसमें त्वचा पर निशान नहीं पड़ता और मरीज को असुविधा कम होती। डॉ. सुनीता ने यह निष्कर्ष भी निकाला कि रोगियों के साथ व्यक्तिगत सम्बंध उनके उपचार परिणामों पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। व्याख्यान के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन आयुर्वेद संकाय के रोग निदान एवं विकृति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपीकृष्ण ने किया। व्याख्यान सत्र में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह सहित आयुर्वेद, फार्मेसी, नर्सिंग आदि संकाय के प्रमुख, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## काशी तमिल संगमम में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विजेता छात्र हुए पुरस्कृत

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के पांचवें दिन बुधवार को नमोघाट पर ऋषि अगस्त्य एवं विकसित भारत विषय पर आधारित प्रदर्शनी में शहर के छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की। चित्र प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित पोस्टर पेंटिंग, कहानी लेखन और प्रश्नोत्तरी में शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों, टूजीडी एयर ट्रुप एनसीसी, राजकीय क्वीन्स इण्टर कॉलेज के कैडेट्स के साथ दर्शकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में लगे प्रदर्शनी में छात्रों को वाराणसी और तमिलनाडु की सांस्कृतिक विरासत की जानकारी भी दी गई। चित्र प्रदर्शनी में भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। पांचवे दिन प्रतियोगिता का संचालन सीबीसी के सहायक निदेशक, डॉ. लालजी ने किया।

## भाजपा विधायक रितेश गुप्ता ने समाज कल्याण मंत्री से पासी को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद नगर विधानसभा से भाजपा विधायक रितेश गुप्ता ने बुधवार को लखनऊ में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर पत्र सौंपा। जिसमें नगर विधायक ने पसिया व पासी को अनुसूचित जाति मानते हुए अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रभावी आदेश पारित करने की मांग की। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने समाज कल्याण मंत्री को दिए पत्र में बताया कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर मीडिया प्रभारी दीपचंद पासी द्वारा दिए गए पत्र के अनुसार जनपद मुरादाबाद में पासी अनुसूचित जाति समुदाय के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं, जो अनुसूचित जाति के अंतर्गत आते हैं। इनके जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाते हैं।? जबकि लखनऊ से अनुसूचित जाति के शासन आदेश संख्या 97/2021/ 1998/26/03/2021 दिनांक 06 अगस्त 2021 के रविंद्र नायक प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश से मंडलायुक्त, जिला अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी को आदेश पारित किए गए थे। जिसमें समस्त अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन के आदेश को मानते हुए क्रम संख्या 14 पर पासी अनुसूचित जाति पूरे प्रदेश में शासनादेश जारी हुआ था लेकिन जनपद में पासी समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाते हैं। जिससे पासी समाज के लोग काफी परेशान हैं। नगर विधायक ने आगे बताया कि कुछ तहसीलों के तहसीलदार व लेखपाल पूर्ण रूप से पासी समाज के लोगों द्वारा किए गए आवेदन को पसिया जाति बताकर निरस्त कर देते हैं, जबकि पसिया एवं पासी एक ही जाति है।

## टाटा सूमो की टक्कर से मैक्स चालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लहुरियादह गांव में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मध्यप्रदेश निवासी मैक्स वाहन चालक रामलाल प्रजापति की मौत हो गई। रामलाल कुंभ स्नान कर श्रद्धालुओं को लेकर घर लौट रहा था, तभी टायर पंचर होने के कारण रुका और पीछे से आ रही तेज रफ्तार टाटा सूमो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद सूमो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हनुमना थाना क्षेत्र के बरौंही गांव निवासी रामलाल प्रजापति श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज गया था। बुधवार दोपहर जब वह श्रद्धालुओं को लेकर वापस लौट रहा था, तभी ड्रमंडगंज क्षेत्र के लहुरियादह प्राथमिक विद्यालय के पास उसकी गाड़ी का पिछला टायर पंचर हो गया।

# जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का किया गया आयोजन

❒ शिकायतों को अध्यक्ष महोदय द्वारा सुना गया व संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार सीतापुर मे किया गया। कार्यक्रम मे कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी गणों के साथ ही विभिन्न विकास खण्डों के किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी सीतापुर द्वारा उपस्थित समस्त किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी सीतापुर के द्वारा बैठक मे उपस्थित कृषको को वर्तमान समय मे फसलों मे लगने वाले रोग/कीट से फसलों को बचाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये। भूमि संरक्षण अधिकारी सीतापुर ने कृषक भाईयों को गत माह के किसान दिवस मे प्राप्त शिकायतों की निस्तारण आख्या को पढ़कर सुनाया। गत माह मे प्राप्त 10 शिकायतों के सापेक्ष 08 शिकायतों का निस्तारण हो पाया। आज की बैठक में कृषकों द्वारा अधिकतर शिकायतों विघुत विभाग/नहर विभाग/सिंचाई विभाग/विकास खण्ड स्तर से संबंधित शिकायतों की गयी। उक्त आज प्राप्त शिकायतों को अध्यक्ष महोदय द्वारा सुना गया व संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

# विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

❒ सफल विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह, मेडल समेत शिक्षण कीट वितरित करते हुए सम्मानित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर। लहरपुर नगर के परागशाह चौराहा स्थित लहरपुर विद्यापीठ में विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण पत्र बुधवार को समाजसेवी हरीश रस्तोगी संस्था प्रबंधक डॉक्टर आशुतोष शुक्ला के द्वारा सफल विद्यार्थियों में प्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह, मेडल समेत शिक्षण कीट वितरित करते हुए सम्मानित किया । अक्टूबर माह में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तहसील स्तर पर कक्षा 6 के छात्र भरत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । द्वितीय स्थान कक्षा 8 के छात्र विक्की जोशी व निष्ठा जोशी कक्षा 5 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । वहीं लहरपुर विद्या पीठ के कक्षा 8 के छात्र विवेक ने प्रथम, अनामिका कश्यप कक्षा 7 ने द्वितीय, रुद्र द्विवेदी कक्षा 6 ने तृतीय व आंशिक द्विवेदी कक्षा 5 ने अपने विद्यालय में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया । संस्था प्रबंधक डॉक्टर आशुतोष शुक्ला ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रति वर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कराता है । इस वर्ष तहसील क्षेत्र में आयोजित हुए परीक्षा में हमारे विद्यालय के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था । जिसमें से 3 बच्चों ने तहसील स्तर पर अपना स्थान प्राप्त किया है । वहीं 4 बच्चों ने विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी हरीश रस्तोगी (गोलू भैया) ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं से बच्चों का उत्साह बढ़ता है भविष्य में आने वाले बड़े पड़ाव की तैयारी में इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं सहायक सिद्ध होती हैं विद्यालय परिवार व सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रम को हसीन अंसारी, मो0 हाशिम अंसारी, प्रधानाचार्य राघवेंद्र मिश्रा, शहनिदा खान आदि ने संबोधित किया ।

# राष्ट्र एवं सनातन के गौरव हैं छत्रपति शिवाजी महाराज :राम प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलियाकला-खीरी। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कलां खीरी के वंदना सत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माधव राव सदाशिव गोलवलकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रताप सिंह एवं उप प्रधानाचार्य सुनीत मिश्रा ने माँ सरस्वती एवं परम पूजनीय डॉ. गोलवलकर जी के चित्र के समक्ष चंदन-वंदन एवं पुष्पार्पित कर भैया /बहनों के साथ माँ सरस्वती की वंदना की उप प्रधानाचार्य सुनीत मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि शिवाजी महाराज एक महान मराठा योद्धा रहे हैं जिनका जन्म 19 फरवरी, 1630 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के शिवनेरी किले में हुआ था। उनके पिता शाहजी भोंसले, माँ जीजाबाई और इनके पुत्र संभाजी भोंसले थे। उन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और पश्चिमी घाटों में मुगल साम्राज्य के खिलाफ युद्ध लड़े। इसके पश्चात उन्हों ने माधव सदाशिव गोलवरकर के बारे में बताया कि माधव सदाशिव गोलवरकर को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में पूजनीय गुरुजी के नाम से जाना जाता है। डॉक्टर हेडगेवार ने उत्तराधिकारी के बतौर चुना था गोलवलकर 33 साल 1940 से 1973 तक संघ के सरसंघचालक रहे गोलवरकर ने संघ कि सैद्धांतिक सोच को शाखाओ की मदद से मोहल्लों तक पहुंचा वह राजनैतिक को संघ के मतहत ही रखना चाहते थे उन्होंने विद्यार्थी परिषद एवं हिंदू परिषद की मदद से संघ की सोच को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने दो किताबें बंच ऑफ थॉट और अवर नेशनहुड डिफान लिखी विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह ने छत्रपति शिवाजी को राष्ट्र एवं सनातन का गौरव बतलाते हुए बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज ने कहा था कि जब हौसले बुलंद होते हैं, तो पहाड़ भी मिट्टी का ढेर लगता है शिवाजी महाराज ने कहा था कि अगर अपनी देश की आज़ादी और अपने स्वाभिमान को बनाए रखना है, तो उनके जैसे व्यक्तित्व प्रतीक हैं और हमेशा जीवित रहते हैं कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

# मदारपुर से गुलरिया जर्जर मार्ग को बनाए जाने के लिए विधान परिषद में पवन सिंह चौहान ने रखी बात

❒ सदस्य विधानपरिषद ने सदन की कार्यवाही में मांग की तत्काल इस मार्ग का नवीनीकरण हो जिस से क्षेत्र वासियों को लाभ मिल सके और होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । विधान परिषद की कार्यवाही में सीतापुर से विधान परिषद के सदस्य पवन सिंह ने आज विधानसभा बिसवां में आने वाले संपर्क मार्ग जो की मदारपुर से गुलरिया के लगभग डेढ़ किलोमीटर मार्ग के बारे में बताते हुए कहा कि काफी समय से इस मार्ग पर आए दिन। दुर्घटनाएं होती रहती है जिसका कारण मार्ग का संकरा और जर्जर होना है ।सदस्य विधानपरिषद ने सदन की कार्यवाही में मांग की तत्काल इस मार्ग का नवीनीकरण हो जिस से क्षेत्र वासियों को लाभ मिल सके और होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। सदस्य विधान परिषद पवन सिंह की इस मांग से क्षेत्र वासियों में काफी हर्ष है लोगों का कहना है कि ये मार्ग काफी समय से खराब है लेकिन कभी किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया अब जल्द ही अगर इस मार्ग पर कार्य शुरू होकर चौड़ा और सही होता है तो ये हम सभी के लिए खुशी की बात है ।

# जूना अखाड़े के नागा संतों की निकलेगी पेशवाई, डीएम संतों से मिले

एजेंसी

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर्व पर हनुमानघाट स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े से निकलने वाली नागा संतों की पेशवाई(शोभायात्रा) की प्रशासनिक तैयारी चल रही है। बुधवार अपरान्ह में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने हनुमानघाट स्थित कांचीकामकोटि मठ में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी महाराज से मुलाकात की। इस दौरान जिलाधिकारी ने श्री महंत से पेशवाई में भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विमर्श किया। जूना अखाड़ा के रमतापंच के साथ नागा संतों की शोभायात्रा में संख्या आदि की भी जानकारी ली। संतों से विमर्श के बाद जिलाधिकारी ने एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा को हनुमानघाट पर नाव की व्यवस्था,अस्थाई मोबाइल टायलेट और टेंट की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कमच्छा बैजनत्था स्थित जपेश्वर मठ और आसपास साफ–सफाई, शामियाने और कुर्सियों की व्यवस्था के लिए अपर नगर आयुक्त को दिशा निर्देश दिया। पेशवाई के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर डीसीपी यातायात राजेश पांडेय को खास तौर पर हिदायत दी। इस दौरान श्री महंत ने जिलाधिकारी और एडीएम सिटी को अंगवस्त्र पहना कर आर्शीवाद दिया। अफसरों के अनुसार नागा संतों की शोभायात्रा सुबह आठ बजे से शुरू होगी। शोभायात्रा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर तक जाएगी। इसके बाद पूर्वाह दस बजे तक वापस हनुमानघाट लौट आएगी।

# कोर्ट के आदेश पर कानूनगो, लेखपाल सहित छह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। थाना भीरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पलिया तहसील के परगना भूड़ के राजस्व कानूनगो, लेखपाल समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट, धोखाधड़ी और अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भूमि कब्जाने की कोशिश, विरोध करने पर धमकी पलिया नगर के मोहल्ला काकूपुरियान निवासी अनुज मिश्रा की पत्नी ज्योति मिश्रा ने बताया कि उनकी भूमि ग्राम शाहपुर परगना भूड़ तहसील पलिया में स्थित है, जो राजस्व अभिलेखों में उनके नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है।जानकारी मुताबिक घटना 12 सितंबर 2024 की शाम करीब 4 बजे की है। आरोप है कि गांव टॉपर पुरवा मजरा बिजौरिया निवासी अनिल कुमार यादव, सुधीर कुमार और सुनील यादव ने उनकी जमीन में लगे पिलर तोड़कर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई। जब पीड़िता मौके पर पहुंचीं और विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही पड़ोसी खेत मालिक रामप्रसाद की जमीन अपने नाम करा ली है और अब उनकी (ज्योति मिश्रा की) जमीन पर भी कब्जा करेंगे। अगर उन्होंने ज्यादा विरोध किया, तो उन्हें और उनके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। पीड़िता ने थाना भीरा पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने का आरोप आरोप है कि आरोपियों ने पड़ोसी किसान रामप्रसाद के साथ मिलकर जालसाजी की और सम्बंधित फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए। क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो को अपने पाले में मिलाकर रामप्रसाद को मृत घोषित कर उसकी भूमि अपने नाम दर्ज करा लिया। हैरत की बात है कि रामप्रसाद आज भी जिन्दा है और नयापुरवा मजरा खालेपुरवा थाना मझगई में रहते है। इस जालसाजी में रामप्रसाद भी शामिल है, क्योंकि उसने बैंक से इस भूमि पर 9,75,000 रुपये का ऋण ले रखा है। बैंक के कर्ज से बचने के लिए धोखाधड़ी की गई। कोर्ट के आदेश पर छह आरोपियों पर एफआईआर भीरा प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश पर रामप्रसाद, अनिल कुमार यादव, सुधीर कुमार, सुनील कुमार यादव, शाहपुर के तत्कालीन लेखपाल रामचंद्र राना (निवासी थारूपुरवा कृष्णानगर, थाना पलिया और परगना भूड़ के तत्कालीन राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज ।

# महिला पर छींटाकशी करने वाले चार मनचले गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलियाकला-खीरी। 18 फरवरी को निघासन रोड के मझगईं से अपने पति के साथ पहिया की ओर आ रही महिला की घेराबंदी करते हुए उसके साथ छीटाकशी करने वाले बाइक सवार चार मनचलों को पीड़ित महिला की तहरीर पर छीटाकशी व धमकी दिये जाने पर के मामले में दर्ज मु0 अ0 सं0 58/25 धारा 296/351(2) बीएनएस के तहत अपराध अपराध में आरोपियों द्वारा इस्तेमाल वाहन संख्या ठघ 31 एक्र 9553 को अन्तर्गत धारा 207 एम0वी0एक्ट में सीज किया गया। आरोपी प्रदीप कुमार पुत्र बेचेलाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी बजाही थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी, दीपक कुमार पुत्र धुम्मन उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम सिकलपुरवा थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी, राहुल पुत्र हरिलाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम सिकलपुरवा थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी, रामकुमार पुत्र डाक्टर श्री उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम सिकलपुरखा थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी निवासी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।

# संग्रहालय विज्ञान के विविध आयाम गोष्ठी में जुटेंगे देशभर से विशेषज्ञ

एजेंसी

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय कला संकाय के संग्रहालय विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित होने वाले संग्रहालय विज्ञान के विविध आयाम : यथार्थ, संभावनाएं एवं चुनौतियां '' विषयक गोष्ठी में देशभर के विशेषज्ञ जुटेंगे। गोष्ठी परिसर स्थित वैदिक विज्ञान केंद्र में 21 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. उषारानी तिवारी के अनुसार संगोष्ठी कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ व्याख्यान के साथ पैनल चर्चा में शामिल होंगे। प्रोफ़ेसर उषा के अनुसार इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्वानों, संग्रहालय विज्ञान विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं छात्रों को एक मंच पर एकत्रित कर समकालीन परिदृश्य में संग्रहालय एवं संग्रहालय विज्ञान की उभरती हुई भूमिका पर सार्थक चर्चा है। संगोष्ठी का उद्घाटन एवं अध्यक्षता प्रबंध शास्त्र संस्थान, बीएचयू के निदेशक डॉ. आशीष बाजपेई करेंगे। इसमें उप-कुलपति एवं विभागाध्यक्ष संग्रहालय विज्ञान विभाग, भारतीय विरासत संस्थान नोएडा प्रोफ़ेसर मानवी सेठ बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी। गोष्ठी में डॉ. शेफालिका अवस्थी ( संग्रहाध्यक्ष, जूनागढ़ संग्रहालय), डॉ0 आर. गणेशन, डॉ. विधि नागर (विभागाध्यक्ष, नृत्य विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय बीएचयू ) आदि भी व्याख्यान देंगे।


उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/ फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे.। |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | Parking-LKO- AME-TW-4-24-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.03.2025 समय 10:00 बजे। |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.03.2025 समय 10:30 बजे। |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: | E-Auction Module of www.ireps.gov.in. |

554/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कार के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **17.03.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 01802025 दिनांक 19.02.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | | 36/Sr.DEN-I/LKO/2024-25, 37/Sr.DEN-I/LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | | 1. वरि0 मण्डल इंजीनियर/प्रथम/ और वरि0 मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के तहत ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुबारिकेटर (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) के साथ डुअल ग्रीस एप्लिकेटर/वाइपर बार –29 नंबर का प्रावधान। **(दोहरी पैकेट प्रणाली)** |
| | | | 2. लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग/लखनऊ के खण्ड में चारबाग और बंदरिया बाग कॉलोनी में (229KL + 85 KL क्षमता) के जंग लगे और घिसे–पिटे पीएस ओवर हेड टैंकों के बदले तीन अदद आरसीसी ओवर हेड टैंक (प्रत्येक 225 केएल क्षमता) का प्रावधान जिसमें चारबाग के अनुपयोगी अंडर ग्राउंड टैंक (190 केएल क्षमता) के साथ सहायक कार्य (प्लंबिंग पाइप और बोर और पंप के साथ पंप हाउस आदि) शामिल हैं। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 3,84,19,200.00 |
| | | 2. | Rs. 2,84,41,666.40 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. | Rs. 3,42,100.00 |
| | | 2. | Rs. 2,92,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र0 सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से साठ माह। |
| | | क्र0 सं0 02 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | | 03.03.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 17.03.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 561/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीईओ की जांच में कसया क्षेत्र के निजी विद्यालयों में मिली कमियां

❒ कहीं अग्निशमन यंत्र नहीं तो कहीं विद्यार्थियों की अपार आईडी ही नहीं बनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/ कुशीनगर। कसया विकासखंड के खण्ड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने बुधवार को क्षेत्र के आधा दर्जन विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया।इस दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाए जाने एवं सुरक्षा संबंधी कमियों को लेकर विद्यालयों को नोटिस देकर जवाब भी मांगा है।सुधार नहीं होने पर विद्यालयों की मान्यता को लेकर प्रत्याहरण की कार्यवाही की जाएगी। प्रातः साढ़े नौ बजे क्षेत्र के सर्वोदय विद्यालय पोखरभिण्डा पहुंचे बीईओ को अपार आईडी प्रगति बेहद कम थी।यहां प्रधानाचार्य प्रेमलता सिंह को नोटिस देकर तीन दिनों में स्थिति स्पष्ट करने को कहा। सायकिल से आने वाले छात्र छात्राओं को विशेष रूप से सड़क के नियम की जानकारी प्रार्थना सभा में देते रहने की बात कही। दस बजे एमडी इंटर कालेज सपहा पहुंचे बीईओ को यहां अपार आईडी के कार्य में शिथिलता पाई गई साथ ही प्रधानाचार्य अभय प्रताप सिंह द्वारा अग्निशमन यंत्र नहीं होने की बात कही गई।विद्यालय के सामने सड़क पर मछली बाजार के दुर्गंध को लेकर कदम उठाने को कहा। धर्मोदय विद्यालय सपहा रोड मदनपुर में अग्निशमन यंत्र एक्सपायर देखकर काफी नाराज हुए बीईओ द्वारा अविलंब दुरुस्त करने के लिए कदम उठाने को कहा। पैराडाइज़ स्कूल मल्लूडीह में अग्निशमन यंत्र लगा ही नहीं था।शौचालय की स्थिति भी ठीक नहीं देखकर नोटिस देकर शीघ्र सुधार करने की बात कही गई। इसी प्रकार नवल एकेडमी नरकटिया बुजुग तथा ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बरवा जंगल पूरब टोला टोला में भी भौतिक कमियों के साथ बच्चों के अपार आईडी बनाए जाने को लेकर शिथिलता पाई गई। दोनों विद्यालयों से भी जवाब मांगा गया। इस संबंध में बीईओ कसया विजयपाल नारायण त्रिपाठी नें बताया कि विद्यालयो की निरन्तर जांच किए जाने का निर्देश शासन द्वारा प्राप्त है। अपार आइडी पर खराब प्रगति वाले विद्यालय विभाग एवं शासन के निगाह में हैं। कहीं न कहीं अनियमितता होने की आशंका जिसके कारण यह विद्यालय सरकार के महत्वपूर्ण योजना में बेमन का कार्य कर रहे हैं।विद्यालय निर्धारित समय में संतोषजनक प्रतिउत्तर नहीं देते हैं तो उनके मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही की जाएगी।

# जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्यामसुंदर इकनोरिया का सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते वीडियो वायरल

❒ पहले भी सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने का फोटो आ चुका है सामने

❒ दुष्कर्म के आरोपी इकनोरिया की कारगुजारी के किस्से

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । जनपद के पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्यामसुंदर इकनोरिया अपने कारगुजारियों को लेकर एक बार फिर चर्चा मे है। दुष्कर्म के आरोपी इकनोरिया का शौक कहिए या फिर आदतन मजबूरी कि वह कार्य दिवस के दिन ड्यूटी टाइम मे आफिस और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए देखे जाते है। इकनोरिया के इस कृत्य का बकायदे वीडियो सामने आया है जिसमे वह जिला मुख्यालय पर स्थित टिनशेड वाले दुकान मे बैठकर खुलेआम जाम छलका रहे है।बतादे कि कुशीनगर जनपद में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत श्यामसुंदर इकनोरिया की कारगुजारी कि फ़ेहरिस्त कम नही है। पहली दफा यह चर्चा मे तब आये जब इनके उपर अमरोहा में एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस दौरान न्यायालय ने श्यामसुंदर इकनोरिया के खिलाफ गैर जमानती वारन्ट जारी किया था। उस समय इकनोरिया कुशीनगर मे जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। यही से बीते वर्ष 26 जनवरी 2024 को पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस दौरान वह निलंबित थे। तकरीबन पन्द्रह दिनो तक सलाखों के पीछे रहने के बाद अपने उच्चाधिकारियों के पास जुगाड़ लगाकर इकनोरिया ने पुनः कुशीनगर मे जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी का कार्यभार संभाल लिया, जबकि जानकारों का कहना कि किसी भी अधिकारी की गिरफ्तारी के बाद स्वतः निलंबन की प्रक्रिया है इसके बाद उसकी बहाली अन्य जनपद अथवा मुख्यालय से संबद्ध किये जाने का प्रावधान है।

## चर्चा है कि साहब आफिस मे बैठकर पीते है दारु

पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्यामसुंदर इकनोरिया का सार्वजनिक स्थान पर जाम छलकाने का यह पहला मामला नही है इसके पहले भी सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने का उनका फोटो सामने आ चुका है। सूत्रों की माने तो साहब जब दारू के मूड में होते है तो आफिस से टहलते हुए जिला मुख्यालय स्थित शराब की दूकान पर पहुच जाते है और अपने हाथो से दारु की बोतल खरीद कर लाते है। इनके बारे मे चर्चा-ए-सरेआम है कि यह आफिस में भी बैठकर बेखौफ दारू पीते है। बीते बुधवार को जब मीडिया को इसकी भनक लगी तो मीडिया के लोग विकास भवन के तीसरे मंजिल पर स्थित पिछड़ा वर्ग कल्याण आफिस में पहुचे जहां जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्यामसुंदर इकनोरिया का कक्ष अन्दर से बंद था। मीडिया के लोगो ने जब इकनोरिया के कक्ष के दरवाजे पर दस्तक दिया तो वहा मौजूद कर्मचारी ने यह कहकर रोक दिया कि साहब नही है जब कि फाटक बंद साहब के कक्ष से लोगो की आवाज साफ सुनायी दे रहा था, फिर पत्रकारों ने पूछा कि अन्दर कौन है? इसके बाद उस कर्मचारी ने इकनोरिया के पास फोन कर कहा कि पत्रकार लोग आये है इस पर उधर से इकनोरिया ने कहा कि बोल दो साहब बाहर है। बताया जाता है कि आफिस में जाम छलकाने के बाद भी साहब का मन नही भरा तो वह रवीन्द्रनगर स्थित एक टिन शेड वाली दुकान पर पहुंच गये और वहा बैठकर तब तक दारू पीये जब तक वह बेसुध नही हो गये।

## फोन नही उठाया

श्यामसुंदर इकनोरिया के शराब पीते हुए वीडियो व फोटो के संबध मे जब उनका पक्ष लेने के लिए संवाददाता ने उनके मोबाइल नंबर 90766 00544 पर संपर्क किया। दो दिनो तक आठ बार फोन करने के बाद भी इकनोरिया ने फोन रिसीब नही किया। इसके उन्हें वाटसप के जरिए वीडियो व फोटो भेजकर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया किन्तु उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नही दिया।

# पावर एंजिल प्रोग्राम से बालिकाओं में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का करें संचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना/कुशीनगर। पडरौना ब्लॉक स्थित बीआरसी पर चल रहे दो दिवसीय पावर एंजिल प्रशिक्षण में शिक्षकों को छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न अभियान की जानकारी दी गई। सभी को स्कूलों में इसके क्रियान्वयन को लेकर प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पावर एंजिल प्रोग्राम छात्राओं को विषम परिस्थितियों से लड़ने में निपुण बनाना है। छात्राओं को स्कूल में इससे सुरक्षित माहौल का एहसास होगा। बेटे की तरह ही बेटियों की भी शिक्षा और सुरक्षा अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत बेसिक शिक्षा विभाग में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सभी कक्षाओं से एक-एक छात्राओं को पावर एंजिल की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस विभाग की मदद से छात्राओं को नियमों व कानून की जानकरी दी जा रही है। सभी प्रशिक्षण की बारीकियों को विद्यालय पर बच्चों को देते हुए उन्हें हर विधा में पारंगत बनाएं। उनके आत्मरक्षा व आत्मविश्वास का संचार करें। डायट प्रवक्ता मुकेश गुप्ता ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को खुद को सशक्त बनाने के साथ अन्य बालिकाओं को भी आत्मनिर्भर और शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान इंद्रजीत मणि त्रिपाठी, रविंद्र नारायण पांडेय, विशाल मोहन गोस्वामी, राकेश मणि त्रिपाठी, मनीष तिवारी, रेनू बाला सिंह, गीता चतुर्वेदी, भारती कुशवाहा, हेमलता नीरू आदि उपस्थित रहे।

# स्थानांतरित कम्प्यूटर ऑपरेटर को दी गई भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना,कुशीनगर। बीआरसी पडरौना में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर माधव गोविंद राय का स्थानांतरण खड्डा ब्लॉक के लिए हो गया है। बुधवार को आयोजित एक समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी कार्यकुशलता और समर्पण की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि माधव गोविंद राय एक ईमानदार, कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वे अपनी निष्ठा और अच्छे आचरण से नए स्थान पर भी अपनी अलग पहचान बनाएंगे। इस दौरान बीईओ सहित अन्य उपस्थित जनों ने स्थानांतरित कंप्यूटर ऑपरेटर के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लेखाकार अमित सिंह, अजय मद्धेशिया, अभिनंदन कुमार, सोनू, शुभम, सोहेल, बृज किशोर मिश्रा, अमरदीप शुक्ला सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रीराम के चरण व आचरण दोनों पवित्र :गायत्री नंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




राजापाकड़/कुशीनगर। राम के चरण से गंगा निकली है और राम के आचरण से भी गंगा निकली है। चरण की गंगा से तन शुद्ध होता है और आचरण की गंगा से मन शुद्ध होता है। यह बातें अयोध्याधाम से पधारे मानस मर्मज्ञ गायत्री नंदन महाराज ने कही। वह तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के शिवाला टोला मे 120 वर्ष पूर्व स्थापित शिवमंदिर परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवारात्रि मेला के निमित्त आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के तीसरे व कथा प्रवचन के प्रथम दिन मंगलवार की सायं श्रोताओं को रामकथा सुना रहे थे। उन्होने कहा कि श्रीराम के चरणों से गंगा निकलने व उनके आचरण से भी गंगा निकलने का अर्थ है कि श्रीराम के चरणों व उनके आचरण में गंगा के समान पवित्रता है। प्रभु श्रीराम के चरित्र का अनुसरण कोई भी व्यक्ति महान बन सकता है। कथावाचक ने कहा कि भगवान राम की कथा के श्रवण से मनुष्यों के मन से विकार दूर होते हैं। व्यक्ति का मन, विचार एवं आचरण पवित्र हो जाता है। जहां पवित्रता है वहीं ईश्वर होता है। संगीतमयी कथा में भजन गायक हरिओम, तबला वादक सौरभ तिवारी व पैड पर बलराम तिवारी ने संगत की। संचालन पं. दीपक मिश्र ने किया। यज्ञाचार्य पं. राकेश पांडेय, दीपक मिश्र, संतोष मिश्र ने यज्ञ मंडप मे यजमानगण जोखू, बतकी, रीता, मालती, शीला, सरिता, किरन से पूजन कराया। पं. दामोदर मिश्र, पं. प्रमोद पाठक व नेपाल शरण ने रामचरित मानस का परायण पाठ किया। इसके पूर्व कथा मंच का शुभारंभ मुख्य अतिथि राणाप्रताप सिंह, केन यूनियन के संचालक सत्यनारायण यादव, हरिदास महाराज, राजनारायण उर्फ चुन्नू मिश्र, अनूप गोंड, सिकंदर गुप्ता, अमरेश वर्मा, डब्लू मिश्र, सागर कुशवाहा व पंकज कुशवाहा ने व्यास पीठ का पूजन कर किया। इस दौरान यहां समिति के अध्धयक्ष राजू यादव धनन्जय मिश्र, दिनेश्वर यादव, धनन्जय सिंह सोनू, मृत्युंजय सिंह मोनू, रवींद्र यादव, डा. विजय श्रीवास्तव, मुकेश यादव, सतीश मद्धेशिया, ईश्वर गुप्ता, आनंद यादव, अंशुमान मिश्र साहब, अशोक यादव, साधु यादव, प्रेमचंद्र यादव, रामनाथ यादव, भोलू यादव, रवि वर्मा, कृष्णा साउंड, जयप्रकाश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## रुद्र महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश यात्रा



**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फाजिलनगर के ब्लाक के चौरा राम तवकल शाही गांव के शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के लिए गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकला गया। मंगलवार को सुबह शिव मंदिर में प्रधान यज्ञाचार्य पंडित योगेश्वर उपाध्याय ने कलशों का पूजन कर कलश यात्रा का शुभारम्भ कराया। 1101 कन्याओं ने कलश लेकर यज्ञ स्थल शुरू हुआ यह कलश यात्रा चौरा, बाढ़ू चौराहा, बनकटा बाज़ार, कटेया , कोईलसवा बुजुर्ग ,गांव से होते हुए पकहा त्रिमुहानी घाट पहुंचा जहां सभी श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर पुनः स्थित शिव मंदिर पहुंचे।वहां शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ मंडप में कलश की स्थापना कर रुद्र महायज्ञ शुरू हुआ। यात्रा के दौराने धार्मिक नारों से पूरा वातावरण भक्ती मय हो गया था। पुजारी अनिरुद्ध दास और चौरा व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने भगवा झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। उन्होंने बताया कि यज्ञ के दौरान रात आठ बजे से रामलीला का मंचन और दिन में 11 बजे से तीन बजे तक मनीषा पांडेय प्रवचन सुनाएंगी। 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन कर महायज्ञ का समापन होगा। इस दौरान विजय प्रजापति, अरविंद बरनवाल,महेश प्रसाद, शारदा प्रजापति, जटाशंकर प्रजापति, विशाल यादव सुदामा गुप्ता संजय यादव, चन्द्रमा राय, सतीश कुशवाहा, सेराज,रामज्ञान यादव मौजूद रहे।

## पर्यावरण कांफ्रेंस की अध्यक्षता करेंगे जस्टिस आरएन पांडेय



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के निवासी जस्टिस आरएन पांडेय जबलपुर में आयोजित होने जा रही अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण कांफ्रेंस में अध्यक्षता करेंगे। महाकौशल विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डा.पीसी गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि आगामी 29-30 मार्च 2025 को जबलपुर में पर्यावरण और समाज विषय पर आयोजित होने जा रही इस द्विदिवसीय संगोष्ठी के लिए देश के 6 विश्वविद्यालयों की सहभागिता रहेगी।इस मौके पर आयोजन सहयोगी डा.राहुल गुप्ता, डा.सुमन कुंडी आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग छात्राओं संग बलात्कार के दोषियों को 20 वर्ष का कारावास

**झांसी।** स्कूल से घर जा रही दो नाबालिग छात्राओं को तमंचा अड़ाकर अपहरण कर बलात्कार का दोष सिद्ध होने पर दो आरोपियों को आज अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जितेंद्र कुमार यादव की अदालत ने दोनों को बीस-बीस साल की सजा और एक लाख रुपए अर्थदंड अदा करने का फैसला सुनाया है।अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि अलग-अलग दो व्यक्तियों ने मऊरानीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 6 दिसंबर 2019 को उनकी नाबालिग पुत्रियां स्कूल से घर जा रही थी। तभी मऊरानीपुर के ग्राम कुरैचा निवासी बाइक सवार दो युवक अरविंद और राकेश अलग अलग बाइक से आए और तमंचा अड़ाकर दोनों पुत्रियों को अपहरण कर दिल्ली व अन्य स्थानों पर ले जाकर उनके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए नाबालिगों को बरामद कर लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजते हुए न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इस प्रकरण में न्यायालय ने आज सुनवाई करते हुए अभियोजन की ठोस पैरवी पर आरोपियों पर आरोप सिद्ध होने के साथ ही उन्हें बीस-बीस साल का कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड अदा करने का फैसला सुनाया। साथ ही आदेश दिया कि अर्थदंड की राशि पीड़िताओं को दी जाएगी और सभी सजाएं एक साथ चलेगी। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

## शाहजहांपुर जेल में बंद कैदी भी संगम के पवित्र जल से करेंगे स्नान

**शाहजहांपुर ।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में देश और विदेश से आकर करोड़ों लोग संगम तट पर पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। किंतु जेल में निरुद्ध होने के कारण बंदी ऐसा नहीं कर सकते है। लेकिन जेल में बंद बंदी इस महाकुंभ में संगम के जल में डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त कर सके इसके लिए शाहजहांपुर के जेल अधीक्षक ने विशेष वाहक भेज कर संगम से पवित्र जल मंगवाया है। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बुधवार को बताया कि इस पावन कार्य के लिए 21 फरवरी को प्रातः 8:30 बजे का शुभ मुहूर्त निकाला है। जिस समय सभी बंदियों को संगम के पवित्र जल से स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि कारागार में इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। संगम से लाए गए पवित्र जल को सुरक्षित तरीके से एक बड़े घड़े में पवित्र स्थल पर सुरक्षित रखा गया है।

# सर्राफा की दुकान पर 32 लाख की लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के बरवापट्टी थाना क्षेत्र में एक सर्राफा दुकान पर दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई है। बताया जाता है कि दो बदमाश ग्राहक बनकर दुकान पर पहुचें और दुकानदार को बंदूक दिखाकर शोर न मचाने की धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने दुकान से 32 लाख रुपये के जेवरात लूट गये। अपनी पहचान छिपाने के लिए बदमाशों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर साथ लेते गए। घटना को लेकर क्षेत्र मे दहशत व्याप्त है। सेवरही उपनगर के निवासी सर्राफा दुकानदार अजय वर्मा की माने तो बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी। इस डर से वह न तो शोर मचाए और न कुछ करने की हिम्मत जुटा पाए। बदमाश आराम से सारे गहने एक बैग में भरकर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पहुंची बरवापट्टी और सेवरही थाने की पुलिस पीड़ित व्यवसायी से घटना की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। सर्राफा व्यवसायी द्वारा पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि बरवापट्टी थाना क्षेत्र के धोबी घटवा में उसकी आभूषण की दुकान है, जहां दो नकाबपोश बदमाश दुकान में ग्राहक बनकर आए। दोनों दुकान से खरीदारी करने की बात करने लगे। थोड़ी देर बाद दोनों बदमाशों ने बंदूक तान दी और शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी देने लगे। पीडित ने कहा कि वह जब तक कुछ समझ पाता दोनों बदमाश बैग मे आभूषण भरने लगे और देखते ही देखते दुकान में रखे 32 लाख का आभूषण लूट कर फरार हो गए। इस दौरान बदमाशों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर भी उखाड़कर साथ लेते गए।

# स्व0 विजेश्वरी देवी की स्मृति में साड़ी वितरण एवं पौधरोपण का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। हाटा विकास खण्ड के चुरामनछपरा गांव में बुधवार को स्व0 विजेश्वरी देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में परिजनों ने जरूरतमंद माताओं को साड़ी भेंट किया और नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु आम के पौधे का रोपण हुआ। साड़ी पाने वाली महिलाओं के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। पुण्यात्मा के देवर सुशील मिश्र ने कहा कि भाभी का दीन, दुखियों, जरूरतमंदों से विशेष जुड़ाव था। उनके पास से कभी कोई निराश नही लौटा। ऐसे में उनके पुत्रों द्वारा पुण्यतिथि मनाना और इस अवसर पर जरूरतमंदों की सेवा करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर अभय नारायण मिश्र, आनंद नारायण मिश्र, आशीष नारायण मिश्र, अमित नारायण मिश्र, डा0 रागिनी मिश्रा, रमेश मिश्र, पंखुड़ी, सौभाग्य, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से मिलती है सफलता :राजन शुक्ला

❒ अनारकली माध्यमिक स्कूल में विदाई और सम्मान समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के फाजिलनगर विकास खण्ड के खैरटिया में स्थित अनारकली माध्यमिक स्कूल में आयोजित छात्र छात्रों के विदाई और सम्मान समारोह में अवकाश प्राप्त शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चना और दीप प्रज्वलित कर हुआ। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला ने कहा कि सफलता एक दिन का परिणाम नहीं होता है। हर छात्र को अपने जीवन में अभ्यास करने की जरूरत है। अगर निरंतर प्रयास और दृढ़ इच्छा शक्ति से निश्चित ही सफलता पाई जो सकती है। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है । उनके दिए गए अनुभव संस्कार में रहते हुए अपने जीवन में उतारने वाला छात्र आगे बढ़ता है। भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, व्यापार मण्डल चौरा के अध्यक्ष विकास पाण्डेय, डॉ महात्मा प्रवण चतुर्वेदी आदी ने भी संबोधित किया। विद्यालय की छात्राएं प्रियंका कुशवाहा, सुनिधि कुमारी, वंदना, अफसाना, अमृता, आंचल, अनुष्का आदि छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किया। अतिथियों ने अपनी कक्षाओं में बेहतर अंक लाने वाले तथा खेलकूद सहित अन्य कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक हरिकेश्वर पाण्डेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन सुधीर पाण्डेय तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती प्रगति चतुर्वेदी किया।

# विदाई समारोह एवं पुरस्कार वितरण हुआ

❒ आस्था इण्टर मीडिएट कालेज सोनवल कुशीनगर

❒ पुरस्कार वितरण करते हुए जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्गेश राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के विकास खण्ड विशुनपुरा के ग्राम पंचायत में सोनवल स्थित एक निजी स्कूल आस्था इण्टर मीडिएट कालेज सोनवल में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मती शिव कुमारी देवी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पडरौना व जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्गेश राय व विशिष्ट अतिथि फुल बदन कुशवाहा (सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग) विजय शुक्ला जिला उपाध्यक्ष भाजपा कुशीनगर रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रीमती गीता मल्ल (अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य) कर रहे संरक्षक अमीत श्रीवास्तव शुभम कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य (आस्था इण्टर मीडिएट कालेज सोहगी बरवा महराजगंज) प्रधानाध्यापक शिवनारायण शर्मा व अखिलेश कुमार संयोजकप्रबन्धक श्याम बिहारी श्रीवास्तवआस्था इण्टर मीडिएट कालेज सोनवल व आस्था इण्टर मीडिएट कालेज सोहगी बरवा महराजगंजप्रधानाचार्य विवेक श्रीवास्तव (कमल) ने कार्यक्रम में आये हुए सभी स्वागत करते हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विघालय के तरफ़ से मेघावी छात्र छात्राओं को जी के प्रतियोगिता प्रथम स्थान आने वाले को प्रथम पुरस्कार साइकिल देकर सम्मानित किया गया व स्कूल के प्रबन्धक श्याम बिहारी श्रीवास्तव के द्वारा दिया गया तथा द्वितीय स्थान लाने वाले को पुरस्कार दिया गयाइस अवसर पर विघालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया मंच का संचालन अनुप मिश्रा व विवेक श्रीवास्तव ने द्वारा किया गया पारस यादव, राजकुमार चौहान, अमित गुप्ता, बिनोद चौबे सत्यनारायण गुप्ता, पिंकी गोंड़, अखिलेश कुमार, सहित सभी लोग मौजूद रहे ।

# होली समिति के पदाधिकारियों की बैठक में तय हुई रूपरेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। आगामी होलिकोत्सव पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। पर्व को भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाने के लिए रूपरेखा बनाई जा रही है। जिला प्रशासन एवं बहराइच होली समिति के समन्वय से पर्व को हर्षोल्लास वातावरण में मनाया जाएगा। होलिकोत्सव पर्व को लेकर बहराइच होली समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी के गुदड़ी स्थित आवास पर सम्पन्न हुई।बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार होलिकोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ ने कहा कि होली पर्व सनातन धर्म संस्कृति की पहचान है। इस बार 12 मार्च से होली पर्व की शुरुआत होगी जो 15 मार्च तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को रंग खेलना प्रारंभ होगा। वहीं 13 मार्च को रात्रि के 11.45 मुहूर्त के उपरांत होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात 14 मार्च को मुख्य पर्व के दिन भव्यता एवं दिव्यता के साथ होली पर्व को मनाया जाएगा। सांयकाल घण्टाघर प्रांगण में होली मिलन एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।15 मार्च को त्रिमुहानी घाट स्थित श्री हनुमानजी के मन्दिर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होली मिलन एवं भजन,कीर्तन प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं सांय काल 15 मार्च को ही घण्टाघर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रहेगी।उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रमो को हाईटेक रूप देने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। समिति के महामंत्री सुमित खन्ना ने कहा कि होलिकोत्सव पर्व जिला प्रशासन एवं समिति के समन्वय से दिव्यता के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओ की रॉय को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा इस बार का होलिकोत्सव ऐतिहासिक होगा।बैठक में कृष्ण गोपाल तायल, सुरेश गुप्ता, सुदामा मिश्रा, कन्हैया सोनी, विष्णु कुमार शर्मा, उमा शंकर सोनी, राजेन्द्र कुमार उर्फ युवराज, मंदीप सिंह वालिया, योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अंकित सिंह, नितिन रूपानी, आनन्द कुमार कक्कू, अनुराग रस्तोगी, राहुल रॉय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, मनीष रस्तोगी, अमित टण्डन, मनोज मिर्ची सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी, दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मे दार अधिकारियों और कर्मचारियों को बुधवार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, लेकिन जिले की स्थिति संतोषजनक नहीं है।जिलाधिकारी ने तहसीलवार समीक्षा करते हुए बताया कि जिले की चारों तहसीलों में ऐसे 497 कर्मचारी हैं, जिनकी प्रगति 40 प्रतिशत से कम है।इनमें सबसे अधिक सदर तहसील में 190 कर्मचारी, मनकापुर में 127, तरबगंज में 46, और करनैलगंज में 134 कर्मचारी शामिल हैं।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि हर कर्मचारी की दैनिक प्रगति दस से कम नहीं होनी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि तीन दिन बाद फिर से समीक्षा की जाएगी, और यदि किसी कर्मचारी की दैनिक प्रगति दस से कम पाई गई तो कार्रवाई होगी। साथ ही, संबंधित पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। डीएम नेहा शर्मा ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिया है कि बीस फरवरी तक पूरी रिपोर्ट संकलित कर 21 फरवरी को सुबह 9:30 बजे प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि आवश्यक हुआ तो दोषी कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क किनारे फुटपाथ पर कब्जा कर बेंच रहे मौरंग गिट्टी व बालू, हो रही दुर्घटनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़को तक फुटपा थ कमाई का अड्ढा बन गया है।बिल्डिंग मैटेरि यल बेंचने वा लों ने भी अपना माल फुटपाथ पर जमा कर रखा है। इस से हजारों राहगीर रोजाना जाम की समस्या से जूझते हैं।पर कोई देखने सुनने वाला नहीं है।इसलिए अतिक्रमणका रियों की अराजकता का दौर जारी है।रहने के लिए घर व काम-धंधे के लिए मार्केट बनाने के प्रयोग में इस्तेमाल होने वाली गिट्टी, मौरंग व बालू यातायात व्यवस्था के लिए खल नायक बन गई है।शहर से लेकर गाँव तक नगर पालिका व पंचायत क्षेत्रों में चौड़ी सड़कों पर जगह-जगह गिट्टी, मौरंग, सीमेंट,बालू व सरिया के ढेर लगे नजर आते हैं।रोड किनारे पैदल आने-जाने वालों के लिए बना फुट पाथ ने गोदाम का रूप ले रखा है। नागरिकों की मानें तो ज्यादातर असरदार लोग इस गोरखधंधे में लगे हैं।वे मनमानी करने से रोकने-टोकने पर गाली-गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।आला अफसर भी इस रोड से तेज गति से सायरन बजाते हुए निकल जाते हैं लेकिन सड़क किनारे फुटपाथ पर लगे गिट्टी, मोरंग, बालू,के ढेर पर नजर नहीं पड़ती है। सड़कें जगह-जगह अवैध कब्जों की गवाह बनी यातायात व्यवस्था चौपट है पर किसी को कोई परवाह नहीं है। राहगीरों के दुख-दर्द को दूर करने के लिए केव ल कागजी घोड़े ही दौड़ाए जा रहे हैं।बंद कमरों में जारी उच्चा धिकारियों के गोण्डा- बहराइच रोड,गोंडा - लखनऊ रोड,गोंडा-बलरामपुर रोड,गोंडा -फैजाबाद रोड,गोंडा-बेलसर रोड समेत कमोवेश हर नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में आदेश कागज की फाइलों में कैद होकर दम तोड़ रहे हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के एफपीओ प्राकृतिक एवं जैविक खेती कर अपनी आय बढ़ायें। उन्हें नये-नये व्यवसाय अपनाने का सुझाव दिया। डीएम ने जनपद के बेरोजगार युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत संचालित साईट उेउमण्नचण्हवअण्पद पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत 5 से 10 लाख रूपये तक के लोन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी तथा चार वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण देय है। 8वीं पास से लेक ग्रेजुएशन तक के किसान अथवा व्यक्ति इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि इस योजना में अधिक से अधिक आवेदन कराकर नये सूक्ष्म उद्योग स्थापित कराने के भी निर्देश दिये।डीएम ने बैठक में सिचाई, नलकूप तथा विद्युत एवं जल निगम विभाग के सम्बंध में प्राप्त शिकायतों शीघ्र निस्तारण कराये जाने का भी निर्देश दिया। जनपद के 35 केजी विजयपुर नलकूप का सत्यापन कृषि, नलकूप तथा विद्युत विभाग की समिति बनाकर जांच कराने का निर्देश दिया। इसी प्रकार हुजूरपुर में 44 केजी नलकूप, 168 बीजी अमकोलवा, 125 बीजी इमलियागंज, पयागपुर की जांच समिति बनाकर कराने का निर्देश दिया। बदरौली कैसरगंज में नहर की पटरी पर लोगों ने घर बना लिया है अधि. अभि. सरयू नहर बहराइच खण्ड-1 को प्रकरण की जांच एवं निस्तरण कराये जाने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित एलडीएम जितेन्द्र कुमार मसन्द को निर्देश दिया कि किसान दिवस बैठक में कृषि योजना की एग्रीजंक्शन योजना, पशु पालन की योजना, मत्स्य पालन तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित करें। डीएम ने हरि शरण सिंह के आवेदन पर गंभीरतापूर्वक विचार कर पत्रावली स्वीकृत कर ऋण वितरण कराने के निर्देश दिये। विकासखण्ड शिवपुर बरदहा के गिरधारी लाल पुत्र बिहारी लाल के खेत की पैमाईश समयबद्ध किये जाने पर कृषक द्वारा बैठक में संतुष्टी व्यक्त की गयी। किसानो से मुखातिब होकर जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि तथा एडीएम को निर्देश दिया कि 28 फरवरी 2025 तक ग्रामों में कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मियों द्वारा चौपाल लगाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायें। बैठक में उपस्थित एफपीओ, कृषकों से कहा कि अपने से संबंधित सभी सदस्यों का एक सप्ताह के अन्दर फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रगतिशील कृषक एवं एफपीओ निदेशक मुन्ना लाल वर्मा ने एफपीओ के आडिट सम्बंधी समस्या का निस्तारण डीडी एग्री को करने का निर्देश दिया। लालता प्रसाद गुप्ता ने रूर्बन मिशन योजना के अन्तर्गत समितियों के बकाया 5 प्रतिशत की धनराशि दिलाने को कहा। भाकियू के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा ने सरयू नहर परियोजना खण्ड-5 गंगवल पर एक गुलाबा बनान, चिलवरिया बाजार चीनी मिल का भुगतान न होने, बिजली तथा बैंक द्वारा बकाया वसूली में किसानों का उत्पीड़न करने आदि समस्याओं को बताया गया। सीडीओ मुकेश चन्द्र ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों की उपस्थिति ली तथा अनुपस्थित अधिकारियों को समय से किसान दिवस में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने निरंकार व महासचिव बने हरिओम शंकर शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। जनपद की तहसील नानपारा में अधिवक्ता संघ की वार्षिक कार्यकारिणी गठन के लिए बुधवार को हुए मतदान में 224 में से 222 वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष, महासचिव व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए सुबह 9 बजे से मतदान शुरू हुआ। अधिवक्ता सभागार में बनाये गए मतदान बूथ पर सुबह से ही अधिवक्ताओं की लाइनें लग गई जो बराबर बनी रही। वहीं प्रत्याशियों व समर्थकों में सरगर्मियों सहित उत्साह भी देखने को मिला। इस दौरान चुनाव कार्यकारिणी व पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखाई दिया। शाम 3:00 बजे तक चले मतदान में 222 अधिवक्ताओं ने मत का प्रयोग किया। एल्डर कमेटी के चेयरमैन रूप नारायण जायसवाल मतदान के हर पहलू पर अपनी नजर रखते हुए चुनाव समिति और मतदाताओं को निर्देशित करते रहे। नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मतदान केंद्र इस बार नवनिर्मित अधिवक्ता संघ सभागार को बनाया गया। प्रत्याशी व समर्थक अंतिम समय तक मतदाताओं को अपने अपने पाले में लाने की कोशिश करते दिखाई दिए। महत्वपूर्ण पद अध्यक्ष, महासचिव व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जीत हार के समीकरण के कयास दिनभर तहसील परिसर में लगाए जाते रहे। वोट डालने के बाद अधिवक्ता संघ के सदस्य बैठकर इसी बात की चर्चा करते रहे कि गुरुवार को किस के सिर पर सेहरा बंधने की उम्मीद है। दिन भर गहमागहमी के बाद निरंकार जायसवाल अध्यक्ष पद पर व हरिओम शंकर शुक्ला महासचिव पद पर निर्वाचित घोषित हुए, जबकि पतिराम गौतम ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नन्दलाल जायसवाल के मुकाबले बाजी मार ली। देर शाम मतगणना के बाद निरंकार जायसवाल ने 106 मत पाकर निकटतम प्रतिद्वंदी रामनरेश पाण्डेय को 36 मतों से पराजित किया, जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव को महज 36 मत मिले। गौरतलब है कि निरंकार जायसवाल पूर्व में भी नानपारा संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। महासचिव पद पर निर्वाचित हरिओम शंकर शुक्ला पहली बार अधिवक्ता संघ चुनाव मैदान में थे जिन्हें 68 मत प्राप्त हुए और विजयी रहे जबकि आनंद स्वरूप वर्मा 62 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे, बंश गोपाल जायसवाल को 57 मत मिले, जैगम हुसैन को 28 मत मिले जबकि सियाराम निषाद को महज 07 मतों से संतोष करना पड़ा। एल्डर कमेटी अध्यक्ष रूपनारायण जायसवाल ने बताया कि अधिवक्ता संघ के चुनाव में मतदान प्रक्रिया सकुशल संपन्न हुई पुलिस प्रशासन का खास योगदान रहा, शांति व्यवस्था कायम रही।

# 24 एवं 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी लोक अदालत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जनपद में लंबित राजस्व वादों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु 24 एवं 27 फरवरी 2025 को विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा।यह अभियान जिला धिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में मिशन मोड में संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत वर्षों से लंबित प्रकरणों के निष्पादन को प्राथमिकता दी जाएगी।आयोजित की जाने वाली विशेष लोक अदालतों में राजस्व संहिता की धारा 34, 67, 24 एवं 116 के अंतर्गत लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा पोर्टल पर उनकी नियमित प्रविष्टि अद्यतन करें।

### शासन की प्राथमिकता

राजस्व संबंधी विवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। इस संबंध में राज्य सरकार एवं मा0 राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। विशेष लोक अदालतों के माध्यम से अधिकतम संख्या में मामलों का निस्तारण सुनिश्चित कर जनसामान्य को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान किया जाएगा।

### निर्देश एवं दायित्व निर्धारण

जिलाधिकारी द्वारा समस्त पीठासीन अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित तिथियों को गंभीर तापूर्वक कार्यवाही संपादित करें तथा लंबित मामलों के निस्तारण में तीव्रता लाएं। इससे जनपद में भूमि संबंधी विवादों के निराकरण की प्रक्रिया को गति मिलेगी तथा नागरिकों को सुगम न्यायिक राहत प्राप्त होगी।जिलाधि कारी ने जनपदवासियों से अपने लंबित राजस्व वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का लाभ उठाने एवं अधिकाधिक संख्या में इस प्रक्रिया में सहभागी बनने की अपील की है।

# करनैलगंज नगर पालिका में खुल रही भ्रष्टाचार की पोल, घटिया निर्माण से गिरा दुकान का छज्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के करनैलगंज नगर पालिका परिषद में भ्रष्टा चार की पोल उस वक्त खुल गई ज़ब नगर पालि का परिषद द्वारा बनवाई गई नवनिर्मित दुकानों का छज्जा अचानक गिर गया।इस घटना में एक व्यक्ति के चोटिल होने की भी सूचना मिली है।आपको बता दें नगर पालिका परिषद करनैलगंज द्वारा कटरा बाजार रोड व तहसील रोड पर कई दुकानों का निर्माण करा या गया है।दुकान आवंटन को लेकर नगर पालि का परिषद पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं कटरा रोड पर बनी एक दुकान का छज्जा अचानक भरभ रा कर गिर गया।छज्जा गिरते ही लोगों में हड़कंप बच गया आस पास के दुकानदारों व सब्जी विक्रे ताओं ने भाग कर अपनी जान बचाई।किंतु छज्जे के मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति चोटिल हो गया।

### नगरपालिका पर मानक विहीन निर्माण कराने का आरोप

स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद पर दुकान निर्माण में घटिया मटेरियल प्रयोग करने का और लगाया है।आस पास की दुकानदारों ने कहा कि नगर पालिका परिषद में जो दुकान बनवाई है वह मानक विहीन है।घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जिसके कारण दुकान बनते ही गिरने लगी। चंद दिनों में दुकान इस तरह गिर रही है आगे क्या हाल होगा या तो ऊपर वाला जाने।स्थानीय लोगों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

नगर पालिका परिषद करनैलगंज के पूर्व सभासद शिव शंकर भट्ट ने नागरिक संगम संवाद कार्यक्रम के दौरान अधि कारियों को प्रार्थना पत्र देखकर मानक विहीन व दुकानों के निर्माण में घटिया मटेरियल प्रयोग किए जाने का आरो प लगाया था। तथा जांच कर कार्रवाई करने की मांग की थी।

## शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के 01 व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के 02 रिक्त पदों को भरने हेतु अर्हता रखने वाले इच्छुक अधिवक्ता निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन पत्र समस्त प्रमाणित विवरण पत्र, शैक्षिक प्रमाण-पत्र के साथ 03 मार्च 2025 के अपरान्ह 5 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरान्त अथवा अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।डीएम मोनिका रानी ने बताया कि ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 10 वर्ष की प्रैक्टिस पूर्ण कर ली है जिला शासकीय अधिवक्ता तथा 07 वर्ष की प्रैक्टिस पूर्ण करने वाले अधिवक्ता सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता के पद हेतु अर्ह होंगे। डीएम ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा। साथ ही आवेदन के साथ पिछले दो वर्षों में आवेदित पद से संबंधित श्रेणी के वादों व अपील एवं रिवीजन का न्यायालय द्वारा सत्यापित विवरण सफलता के प्रतिशत सहित निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना होगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी अथवा आवेदन का प्रारूप कलेक्ट्रेट स्थित जे.ए. पटल से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन पत्र का प्रारूप कलेक्ट्रेट व सिविल कोर्ट बहराइच के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया है।

## उद्यान विभाग में उपलब्ध हैं शाकभाजी के बीज

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि जनपद के कृषकों को जायद मौसम में बुवाई हेतु विभाग में शाकभाजी के 144.00 किग्रा0 बीज उपलब्ध है। किसान भाई किसी भी कार्य दिवस में आकर विभाग से भिण्डी, काशी प्रगति, एफ-1, काशी प्रगति, एफ-2, काशी प्रगति-प्रमाणित, काशी-चमन लौकी, पूसा नवीन, एफ-1, खरबूज पूसा मधुरिमा, टी.एल. एवं लोबिया, पूसा सुकोमल, एफ-1 के बीज राजकीय दर पर क्रय कर सकते हैं।

## न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से मोबाइल क्रेता को मिला न्याय

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र सुरेश चन्द्र सिंह निवासी मो. घसियारीपुरा, बहराइच द्वारा न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में एम.आई.आर.सी. इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड., ओनिडा हाउस, जी-1, एम.आई.डी.सी महाकाली केवस रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई, माइक्रो मैक्स आथराइजड चेक प्वाइन्ट, मेसर्स बाला जी इलेक्ट्रॉनिक, बहराइच तथा संगीत पैलेस एण्ड इलेक्ट्रॉनिक , जय हिन्द कोठी, बहराइच के विरूद्ध योजित परिवाद सं. 62/2016 में जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा पारित आदेश में विपक्षी सं. 3 को आदेशित किया है कि वह परिवादी को मोबाइल की धनराशि रू. 4400=00, मानसिक क्षतिपूर्ति के बाबत रू. 3,000=00 तथा वाद व्यय हेतु रू. 2,000=00 एक माह के अन्दर परिवादी को अदा करें। एक माह के अन्दर धनराशि अदा न किये जाने की स्थिति में आदेश की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक 7 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी अदा करना होगा।

# थाने और चौकी की बीच फुटवाल बनें फरियादी, नहीं हो रही सुनवाई

## एसपी ऑफिस पर बढ़ रही भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। उत्तर प्रदेश में माफियाओं और बदमाशों के खिलाफ सख्ती से पेश आने वाले सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की मंशाओं पर सरकारी मशीनरी पलीता लगाने में जुटी है।यही वजह है कि फरियादी थाने व पुलिस अधीक्ष क कार्यालय के चक्कर काट रहे है,लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।अगर मामला सुना भी गया तो राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पाता।यही वजह है कि फरियादियों का थानों से विश्वास उठता जा रहा है।सरकारें बदली लेकिन थानों में न राजनीतिक हस्तक्षेप बंद हुआ और न ही दलालों का वर्चस्व। लिहाजा लोगों को अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक के दफ्तर जाना पड़ रहा है।एसपी ऑफिस ही नहीं लोग योगी के जनता दरबार में भी फरियाद लगा रहे हैं।शासन जन सुनवाई को लेकर काफी गंभीर है।फरियादियों को अपनी समस्याएं लेकर बेवजह अफसरों के पास दौड़ न लगानी पड़े, इसके लिए समाधान दिवस आयोजित किए जाते हैं, फिर भी लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता।अक्सर देखा जाता है कि जब पीड़ित व्यक्ति थाने पर जाता है तो उसकी सुनवाई नहीं हो पाती।पुलिस उसका शिकायती पत्र ले तो लेती है,लेकिन इसका उपयोग अक्सर दूसरे पक्ष से आर्थिक लाभ लेने में करती है।इससे पीड़ित व्यक्ति को न्याय नहीं मिल पाता है। यहां तक कुछ मामले ऐसे भी सामने आए हैं,जिनमें पुलिस शिकायतकर्ता के विरोध में ही गलत रिपोर्ट लगाकर भेज देती है।इससे पीड़ित व्यक्ति न्याय पाने के लिए भटकता रहता है।हालात यह हैं कि अब लोगों को सीओ व अपर पुलिस अधीक्षक स्तर से न्याय मिलने का भी भरोसा समाप्त हो गया है।पीड़ित को आस रहती है कि यदि वह पुलिस अधीक्षक से मिलेगा तो उसे न्याय मिल सकता है।इसी उम्मीद को लेकर पीड़ित व्यक्ति पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के चक्कर काटता रहता है।एसपी दफ्तर के जांच शिकायत प्रकोष्ठ के आंक ड़ों पर यदि गौर करें तो प्रतिदिन 50 से 60 तक प्रार्थना पत्र आते हैं।इनमें सर्वाधिक शिकायतें देहात कोतवाली, कोतवाली नगर,छपिया कर्नलगंज कोतवाली,परसपुर व तरबगंज थाना क्षेत्र की होती हैं।

### योगी का नहीं है अधिकारियों में खौफ

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहाँ एक तरफ अ धिकारियों को जन शिकायत निस्तारण को लेकर बैठकों में भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हैं और उनका प्रा थमिकता के आधार पर निस्तारण करने की बात कहते हैं।यहां तक कि लापरवाही करने पर दंडित करने की बात कहने में भी कोई गुरेज नहीं करते लेकिन जिले के अधि कारियों व थानेदारों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है।लेकिन उनके दफ्तर पर आई शिकायतों के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि थानों पर अधिकारी जिम्मेदारी के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण नहीं करते।थानों मे राजनीतिक हस्तक्षेप और दलालों का वर्चस्व सरकार चाहे जिस पार्टी की रही हो लेकिन अभी भी कुछ थाने दलालों से मुक्त नहीं हो पाए हैं।राजनीतिक हस्तक्षेप का आलम यह है कि अक्सर नेता उत्पीड़न करने वालों और आपराधि क तत्वों के पक्ष में पैरवी करते नजर आते हैं।पीड़ित व्य क्ति को खुद ही अपनी लड़ाई लड़नी पड़ती है।यही हाल दलालों का भी है।वे भी अपराधियों की तरफदारी करके मोटी कमाई करते और कराते हैं।इससे पीड़ित पक्ष को थाने से निराशा हाथ लगती है।वही पुलिस कहती है कि कहीं भी जाओगें,वापस कोतवाली और चौकी पर ही आना है।सच भी यही है।देहात कोतवाली की पुलिस बेलगाम और मनबढ़ हो चुकी है।रसूखदार और जुगाड़ वाले थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी पीड़ितों की बात सुनना ही नहीं चाहते हैं।वे अपने मन-मुताबिक काम करते हैं, क्यों कि बॉस की उन पर कृपा बरस रही है।थानों पर सुनवाई न होने से एसपी और डीआईजी जैसे बड़े अफसरों के दरबार में भीड़ उमड़ रही है,लेकिन हाकिम यह जानने की कोशि श नहीं कर रहे हैं कि आखिर थानों की भीड़ उनके यहां क्यों आ रही है ? इसके इतर सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए दबाव बनाया जाता है।हद तो यह है कि मीडिया कर्मियों को भी डराने-धमकाने की कोशिश की जाती है।वैसे उच्चाधिकारियों के दरबार में फरियादियों की बढ़ती भीड़ का जवाब साफ है कि यदि थानों-कोतवालियों में पीड़ितों की फरियाद सुनकर उन्हें न्याय मुहैया करा दिया जाता तो वे आलाधिकारियों की चौखट पर क्यों दस्तक देते ।

### जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा के मामले अधिक

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आने वाली शिकायतों पर यदि गौर करें तो अधिकतर मामले जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा से जुड़े होते हैं।जमीन के विवाद राजस्व विभाग से जुड़े होने के कारण पुलिस इन विवादों के निस्तारण में लाचार नजर आती है। पीड़ित को लगता है कि पुलिस मामले को जान बुझकर टाल रही है।

## रिश्वतखोरी जारी:पैसे लेते हुए लेखपाल का वीडियो, वायरल



**गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के सदर तहसील क्षेत्र में एक लेखपाल का रिश्व त लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकी नगर ग्रामीण क्षेत्र में तैनात लेखपाल गिरीश यादव अपने घर पर स्थित कार्यालय में एक व्यक्ति से जमीन पैमा इश के नाम पर एक रुपए लेते दिखाई दे रहे हैं।हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि राष्ट्रीय हिंदी दैनिक कैनविज टाइम्स नहीं करता है।वायरल वीडियो पुराना बताया जा रहा है।एक स्थानीय व्यक्ति ने जमीन की पैमाइश के लिए लेखपाल के पास गया था।लेखपाल ने रिश्वत की मांग की और एक हजार रुपए लेने के बाद भी जमीन की पैमाइश नहीं की।इससे परेशान होकर पीड़ित ने रिश्वत देते समय लेखपाल का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया हैं।वीडियो वायरल होने के बाद एस डीएम सदर ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।सदर तहसील से यह कोई पहला रिश्वतखोरी का मामला नहीं है।पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं लेकिन रिश्वतखोरी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है रिश्वतखोरी पर और बढ़ता जा रहा है।

## प्रजापति ब्रह्मा कुमारी की ओर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकली

**हरदोइ।** महाशिवरात्रि पर्व से पहले नगर में मुख्य मार्गों से प्रजापति ब्रह्मा कुमारी द्वारा देवी देवताओं की सुसज्जित झांकियों सहित शोभायात्रा निकाली गयी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की ओर से महाशिवरात्रि के पर्व से पहले प्रत्येक वर्ष शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में बुधवार अपराह्न को कलश शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से हर्षोल्ल्लास से निकाली गयी। शोभायात्रा में शिवलिंग,शंकर पार्वती,गणेश जी,दुर्गा जी आदि की सुंदर झांकियों ने सभी को मोहित किया। गाजेबाजे के साथ भक्तिमय वातावरण में सर पर कलश धारण किये दर्जनों महिलाओं ने भक्ति की अलख जगाई। हाथ में शिव ध्वज लिए हुए श्वेत वस्त्रधारी कन्याओं,बहनों ने जयकारे लगाए। यात्रा के मध्य में जगह जगह शिव बाबा का फूलमालाएं पहनाकर और पुष्पार्पण करके शोभायात्रा का स्वागत किया गया।अंत में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र चौक में झंडा के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा का संचालन बीके मालती, लवली,मीरा,कल्पना,राधा,सीता,रुचि,दुर्गा बहन द्वारा किया गया।

# नगर पालिका में जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर पालिका सभागार मे मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व पर एक जागरूकता गोष्ठी आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को रोकने के उपायों पर चर्चा की उन्होंने बताया कि प्रशासन इस दिशा में आवश्यक कदम उठा रहा है और समुदाय की भागीदारी से इस समस्या का समाधान संभव है उन्होंने कहा कि वन्यजीवों को नुकसान पहुँचाने के बजाय हमें उनके प्रति संवेदनशीलता रखनी चाहिए और वन विभाग की सलाह का पालन करना चाहिए नगरपालिका शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि वन्यजीवों से बचाव और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही बाघ एक्सप्रेस प्रोग्राम को शुरू किया, बाघ एक्सप्रेस लगभग चार महीनों में 100 से ज्यादा गांव में पहुंचकर कर एक लाख से ज्यादा लोगों तक पहुंची है, इसके माध्यम से बाघ एक्सप्रेस गांवों में नुक्कड़ नाटक, गोष्ठी , वीडियो शो, स्कूल प्रोग्राम के माध्यम से तीव्रतम वेग से जानकारियों को जागरूकता कार्यक्रम को प्रभावित जगहों में पहुंचा रही हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 2 और मनुष्यों के बीच संघर्ष को कम करना और सहअस्तित्व की भावना को बढ़ावा देना था। गोष्ठी को पर्यावरणविदों, समाजसेवी, ग्राम प्रधानों और अन्य उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस विषय बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। इसके साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आए अतिथियों को धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत प्रताप उपजिलाधिकारी और विशिष्ट अतिथि भरत कमार डीकेडीएफओ सोशल फॉरेस्ट्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। इस कार्यक्रम मेंनगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता,विजय वीरेंद्र सिंह (ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर विभिन्न ग्राम प्रधानों, वन विभाग के अधिकारियों, समाजसेवी, पर्यावरणविदों और पूरनपुर बार एसोशिएशन के अध्यक्ष, गन्ना कृषक महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजने प्रतिभागी और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, वासुदेव कुंडू, नीरज अग्निहोत्री, अमिताभ मिश्र, देव शर्मा' विचित्र', टीकाराम, लालाराम, बृजपाल शाहिद ख़ां, पंकज राठौर, अनीता, राकेश मौर्या,आदि लोग उपस्थित रहें।

# नशे के खिलाफ स्कूली बच्चों ने रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक, रैली को सीएमओ ने दिखाई झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता






पीलीभीत। जमात ए इस्लामी हिन्द की तरफ से चलाए जा रहे'' नशा मुक्ति अभियान'' के तहत फलाह ए आम इस्लामिक स्कूल के बच्चों की एक रैली निकाली हैं।रैली को मुख्य चिकित्साधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने हटी झंडी दिखाकर रवाना किया है ।जमात के इस कार्य की सराहना भी की है।रैली नोवेल्टी टॉकीज होते हुए लकडी मंडी ,गुरुद्वारा, पुंजबियांन गयी।रैली में बच्चों ने नशीले पदार्थो से सम्बंधित परिधान पहनकर लोगों को जागरूक किया और इससे बचने के लिए आगाह किया बच्चों ने रैली में अनेकों नारे जैसे ''जन जन तक संदेश हमारा नशा मुक्त हो देश हमारा'' आदि लगाकर लोगो का ध्यानाकर्षण किया है। रैली में आरिफा खातून,मौलाना अतीक़,तारिक़ मक़बूल,आरिफ रज़ा,रुक़य्या फात्मा, मोहम्मद रज़ा, नईम नदवी,कन्वेनर मोहतशिम रज़ा खान,अब्दुल मोहित,शाहिद रज़ा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा हैं।

# प्रधान पद के उप चुनाव में सत्तर प्रतिशत मतदाताओं ने डाला वोट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। विकास खण्ड तिलोई क्षेत्र की ग्राम पंचायत अगौना में प्रधान पद का उपचुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। यहां पर दो हजार सतहत्तर मतों के सापेक्ष मात्र एक हजार चार सौ तिरपन मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बताते चलें कि अगौना के ग्राम प्रधान रहे गयादीन की असमय मृत्यु के कारण रिक्त हुई सीट पर प्रधान पद का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। यहां पर कुल आधा दर्जन प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में ताल ठोकी है।ग्रामीणों की माने तो दो प्रत्याशियों में सीधी टक्कर बताई गई। बुधवार की सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। तहसीलदार अभिषेक यादव और क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह ने सुबह से मतदान स्थल को कैम्प में तब्दील कर दिया था। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के लिये पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा। यहां पर प्राथमिक विद्यालय अगौना के साथ ही पूरे बसंती को मतदान केन्द्र बनाया गया था। ग्राम प्रधान का उप चुनाव की समय सीमा समाप्त होने के बाद उपजिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सत्तर फीसदी मतदान हुआ है।

# समाज के उत्थान के लिये व्यक्ति का शिक्षित होना बहुत जरुरी : देवी शरण बाजपेयी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । शिक्षक समाज को नई दिशा प्रदान करता है और शिक्षित व्यक्ति क्षेत्र के साथ ही समाज का विकास और उत्थान कर सकता है इसलिये आज के बदलते परिवेश में शिक्षा बहुत जरुरी है।इस विद्यालय में बच्चों को शिक्षा अनुशासन के साथ ही संस्कार का पाठ पढ़ाया जाता है।यह बात श्रीराम कृष्ण पब्लिक स्कूल सेमरौता के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेयी ने कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में श्रीराम कृष्ण पब्लिक स्कूल द्वारा जो शिक्षा की अलख जगाई जा रही है उसकी जितनी सराहना की जाय वह कम है।यहां के शिक्षकों द्वारा बच्चों को अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाया जाता है।विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक राम कुमार तिवारी ने वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेयी का इक्कीस किलो की माला पहनाकर अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजली तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर कन्हैया लाल त्रिपाठी, शिवा जी वर्मा, बाल कृष्ण तिवारी,सोमनाथ अवस्थी,जगदीश त्रिवेदी, देवी प्रसाद मिश्रा, शिव कुमार तिवारी, पवन कुमार, शिव प्रकाश तिवारी, अविनाश श्रीवास्तव,आनंद तिवारी, दुर्गा प्रसाद त्रिवेदी, नीरज शुक्ला,सुशील तिवारी, महिमा, नमिता, बबिता सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

### न्यूज 4 एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न मुख्य अतथि के तौर पर पहुंची ब्लॉक प्रमुख

पीलीभीत।किसान उत्पादक संगठनों का गठन व संवर्धन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय किसान उत्पादक संगठन प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र टांडा बिजैसी न्यूरिया कला में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस ढाका, वैज्ञानिक डॉक्टर संतोष गुप्ता, डॉ अमरजीत राठी, सीईओ सन्तोष गुप्ता सहित अन्य सम्मानित किसान भाई उपस्थित रहे हैं।

# ग्राम प्रधान उपचुनाव का एसडीएम सदर और सीओ सिटी ने लिया जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। ग्राम सभा चुनहा (करौंदिया देहात), ब्लॉक दूबेपुर, थाना कोतवाली नगर में चल रहे ग्राम प्रधान उपचुनाव का एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी और सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं को सुरक्षा का एहसास दिलाया और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू और शांतिपूर्ण रूप से चल रही है, जिसमें मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। प्रशासन की सतर्कता से अब तक चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो रहा है।मतदान जारी है और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है,जिससे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित किया जा सके।

# पत्रकारों का भी पुलिस वेरिफिकेशन होना आवश्यक : जेसीआई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पत्रकारिता के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों व अपराधिक किस्म के लोगों की बढ़ती भीड़ से पत्रकारिता की छवि तार-तार हो रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की बढ़ती अनियंत्रित भीड़ पर नियंत्रण हेतु सरकार को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यह बात जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) की वर्चुअल बैठक में उठी। उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों का कहना था कि यदि सरकार अब भी इस ओर विशेष ध्यान नहीं देगी तो पत्रकारिता का अस्तित्व संकट में पड़ जायेगा, और पत्रकारिता की गरिमा धूमिल होकर रह जायेगी। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ़ इंडिया (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनुराग सक्सेना द्वारा इस पर कड़ी चिंता जताई गई। उन्होंने कहा कि इस पर न्याय संगत कार्रवाई हेतु, संगठन की ओर से एक पत्र देश के गृह मंत्री को भेजा जा रहा है। पत्र में संगठन ने आग्रह किया है कि सरकार पत्रिकारिता के क्षेत्र में आने वालों के लिए एक आवश्यक नीति निर्धारण करे और पत्रकार बनने से पूर्व उनका पुलिस वेरिफिकेशन कर उनके चरित्र का सत्यापन अवश्य करायें। उल्लेखनीय है कि आज पत्रकारिता के क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का बढ़ता दायरा पत्रकारिता के लिए नासूर और घातक बनता जा रहा है। ऐसे लोग अपनी आदतों और कारनामों को छिपाने, दबाने के लिए पत्रकारिता का चोला ओढ़कर लगातार पत्रकारिता की छवि को धूमिल कर रहे हैं। ऐसे लोग पत्रकार बनकर समाज में राजनैतिक लोगो के संपर्क के साथ साथ अधिकारियों, कर्मचारियों पर रौब जमाकर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। संगठन ने अपने पत्र में कहा है कि जिस प्रकार जनसंपर्क विभाग मान्यता के लिए पत्रकारों का पुलिस वेरीफिकेशन करवाती है। उसी प्रकार सरकार यह नियम बनाये कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाले हर शक्स का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य हो। इसके साथ ही पत्रकार संगठनों के लिए भी अनिवार्य कर दें कि वे उन्हें ही सदस्य बनाए जो पत्रकार सदस्यता आवेदन फार्म के साथ पुलिस वेरीफिकेशन दें या स्वयं प्रमाणित करें कि उसके खिलाफ कोई अपराधिक प्रकरण नही है और न ही कभी ऐसा अपराधिक मामला रहा है जिसमें उसे कोई सजा हूई हो। इसी के साथ पत्रकार संगठनों को भी निर्देशित करें कि सही व्यक्ति को ही पत्रकार संगठन का सदस्य बनाया जाये, ताकि असल कलमकारों के साथ न्याय हो और समाज में पत्रकारो को वह सम्मान मिले जिसके वह हकदार हैं। श्री सक्सेना ने सरकार से इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आग्रह किया है ताकि पत्रकार व पत्रकारिता की छवि को बचाया जा सके।

# आधा दर्जन से अधिक गौशाला संचालकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के आधा दर्जन से अधिक गौशाला संचालकों ने अपने हाथ खड़े कर दिये हैं और तीन माह से बकाया राशि का भुगतान नही होने से संचालकों ने नाराजगी जाहिर की है। गौशाला संचालकों ने बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी सिंहपुर को ज्ञापन देकर पांच दिन के अंदर धन आवंटित करने की मांग की है अन्यथा गौशालाओं की चाभी ब्लाक मुख्यालय पर जमा करने की चेतावनी दी है।विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत रस्तामऊ,खारा, महिया सिंदुरिया,जैतपुर,सिंहपुर, दांदूपुर,फूला, लौली के ग्राम प्रधानों ने बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में लिखा है कि इन गौशालाओं का नवम्बर, दिसम्बर और जनवरी माह का पशुओं के लिये चारा आदि के लिये धन आवंटित नही किया गया है जिसके चलते गौशाला संचालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वही पशुओं के लिये चारे की व्यवस्था नही होने से पशु भी परेशान हो रहे हैं।गौशाला संचालकों ने खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार के माध्यम से जिला अधिकारी को भेजे गये ज्ञापन में पांच दिवस के अंदर बकाया शेष राशि आवंटित करने की मांग करते हुये कहा है कि अगर पांच दिन में धनराशि आवंटित नही की जाती तो गौशाला संचालक गौशालाओं से सम्बन्ध तोड़ लेंगे जिसकी जिम्मेदारी ब्लाक से लेकर जनपद तक के अधिकारियों की होगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान फूलकली, सरजू प्रसाद, सर्वेश कुमार विश्वकर्मा, अजय सिंह,महजबी, सोनिया रानी,सुनीता सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### गायत्री शक्तिपीठ में नशा मुक्ति अभियान को लेकर की बैठक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में स्थित गायत्री शक्ति पीठ में जमात ए इस्लामी हिन्द की तरफ से चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत वहाँ पर उपस्थित लोगों को मुहीम कन्वेनर मोहतशिम रज़ा खान द्वारा अभियान का परिचय कराते हुए नशे के दुष्प्रभावों और समाज पर पड़ते प्रभाव को विस्तृत रूप से बताया हैं। साथ ही भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए उपस्थित लोगों का इस अभियान में सहयोग करने की अपील भी की है।नशा मुक्ति अभियान में मुख्य रूप से नजमुल हसन क़ादरी सहित कई स्कूलों के प्रबंधक व छात्र छात्राओं सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे हैं।

### एमसीएच विंग के शुभारंभ के बाद पहुंचे सीएमओ ने निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का प्रसव व ओपीडी की सुविधा नई बिल्डिंग में शुरू कर दी गई है। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए पीलीभीत सीएमओ डॉ आलोक कुमार ने एमसीएच विंग के शुभारंभ के बाद आज वुधवार दो बजे पहुचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती महिलाओं से भी हालचाल जाना और स्टाफ के व्यवहार के बारे में भी मरीजों से जानकारी की। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष राज शर्मा को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने व साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया है।

### पत्नी को मौत के घाट उतारने वाला बीएसएफ जवान गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने पत्नी को दहेज की खातिर जलाकर मौत के घाट उतारने के मामले में आरोपित पति बीएसएफ जवान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपित पति के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उप निरीक्षक संकठा प्रसाद मौर्या मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या के मामले में वांछित सर्वजीत कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र वर्तमान पता ग्राम लालगंज मजरे मोहना थाना जायस जनपद अमेठी व मूल निवासी ग्राम नन्दगंज थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब चौंतीस वर्ष को कंचाना मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आरोपित पति को जेल भेज दिया गया है।

### सबा अस्पताल में टीबी मरीजों को बांटी गयी पोषण पोटली

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कस्बा तिलोई स्थित सबा अस्पताल में बुधवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पांच मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई के अधीक्षक डॉ अवनीश चंद्रा ने मरीजों से कहा कि यह पोषण पोटली उनके लिये ताबूत का काम करेगा इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है तथा पोषण पोटली से उनके रोग को मजबूत बनाया जा सकता है। डॉ चंद्रा ने सबा अस्पताल की इस नई पहल पर वहां के संचालक डॉ रिजवान अहमद खान का आभार भी व्यक्त किया और कहा कि तिलोई में सबा अस्पताल ने टीबी मरीजों को नई पहल के रूप में जिस तरह पोषण पोटली का वितरण किया है इस तरह और लोगों को भी आगे आना चाहिये ।उक्त पोषण पोटली में एक किलो चना, गुड़ ,राजमा ,सोयाबीन, मूंगफली एवं प्रोटीन पाउडर उपलब्ध है ।पोषण पोटली के वितरण के समय सबा अस्पताल के संचालक ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी डॉ अंशुमान सिंह के दिशा निर्देशन में यह पहल हमने मरीजों के लिये शुरू की है और उन्हीं के प्रेरणा से सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को टीबी मरीजों के लिए निः शुल्क एक्सरे व जांच की सुविधा हमारे अस्पताल में संचालित ह जिसका क्रम चलता रहेगा तथा मरीजों के लिये जो भी संभव होगा हमेशा उनकी सेवा के लिए हम तत्पर प्रयासरत रहेंगे।इस अवसर पर सीएचसी के बीसीपीएम कमलेश द्विवेदी, क्षय रोग के पर्यवेक्षक अजय कुमार सीपीएम आदि लोग मौजूद रहे।

### 12वें इमाम के जन्म दिवस पर मनाया गया जश्न

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मरहूम जीशान हैदर के भाइयों की तरफ से मंगलवार की रात में हुसैनिया तुराबखानी के सामने बारहवे इमाम के जन्म दिवस के अवसर पर एक महफिल ए मकासेदा शेरो शायरी का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले महफिल की शुरूआत तलवावते कुरान पाक से मौलाना फरमान हैदर ने की और तकरीर मौलाना आसिफ नकवी ने की। उन्होंने ने कहा हमारे बारहवे इमाम अभी जिन्दा हैं खुदा ने उन्हें परदे में छिपा कर रखा है जब दुनिया जुल्म व जौर से भर जायेगी तब खुदा उन्हें दुनिया में भेजेगा वह दुनिया में आकर हर जुल्म का बदला लेंगे और अदल और इन्साफ की हुकूमत करेंगे उन्हीं के जश्न में यह कार्यक्रम किया गया। जिसका संचालन किरतास करबलाई ने किया और अब्बास इफतेखारी मशहद जलालपुरी मुनव्वर जलालपुरी शम्श तबरेज मुजफ्फरनगरी नायाब बलियावी फाजिल जरैलवी रजी बिसवानी जोहैर सुलतानपुरी आबिस सुलतानपुरी ने कसीदा पढ़ा। इस मौके पर रजमी सुलतानपुरी मजाहिर सुलतानपुरी आलम सुलतानपुरी हैदर सुलतानपुरी मौलाना बबर अली खान मौलाना जीशान हैदर सुलतानपुरी मौलाना शब्बर हुसैन खान मौजूद रहे इसकी जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो बच्चों के साथ गायब हुई महिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। ननद के लिए घर जाने के दो बच्चों को लेकर निकली महिला रास्ते से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। चार दिन बाद महिला व बच्चों का सुराग नहीं लग सका है। वहीं घर पर मौजूद दो बच्चे रो रो कर बेहाल हैं। अनहोनी की आशंका जताते हुए परिवार वालों के साथ नात रिश्तेदार भी हैरान परेशान हैं। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पाण्डेयपुर गांव निवासी सुनीता पत्नी स्व. बसंत कुमार गुप्ता के चार बच्चे हैं। पति की करीब पांच -सात साल पहले मौत होने के बाद सुनीता चार बच्चों को लेकर ससुर के साथ रहती है। बताया जाता है कि, रविवार को सुबह वह अपने एक बेटी और एक बेटे को लेकर अपनी ननद के घर नगर कोतवाली के कबरी गांव के लिए निकली थी। शाम तक वह वहां नहीं पहुँची तो परिजनों ने अन्य रिश्तेदारों के फोन करके पता, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

अब परिजनों में किसी अनहोनी की आशंका सताने लगी है। परिजनों ने पुलिस से खोजबीन किए जाने की मांग की है।

# धूमधाम से मनाई गईं वीर शिवाजी की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। छत्रपति शिवाजी महाराज के 395 वाँ जन्मोत्सव बैंक कालोनी, कुशभवनपुर में भाषण प्रतियोगिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभाग संघचालक डॉ ए के सिंह और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव ने छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया गया। डॉ एके सिंह ने अपने संबोधन में शिवाजी की वीरता पर प्रकाश डालते बताया कि वीर शिवाजी समाज के लिए शौर्य और राष्ट्रीयता के प्रतीक हैं। हमारे युवाओं को शिवाजी की जीवनी को पढ़कर आत्मसात करते हुए प्रेरणा लेनी चाहिए। शिवाजी की सोच राष्ट्र समर्पित और दूरदर्शी थी। शिवाजी नौसेना के जनक भी माने जाते हैं। वक्ताओं में डॉ सलिल श्रीवास्तव और जिला प्रचारक आशीष ने वीर शिवाजी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वीर शिवाजी भाषण प्रतियोगिता में अंश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, आयांश पांडेय, दिव्यांश तिवारी, अमित विक्रम सिंह, रोहन वर्मा आदि ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अयांश पांडेय, द्वितीय दिव्यांश तिवारी और अथर्व प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को पुस्तक और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक स्कन्द प्रताप सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह और आरपी पाण्डेय थे। कार्यक्रम का संचालन अखिल प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में राजेश कुमार सिंह, पूर्व सभासद अरुण सिंह, सुनील सिंह, अखंड प्रताप सिंह, भूपेश सिंह, रमेश चंद्र दुबे, हरिशंकर सिंह, जे बी सिंह, योगेश सक्सेना, हुबदार सिंह, अनुपम सिंह, अवधेश सिंह, राजमणि वर्मा, रामपति यादव, रमेश यादव, सुशील सिंह, सुनील सिंह, पी एन फौजी के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# 'असली' दुश्मन कौन

जब ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा दलील देते हैं कि भारत को चीन को अपना दुश्मन नहीं मानना चाहिए, तो सवाल पैदा होता है कि आखिर इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष और तत्कालीन रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने चीन को भारत का दुश्मन नम्बर वन क्यों करार दिया था? दरअसल, 1962 के भारत-चीन युद्ध से लेकर 2020 के गलवान घाटी हिंसक झड़प तक, क्रमशः उसके पहले या इसके बाद भारत को लेकर चीन के जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार दिखते आए हैं, उससे तो यही प्रतीत होता है कि चीन भारत का मजबूत दुश्मन है। नेहरू-मोदी की मित्रता की भावना को उसने कुचला है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से पता चलता है कि भले ही ईसाईयत और इस्लाम से सम्भाव्य मुकाबले के लिए हिंदुत्व (भारत) को बुद्धत्व (चीन) की जरूरत पड़ेगी, लेकिन इसके लिए दोनों देशों को समझदारी भरी दूरदर्शिता दिखानी पड़ेगी, अन्यथा वैश्विक परिस्थितियों की धर्मांध चक्की में दोनों देश पिसे जाएंगे और युगों-युगों तक पछताएंगे। इसलिए स्वाभाविक सवाल है कि भारत का असली दुश्मन कौन है? तो जवाब होगा कि भारत के कई दुश्मन हैं और इसके कारण भी अलग-अलग हैं। जहां तक राजनीतिक नजरिए और भौगोलिक सीमाओं का सवाल है तो चीन हमारा दुश्मन नम्बर वन है। वहीं, पाकिस्तान दुश्मन नम्बर 2, बंगलादेश दुश्मन नम्बर 3, नेपाल दुश्मन नम्बर 4, श्रीलंका दुश्मन नम्बर 5, मालदीव दुश्मन नम्बर 6, म्यामांर दुश्मन नम्बर 7, अफगानिस्तान दुश्मन नम्बर 8 और भूटान दुश्मन नम्बर 9 हैं। इन सबकी दांवपेंच भरी नीतियों से भारत किसी न किसी रूप में परेशान रहता है, क्योंकि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, रूस और पश्चिमी देशों के शह पर ये भारत विरोधी नीतियों पर बहुधा अमल करते आए हैं। वहीं, सांस्कृतिक नजरिए से हिन्दू विरोधी होने के कारण कट्टर इस्लाम, ईसाई, सिख, बौद्ध आदि के आंतरिक गठजोड़ भी भारत के लिए आस्तीन के सांप जैसे हैं। क्योंकि पाकिस्तान, तुर्किये, ईरान आदि की शह पर कभी मुस्लिम देशों के संघ द्वारा, तो कभी ईसाई देशों के संघ द्वारा और इनके धर्मांध कारोबारियों द्वारा भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं। साथ ही जैसे भारतीय मूल वाले सिख धर्म से जुड़े विदेशी लोगों को कनाडा-यूएसए द्वारा, दलित बौद्धों को चीन द्वारा भड़काया जाता है, अलगाववाद को बढ़वाया जाता है, वह भी भारत के भविष्य से दुश्मनी जैसा ही है। क्योंकि इनको शह देने वाले मुल्क भारत के हिंदुओं की जातीय और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काकर न केवल धर्मांतरण करवाते हैं, बल्कि गृह युद्ध के बीज भी यत्र-तत्र-सर्वत्र बुनते रहते हैं। दलित-ओबीसी साहित्य, साम्प्रदायिक इतिहास को शह आदि इनके सांस्कृतिक औजार बन चुके हैं। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में गुटनिरपेक्षता, सत्य व अहिंसा से अभिप्रेरित वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया जैसी उदात्त सोच से ग्लोबल साउथ मतलब तीसरी दुनिया के देशों के हितों की वकालत के चलते भी पश्चिमी राष्ट्र कनाडा, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली आदि भारत से कभी प्रत्यक्ष और कभी परोक्ष शत्रुता रखते आए हैं। हालांकि, कड़वा सच यह है कि भारत के असली शत्रु हमारे मूढ़ राजनेता हैं, जो 'महाभारत' काल से अभिप्रेरित सार्थक नीतियों को प्रश्रय देने तथा राष्ट्रवाद-हिंदूवाद को संरक्षित करने के बजाय पश्चिमी लोकतंत्र प्रेरित उस क्षुद्र धर्मनिरपेक्षता की वकालत करते आए हैं जो एक अंतर्राष्ट्रीय नैतिक महामारी समझी जाती है। चूंकि इसके सिद्धांत और व्यवहार में काफी अंतर दुनिया के देशों में पाया जाता है, इसलिए एशियाई संदर्भ में यह धर्मनिरपेक्षता भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति को कुचलने का एक बौद्धिक हथियार समझी जाती है। इसके अलावा दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा की जातीय अवधारणा, आदिवासी और आर्य के अंतर्राष्ट्रीय विभेद, अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के धार्मिक विभेद, भाषाई क्षेत्रवाद और एक समान कानून बनाने के बजाय आभिजात्य वर्गों के हितों के मुताबिक कानून निर्माण और इनको लेकर बहुमत-अल्पमत की आत्मघाती राजनीति ऐसे संवैधानिक सवाल हैं जिसका विवेकसम्मत समाधान हमारे राजनेताओं को देना चाहिए लेकिन वह पीछे 75 साल में वह इस मामले में विफल रहे हैं।

# वर्तमान युग में क्यों महत्वपूर्ण हैं गुरुजी की शिक्षाएँ


**किसी समाज की राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण समाज पर भी पड़ सकता है। गुरुजी ने एक एकीकृत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति, धर्म और साहित्य के साथ-साथ समाजवाद, मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का भी गहन अध्ययन किया। अपने व्याख्यानों और भाषणों में उन्होंने मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण दोनों की आलोचना की। वे अक्सर भारतीय दर्शन और साहित्य की तुलना मार्क्सवाद और उसकी विचारधारा से करते थे। गुरुजी ने मार्क्सवाद के आर्थिक नियतिवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद और वर्ग संघर्ष के मूल सिद्धांतों को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद दुनिया को एकजुट कर सकता है। उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया वह आवश्यक था। भौतिकवादी विचारधारा, जो मनुष्यों को भौतिक पशु मानती है और भौतिक हितों को प्राथमिकता देती है, एकता और सद्भाव के बजाय प्रतिस्पर्धा और संघर्ष को जन्म देती है। तर्क सीधा है। भौतिक स्तर पर, केवल विविधता और अंतर है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिव गोलवलकर, जिन्हें सभी लोग गुरुजी के नाम से पुकारते हैं, उनका दर्शन और विश्वदृष्टि, सनातन धर्म के ठोस और वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित थी, जिससे उनका दृष्टिकोण स्पष्ट और असंदिग्ध था। इसका मतलब यह नहीं है कि उनके विचार प्राचीन सिद्धांतों से अडिग रूप से बंधे हुए थे। सेमेटिक धर्मों के विपरीत, हिंदू धर्म ने लगातार लचीलापन और अनुकूलनशीलता का प्रदर्शन किया है। सनातन धर्म मौलिक और शाश्वत है, फिर भी हमारे ऋषियों ने समय के निरंतर बीतने के कारण परिवर्तन की अनिवार्यता को पहचाना। नतीजतन, सनातन धर्म के सिद्धांतों को आँख मूंदकर या कट्टरता से नहीं बल्कि सोच-समझकर और प्रासंगिक रूप से लागू किया जाना चाहिए। गुरुजी ने इस अंतर को अच्छी तरह से समझा और तदनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया।

जीवों में एक सुखी, देखभाल करने वाला और शांतिपूर्ण जीवन जीने की एक अंतर्निहित प्रवृत्ति होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे दुनिया ने पश्चिमीकरण को अपनाया है, विकसित भौतिकवादी मानसिकता ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर भारी असर डाला है, जिससे वे अपने आसपास की शांति, आनंद और सामंजस्य खो रहे हैं। अधिकांश लोग लालच, शत्रुता, विनाशकारी मानसिकता और अहंकारी रवैये जैसी कई नकारात्मक विशेषताओं के साथ एक यांत्रिक अस्तित्व जीते हैं, मानवता की भावना को खो रहे हैं और प्रकृति के विरुद्ध काम कर रहे हैं। महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और उच्च जीवन स्तर के बावजूद, दुनिया भर के व्यक्ति दुखी, असंतुष्ट हैं और सामाजिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। पश्चिमी उपभोक्तावाद की अवधारणा हानिकारक है, क्योंकि यह व्यक्तियों को केवल वस्तुओं और ग्राहकों के रूप में देखता है। इससे सभी उपलब्ध रास्तों का शोषण होता है, अक्सर मानवता और पर्यावरण अखंडता की कीमत पर। इसके अलावा, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सामाजिक संबंध और कल्याण को बढ़ावा देने के बजाय उपभोक्तावाद पर ध्यान केंद्रित करके डिज़ाइन किया गया है। इसलिए गुरुजी की शिक्षाएँ आज की दुनिया में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्हें समाज, राष्ट्र और विश्व के सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयामों की पूरी जानकारी है। उनकी कुछ शिक्षाएँ हमारी बेहतर समझ के लिए प्रस्तुत हैं।

किसी समाज की राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव पूर्ण समाज पर भी पड़ सकता है। गुरुजी ने एक एकीकृत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक दृष्टिकोण विकसित किया। उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति, धर्म और साहित्य के साथ-साथ समाजवाद, मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण जैसी पश्चिमी विचारधाराओं का भी गहन अध्ययन किया। अपने व्याख्यानों और भाषणों में उन्होंने मार्क्सवाद और पश्चिमीकरण दोनों की आलोचना की। वे अक्सर भारतीय दर्शन और साहित्य की तुलना मार्क्सवाद और उसकी विचारधारा से करते थे। गुरुजी ने मार्क्सवाद के आर्थिक नियतिवाद, द्वंद्वात्मक भौतिकवाद और वर्ग संघर्ष के मूल सिद्धांतों को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि न तो साम्यवाद और न ही पूंजीवाद दुनिया को एकजुट कर सकता है। उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया वह आवश्यक था। भौतिकवादी विचारधारा, जो मनुष्यों को भौतिक पशु मानती है और भौतिक हितों को प्राथमिकता देती है, एकता और सद्भाव के बजाय प्रतिस्पर्धा और संघर्ष को जन्म देती है। तर्क सीधा है। भौतिक स्तर पर, केवल विविधता और अंतर है। वे अलगाववाद और बहिष्कार को बढ़ावा देते हैं। जो व्यक्ति केवल भौतिक वास्तविकता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उनमें एकता और एकीकरण की कमी हो सकती है। सहयोग पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। जब हम स्पष्ट मतभेदों से परे देखते हैं, तो हम एक सूक्ष्म एकता देख सकते हैं जो सभी स्थूल प्राणियों को एक सुसंगत पूल में जोड़ती है।

गुरुजी के अनुसार, भौतिकवादी मानते हैं कि हम सभी स्वतंत्र व्यक्ति हैं जिनका कोई सामान्य संबंध या लगाव नहीं है। कार्ल मार्क्स के सिद्धांत वर्ग संघर्ष और पूंजीवाद पर वर्गहीन समाज की जीत पर केंद्रित हैं। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि आपसी नापसंदगी और दुश्मनी सफलता की



ओर ले जा सकती है। उन्हें लगा कि साम्यवाद वर्ग विभाजन और नफरत पैदा कर सकता है, जो अंततः वर्ग संघर्ष को जन्म देता है। कार्ल मार्क्स की विचारधारा कटुता और आपसी दुश्मनी पर जोर देती है। उन्होंने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए वर्ग शांति, सहयोग और आपसी समझ पर जोर दिया। उनका मानना था कि वर्ग भेद समाज को विभाजित करते हैं, जो राष्ट्र के लिए हानिकारक है। सोवियत संघ और चीन को व्यापक रूप से मार्क्सवादी-आधारित साम्यवाद के सबसे प्रमुख उदाहरण माना जाता है। उनके अनुसार, चीन और रूस ने ऐतिहासिक रूप से सत्ता हासिल करने के लिए समाजवाद का इस्तेमाल किया है, जिसके कारण विनाशकारी कदम उठाए गए हैं। दोनों देशों में प्रभुत्व के भूखे अधिकारियों ने राजनीतिक प्रभुत्व हासिल करने के लिए ऐतिहासिक रूप से अपने ही नागरिकों को नुकसान पहुंचाया है। चीन और रूस उन्नत और विकसित होने का दावा करते हैं, लेकिन दोनों का लक्ष्य वैश्विक प्रभुत्व स्थापित करना है। गुरुजी इस स्वभाव और व्यवहार को राक्षसी मानते हैं।

उपभोक्तावाद हिंदू संस्कृति के लोकाचार के साथ असंगत है। हमारा आदर्श वाक्य ''अधिकतम उत्पादन और समान वितरण'' होना चाहिए, जिसमें राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता हमारा तात्कालिक लक्ष्य हो। बेरोजगारी और अल्परोजगार को युद्ध स्तर पर संबोधित किया जाना चाहिए। जबकि औद्योगीकरण आवश्यक है, लेकिन इसे पश्चिम की नासमझ प्रतिकृति होने की आवश्यकता नहीं है। प्रकृति का दोहन किया जाना चाहिए, शोषण नहीं। पारिस्थितिकी कारक, प्राकृतिक संतुलन और भावी पीढ़ियों की जरूरतों पर विचार किया जाना चाहिए। पारिस्थितिकी, अर्थशास्त्र और नैतिकता सभी पर एक साथ विचार किया जाना चाहिए। प्रत्येक नव स्वतंत्र राष्ट्र के नेतृत्व की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने नागरिकों की मानसिक संरचना में आवश्यक परिवर्तन को प्रभावित करना है। गुरुजी नव स्वतंत्र भारत की मानसिकता से अच्छी तरह वाकिफ थे। अंग्रेजों ने भारत को न केवल राजनीतिक और आर्थिक रूप से गुलाम बनाया था, बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में सांस्कृतिक रूप से भी गुलाम बनाया था। वे अपनी दुर्भावनापूर्ण योजनाओं में काफी हद तक सफल भी हुए थे।

हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं ने इस सत्य को समझा और स्वदेशी, गोरक्षा, स्वभाषा, हिंदी आदि पर जोर देकर इस आत्मघाती मानसिकता को खत्म करने का प्रयास किया। डॉक्टर जी का अनुसरण करते हुए गुरुजी ने संघ के माध्यम से लोगों में इन विचारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पहल की। स्वदेशी पर उनका विश्वास सर्वव्यापी था। स्वदेशी की उनकी अवधारणा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तक सीमित नहीं थी; इसमें दैनिक जीवन के सभी तत्व शामिल थे, जैसे कि हमारी मूल भाषाओं में विवाह के निमंत्रण या कार्यक्रम की बधाई भेजना, साथ ही हिंदू परंपरा के अनुसार जन्मदिन मनाना आदि।

इन दृष्टिकोणों का विशेष महत्व है। ये केवल दार्शनिक ग्रंथ नहीं हैं। गुरुजी केवल एक बौद्धिक दार्शनिक से कहीं अधिक थे। वे हिंदू दर्शन और उसकी जटिलताओं को अच्छी तरह समझते थे। एक व्यावहारिक नेता और राष्ट्रव्यापी आंदोलन के मार्गदर्शक के रूप में उन्होंने अपने दर्शन को व्यक्तिगत अनुभव और प्रयोग के माध्यम से परखा। वे वास्तविक दुनिया के मुद्दों और चुनौतियों पर केंद्रित रहे। उनका दृष्टिकोण हिंदू आध्यात्मिक परंपरा पर आधारित होने के बावजूद अत्यधिक व्यावहारिक था।

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मजबूत व रचनात्मक विपक्ष जरूरी

**प्रियंका सौरभ**

लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर टीका-टिप्पणी व हंगामे के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए मज़बूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। ''विधेयक पर बातचीत करते हुए उसे समाप्त कर देना'' या ''विधेयक पर बात न करना'' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर ज़ोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीक़ा है। संसदीय चर्चाओं में पुराने ज़माने के दोषारोपण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएँ फलदायी बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मज़बूत किया जाना चाहिए।

तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नकाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है; अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की ज़रूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी।

प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुँचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है।

## सेहत मंत्र

# मिर्गी को जड़ से खत्म करती है भांग की दवा

एपिलेप्सी या मिर्गी ऐसी अवस्था है जबकि व्यक्ति को असमय झटके आते हैं या फिर कुछ समय के लिए उसकी चेतना तक चली जाती है। ऐसा मस्तिष्क में असंतुलित इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी के कारण होता है। सामान्यतः मिर्गी बचपन में होती है जो अगर लाइलाज रहे तो उसके लक्षण बार-बार सामने आने लगते हैं। मगर कुछ मौकों पर स्ट्रोक के कारण भी बुजुर्गों में मिर्गी के लक्षण व्यक्त होने लगते हैं। मिर्गी के झटके ज्यादा आते हैं या कभी-कभार, यह इस बात से तय करता है कि असामान्य इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी से मस्तिष्क का कितना हिस्सा प्रभावित है। बांबे हेंप कंपनी के सह-संस्थापक जहान पेस्टोन जामास ने शुक्रवार को कहा मिरगी जैसे क्रोनिक रोगों के इलाज में भांग से बनने वाली दवाइयां असरदार साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि कई अनुसंधान से पता चला है कि भांग का दुष्प्रभाव नगण्य होता है जबकि औषधीय गुणों के कारण मानसिक रोगों के अलावा कैंसर के इलाज में भी इससे निर्मित दवाइयों का उपयोग हो सकता है। बांबे हेंप कंपनी (बोहेको) वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (आईआईआईएम) की ओर से यहां आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर आईएएनएस से बातचीत में जमास ने कहा, ''भांग में टेट्रा हाइड्रो कैनाबिनोल (टीएचसी) नामक एक रसायन होता है, जिससे नशा होती है। इसके अलावा भांग में सारे औषधीय गुण ही होते हैं। उन्होंने कहा कि टीएचसी का उपयोग दर्द निवारक दवाओं में किया जाता है, जो कैंसर से पीड़ित मरीजों को दर्द से राहत दिलाने में असरदार होती है। जमास ने कहा कि दवाई बनाने के लिए भांग की खेती करने की जरूरत है, लेकिन वर्तमान नारकोटिक्स कानून में भांग की पत्ती और फूल दोनों को शामिल किए जाने से इसमें रुकावट आती है।

## धर्म मंत्र

# भगवान राम को घर-घर पहुंचाने वाले तुलसीदास अपने घर में उपेक्षित

विश्व भर में भगवान राम को घरों में पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास अपने घर चित्रकूट में ही उपेक्षित है। उनका जन्म संवत 1554 में सावन मास की सप्तमी को चित्रकूट राजापुर में हुआ था। जन्म के समय रामनाम का उच्चारण करने की वजह से उनका नाम रामबोला पड़ गया था। आत्माराम दुबे और हुलसी की इस संतान का बचपन काफी अभाव में बीता लेकिन पत्नी रत्नावली के अगाध प्रेम ने जीवनधारा ही बदल दी। रामबोला बाबा नरसिंहदास के सानिध्य में आने के बाद तुलसीदास के रूप में हीरा बनकर चमके। बाबा उन्हें अयोध्या ले गए और उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराया। तुलसीदास ने इसके बाद देश के विभिन्न तीर्थो में घूम कर रामचरित मानस को लिखा। उनकी हस्तलिखित रामचरित मानस का अयोध्या कांड आज भी राजापुर के मानस मंदिर में रखा है। बाबा की इस धरोहर की रक्षा उनके शिष्य वंशज मानस मंदिर के महंत रामाश्रय त्रिपाठी कर रहे हैं। उनके मुताबिक आज लोग बाबा की जन्म स्थली को लेकर विवाद करने लगे हैं लेकिन गोस्वामी तुलसीदास का जन्म राजापुर में हुआ था इसका सबसे बड़ा प्रमाण हस्तलिखित रामचरित मानस है। साथ ही उन्होंने यहां पर संकट मोचन मंदिर स्थापित किया था। जहां बाबा प्रतिदिन पूजा करने जाते थे। एक बार तुलसीदास जी हनुमान जी को ढूंढते हुए उनके पास पहुंच गए और कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन करवा दें। हनुमानजी के आश्र्वासन के बाद बाबा तुलसी जब रामघाट पर लोगों को चंदन लगा रहे थे तभी बालक के रूप में भगवान राम इनके पास आए और कहने लगे कि बाबा हमें चंदन नहीं दोगे।

## पर्यटन



# एक सींग वाले गैंडे देखने हैं तो काजीरंगा नेशनल पार्क आइए

वाइल्ड लाइफ देखने वालों के लिए भारत में कई सारे नेशनल पार्क हैं जहां जाया जा सकता हैं। लेकिन कहते हैं हर जंगल के जानवरों की अपनी अलग पहचान होती हैं। भारत के सभी नेशनल पार्कों में से एक है असम का काजीरंगा नेशनल पार्क, जो 36 वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में से एक है। काजीरंगा नेशनल पार्क में आपको एक सींग वाले गैंडे देखने को मिलेंगे। यहां एक सींग वाले गैंडों की संख्या भी ज्यादा है इसलिए काजीरंगा नेशनल पार्क पूरी दुनिया में मशहूर है। ये असम का सबसे पुराना दर्शनीय स्थल है, यह असम के नौगाँव जिले में स्थित है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडे के अलावा यहां हाथियों के समूह, जंगली बिल्ली, सियार, हिरण, सांभर, लंगूर, तेंदुआ एवं विभिन्न प्रकार के जानवर देख सकते हैं। अन्य पार्कों में मानस नामेटी नैशनल पार्क, ऑरेंज नेशनल पार्क भी पर्यटक देख सकते हैं। काजीरंगा यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थलों की सूची में इसका प्रमुख स्थान है। इसके अलावा यहां बाघ और अन्य जीव भी खूब पाए जाते हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क, असम के बीचों-बीच नौगाँव में 430 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के अंदर बना हुआ है और इसके अंदर ही एक सींग वाले गैंडे की कई प्रजातिया हैं जैसे राइनोसेरोस, यूनीकोर्निस। 1905 में बने इस नेशनल पार्क की सुंदरता सर्दियों के मौसम में और निखर आती है क्योंकि ये हरे-भरे जंगल और यहां के जानवर साथ ही असम का मौसम इस पार्क की खूबसूरती को और बढ़ा देता है। काजीरंगा की एक खास बात ये भी है कि यहां विभिन्न प्रजातियों के बाज, चीलें और तोते भी आते हैं। इस उद्यान का प्राकृतिक परिवेश वनों से युक्त है।

# छत्रपति शिवाजी के दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी : अंशुल विद्यार्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी वीरता और दूरदर्शी नेतृत्व ने स्वराज्य की नींव रखी। उनका जीवन युवाओं को साहस और न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रेरित करता रहेगा।प्रांत संगठन मंत्री बुधवार को फतेहपुर कस्बा के पटेल पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती पर आयोजित अभाविप के प्रतिभा संगम कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि छत्रपति महाराज प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं।इसके पूर्व छत्रपति शिवाजी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।विशिष्ट अतिथि आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि शिवाजी के शौर्य व पराक्रम एवं नेतृत्व क्षमता ने विदेशी आक्रमणकारियों के छक्के छुड़ा दिए। अभाविप के नगर अध्यक्ष मनोज सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत की।कार्यक्रम अध्यक्ष विजय आनंद बाजपेई ने विद्यार्थियों से छत्रपति शिवाजी एवं स्वामी विवेकानंद के बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।नगर के कई विद्यालयों में अभाविप द्वारा रंगोली और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसके विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में लक्ष्मी देवी इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रथम स्थान पर, लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध शुक्ल पी जी कॉलेज के विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर जबकि वारिस चिल्ड्रंस एकेडमी इंटर कालेज के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे।इसी प्रकार निबंध



## अभाविप का प्रतिभा संगम कार्यक्रम आयोजित छत्रपति शिवाजी की 395वीं जयंती मनाई गई

प्रतियोगिता में लेफ्टीनेंट अनिरुद्ध शुक्ल पी जी कॉलेज , द्वितीय स्थान पर सेठ स्वामी दयाल स्कूल, तथा तृतीय स्थान युगांतर इंटर कॉलेज रहा।

अभाविप के नगर मंत्री श्रीअंक यादव ने सभी का आभार ज्ञापित किया। संचालन सुधीर सैनी ने किया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अमन मिश्रा,योगेश सिंह, शुभम वर्मा ,विभु पाठक, भूपेंद्र सिंह, आलोक ,प्रिंस वर्मा , आदित्य , सुब्रत ,आदिवा,अल्फीसा , आरवी ,पल्लवी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य,शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अनुदेशकों ने लगाई योगी सरकार से गुहार,मानदेय में हो बढ़ोत्तरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। एक तरफ जहां केंद्र की सरकार कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर चुकी है तो वहीं प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में संविदा पर तैनात अनुदेशक 9000 के अल्प मानदेय में जीवन यापन करने के लिए विवश है।बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में रखे गए अनुदेशक सरकार की तरफ आस भरी नजरों से देख रहा है कि शायद विधानसभा में पेश होने वाले भारी भरकम बजट में इन अनुदेशकों का भी भला हो जाए। बताते चलें की वर्ष 2013 में पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को शारीरिक शिक्षा कला शिक्षा एवं कार्य अनुभव शिक्षा पढ़ाने के लिए 7000 के अल्प मानदेय पर अनुदेशकों की नियुक्ति की गई थी। इनकी नियुक्ति तत्कालीन समय में घर से काफी दूर पर की गई थी। अनुदेशकों का कहना है कि शिक्षक की तरह ही प्रशिक्षित लोगों की भर्ती की गई। जनपद स्तर पर मेरिट बनाई गई मगर 10 वर्ष से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी मानदेय 7000 से बढ़कर मात्र 9000 हुआ।

### बोले अनुदेशक......

छात्र संख्या कम होने पर अनुदेशकों का नवीनीकरण रोक दिया जाता है अतः सरकार के आला अधिकारियों से निवेदन है कि जिस प्रकार प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षामित्रो का स्वतः नवीनीकरण होता है उसी प्रकार अनुदेशकों को भी छात्र संख्या की बाध्यता को हटाकर स्वतः नवीनीकरण का लाभ दिया जाना चाहिए। सीसीएल,मेडिकल, उपार्जित अवकाश व अन्य विभागीय अवकाश जो अध्यापकों को दिए जाते हैं उनका लाभ हम अनुदेशकों को भी मिलना चाहिए।

**रमाकांत वर्मा**

हम उम्मीद करते हैं कि सरकार इस आम बजट में अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने की घोषणा करे। जितना मानदेय मिलता है उसममें खुद का खर्च चलाना मुश्किल है ऐसे में जब तक नियमितीकरण न हो तब तक सम्मानजनक दे जिससे हम अपने परिवार को पाल सके।

**शैलेंद्र सिंह**

महिला अनुदेशकों को कई प्रकार की विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है महिलाओं को सीसीएल मेडिकल व अन्य विभागीय अवकाश मिलने चाहिए।हम महिला अनुदेशकों को इतने अल्प मानदेय में शिक्षण कार्य के साथ-साथ पारिवारिक जिम्मेदारी उठाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**सुनीता**

महिला अनुदेशकों को भी अंतर्जनपदीय तबादले का लाभ मिले क्योंकि जब नियुक्ति हुई थी तब कई महिला साथी अविवाहित थी अब कई महिला अनुदेशकों की शादी दूसरे जनपद में हो गई है जिसके कारण वह अपने परिवार से दूर रह रही हैं।

**दीक्षा जायसवाल**

हम अनुदेशक अपने साथी शिक्षकों की भांति विद्यालय का सारा कार्य करते हैं। इस महंगाई को देखते हुए नियमावली बनाकर हमें सम्मानजनक मानदेय दिया जाए तथा साथ ही उसमें वार्षिक वृद्धि की व्यवस्था हो जिससे हम अपना जीवन यापन कर सकें।

**गिरीश चंद्र यादव**

# लखनऊ नगर निगम जोन 2 में चला अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर आयुक्त डॉ इंद्रजीत के आदेश के पर बुद्धवार को नगर निगम जोन 2 में वार्ड लेबर कॉलोनी में मीना बेकरी रोड से लेकर नीम वाली रोड तक दोनों पटरी पर किए गए अवैध स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान 50 बैनर, 110 पोस्टर और 10 होर्डिंग्स को हटाया गया। इसके अलावा, वार्ड मोतीलाल नेहरू चंद्रभानु गुप्त नगर में लाइसेंस जमा न करने वालों के खिलाफ कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई भी की गई। जिसके चलते चारबाग़ में आशीष जायसवाल की देसी शराब, गुरूनानक मार्केट में प्रशपेंद्र सिंह की देसी शराब, व सरिता की मॉडल शॉप, तथा सिखा सिंह की मॉडल शॉप, इसके अलावा मवईया में माया देवी की देसी शराब, व अरविंद जायसवाल की बियर शॉप, सुभाष मार्ग 215/सी.सी पर संदीप जायसवाल की अंग्रेजी शराब, व प्रीती जायसवाल की अंग्रेजी शराब, व दीपमाला जायसवाल की बियर शॉप, तथा 215/464 जीएफ 2 पर कोमल जग्गी की बियर शॉप के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई और सीलिंग के बाद 352,000 रुपये लाइसेंस फीस का भुगतान नगर निगम टीम द्वारा लिया गया । यह अभियान जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी की अध्यक्षता में, कर अधीक्षक ओम प्रकाश सोनी और राजस्व निरीक्षक कुलदीप चौधरी सिंह की टीम की उपस्थिति में संपन्न किया गया।



## पेड़ से टकराई बाइक, चालक गंभीर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। चौकी अहमदपुर क्षेत्र में अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव छंदवल के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित हुई और सामने पेड़ में टकरा गई। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुआ। चौकी इंचार्ज सौम्य जायसवाल ने एंबुलेंस की सहायता से बाराबंकी अस्पताल भेजा। चौकी इंचार्ज के मुताबिक बाइक चालक सोनू पुत्र रामचन्द्र गुप्ता गांव भीमा ताली मिल्कीपुर का निवासी है। जो लखनऊ पॉलिटेक्निक जा रहा था।

## कलश यात्रा के संग श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के दुल्हदेपुर गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। द्वारिका प्रसाद यादव के आवास रामगढ़ में सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया है।आज बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ।किया गया। पूरे ब्राह्मण महुलारा गुरु आश्रम बड़ी छावनी अयोध्या के निवासी कथा व्यास पंडित दुर्गेश तिवारी कथा की अमृत वर्षा करेंगे।उनके साथ आचार्य कपिल तिवारी, अमन तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।बुधवार को मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा आयोजन स्थल से निकली। भिटरिया दरियाबाद मार्ग होते हुए तासीपुर गांव के किनारे बूढ़वा बाबा मंदिर के निकट कल्याणी नदी से जल भरकर कथा स्थल पहुंची।महिलाएं पुरुष व बच्चे भी यात्रा में सम्मिलित हुए।

## टायर फटा, ट्रेलर चालक की मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। टायर फटने से ट्रेलर चालक की मौत हुई। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में भिटरिया हैदरगढ़ मार्ग पर नायरा पेट्रोल पंप के निकट एक हवा एवं ट्यूब रिपेयर की दुकान है। इसी दुकान पर आज सबेरे पूरे त्रिवेदी मजरे सकतपुर गांव निवासी राकेश 35 वर्षीय पुत्र द्वारिका प्रसाद अपने सहयोगी गनीपुरवा थाना असंदरा निवासी अरुण कुमार पुत्र कमलेश के साथ ट्रेलर लेकर टायर में हवा भरवा रहा था। हवा भरने के बाद जैसे ही चालक राकेश ने टायर उठाया, वह फट गया। टायर फटने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया गया।जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर च पहुंची रामसनेहीघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डॉ. रमेश कुमार के मुताबिक राकेश को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

## 30 दिवसीय वूमेन टेलर का आयोजित प्रशिक्षण का सीडीओ ने किया शुभारंभ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में 30 दिवसीय वूमेन टेलर के बैच का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी कुमदेंद्र कलाकर सिंह ,परियोजना निदेशक शैलेन व्यास जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ,उपायुक्त स्वतः रोज़गार वंदना सिंह तथा आरसेटी निदेशक रवि कुमार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया गया।उनके द्वारा सभी महिला प्रशिक्षणाथियों को प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य में आगे बढने की एवं सफल उधमी को शुभकामनाए दी गयी। कार्यक्रम के अंत में निदेशक ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी बड़ौदा आरसेटी विकास भवन पीलीभीत ने दी है।

## सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों से मिले चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने सरस्वती शिशु मंदिर पूरनपुर के बच्चों से मुलाक़ात की। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य राजीव कुमार गंगवार एवं आचार्य मनीष दिवाकर के साथ आये शिशु मंदिर के बच्चों ने अपने आचार्य गणों कुछ दिन पूर्व लोकप्रिय चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता से मिलने की इच्छा जाहिर की थी शिक्षकों द्वारा चेयरमैन से संपर्क होते ही चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने उन बच्चों को निराश ना करते हुए नगर पालिका कार्यालय बुलाया और सभी से हार्दिक रूप से मिले परिचय के साथ बच्चों से भविष्य को लेकर भी उनसे बात की। नन्हे मुन्ने बच्चों को प्यार दुलार दिया और उनको जलपान करवाकर बच्चों को मेडल पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया साथ आये शिक्षक गणों को भी सम्मानित किया। शैलेन्द्र गुप्ता ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने को बोलते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें भी दीं।इस अवसर पर साथ में अजीत प्रताप सिंह प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पूरनपुर,एड. आदित्यमोहन वीरू,विवेक तिवारी सहित अन्य भी उपस्थित रहे हैं।

## उपनिबंधक कार्यालय में जाँच करने पहुंचे सहायक महानिरीक्षक निबंन्धन

पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप निबंधक कार्यालय में एक दिन पूर्व मंगलवार को अपर जिलाधिकारी जाँच करने के लिए पहुंची थी। पर अधिवक्ताओं से विवाद के बाद सही जाँच पूरी नहीं हो सकी थी और जाँच के दौरान गंभीर अनियमितताओं पाई गई थी। जिसके बाद जिलाधिकारी ने टीम गठित कर वुधवार को 12 बजे सहायक महानिरीक्षक निबन्धन वाल्मीकि त्रिपाठी उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह और सहायक कोषाधिकारी कोषागार पीलीभीत मोहम्मद नसीम को जाँच के लिए नामित किया गया।

# मूंजापुर आश्रम में प्रेम देव मूर्ति अनावरण संत विद्वतजनों का जमावड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## माता-पिता की सेवा अवश्य करें : निष्ठा साहेब

मसौली बाराबंकी।कबीर अध्यात्म संस्थान विशालनगर मुंजापुर में बुधवार को संत निष्ठा साहब सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में सदगुरु विशाल साहब की पुण्यतिथि अवसर पर में मूर्ति अनावरण एवं सत्संग तथा विशाल भंडारा का आयोजन हुआ।

मुंजापुर विशाल नगर में सन्त कबीर अध्यात्म संस्थान परिसर में बुधवार को पूज्य सन्त निष्ठा साहेब व प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव एल.वेंकटेश्वर लू द्वारा संयुक्त रूप से सदगुरु विशाल देव एवं सदगुरु प्रेम देव जी की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर सन्त निष्ठा साहेब ने गुरु महिमा का बखान किया।कहा कि मानव जीवन बहुत ही परोपकार से मिलता है। गुरू के बिना जीवन सफल नही हो सकता है। मनुष्य आज लालच और क्रोध मे बहुत ग़लत रास्ते पर पहुंच जाता है।जिसका परिणाम जानकार पछतावा भी करता है लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसके लिए कुछ करने से पहले शान्त आत्म की आवाज सुनेंगे तो कभी गलत रास्ते पर नही जा सकेगा।श्री साहेब ने कहा कि मनुष्यों को साधु-संतों की शरण में आने से सुख-शांति तो प्रदान होती है। उन्होंने आगाह किया कि सर्वे प्रथम अपने माता-पिता की सेवा अवश्य करें।उसी की प्रेरणा से आप के बेटा-बेटी भी आप की सेवा करेंगे। जिससे आप लोगों को सुख की प्राप्ति होगी। प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि मनुष्य किसी न किसी समस्या को लेकर दुःखी है।जिसका निदान भी उसी के पास है बस व्यक्ति को लालच को त्याग कर निःस्वार्थ भाव से कार्य करेंने से मन शन्ति रहेगा।श्री लू के कहा कि ईश्वर को प्राप्त करने के लिए मनुष्य को ज्ञान का पिटारा खोलने की जरूरत है। इसके लिए सन्तों की शरण में जाने की जरूरत पड़ती है। सन्तों के बताते हुए रास्तों पर चलकर सही गलत की पहचान होती है। और सुख-शांति के साथ ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर आयोजित भण्डारा में साधु सन्तो के बाद श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम में आज नेपाल व राजस्थान, छतीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली आदि से आए भक्त एवं सन्तो का जमावड़ा दिखा।इस मौके पर संत कबीर अध्यात्म संस्थान के अध्यक्ष आलोक दास, प्रांजल दास, डाक्टर राम निवास कौशिक, नागेश वर्मा, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, ग्राम प्रधान बिजय बहादुर वर्मा, अरुण यादव,आदि मौजूद रहे।



इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 120 लोगों को शुगर जांच,दवा आदि का वितरण किया गया।

**समाधान शिविर में हुई उपभोक्ता सेवा**

विद्युत उपखण्ड मसौली के द्वारा एस डी ओ अभिषेक मल्ल की अध्यक्षता में बकाया वसूली का कैम्प लगाया गया जिसमें 25 लोगो से 90 हजार बकाया वसूला गया 5 लोगो का ओ टी एस छूट में पंजीकृत कराया गया। तीन लोगों के मीटर उतारे गये । 35 कनेक्शन काटे गये ।

# डीएम से सुबह मिले, शाम को मिला 6 लाख ग्रेच्यूटी भुगतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## प्राथमिकता से किया जा रहा जन-शिकायतों का निस्तारण

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के सख्त निर्देशों के उपरांत जिले के अधिकारी जनता दर्शन की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारण की कार्यवाह में तत्पर है। अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में समयसीमा के साथ गुणवत्ता का भी ख्याल रख रहे है। शिकायतकर्ता से मोबाइल पर बातचीत करके अधिकारी फीडबैक भी ले रहे है, 07 फरवरी 2025 को जनता दर्शन की प्राप्त विभिन्न मामलों की सभी 10 शिकायतों का निस्तारण किया चुका है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, खंड विकास कार्यालय, पूर्ति विभाग, बिजली विभाग सहित तहसील स्तर सम्बंधी शिकायतें थी। इसी क्रम में 10 फरवरी 2025 की दो शिकायतें तहसील नबाबगंज से सम्बंधित से थी उनका भी समयान्तर्गत निस्तारण किया जा चुका है। दिनांक 11 फरवरी 2025 को स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने और जिला दिव्यांग विभाग से सम्बंधित पेंशन मामले की शिकायतों का भी निस्तारण किया जा चुका है।

सुबह डीएम से की फरियाद शाम को मिल गया 6 लाख ग्रेच्युटी का भुगतान

बीते 13 फरवरी को डीएलसी अयोध्या से सम्बंधित ग्रेच्युटी निर्गत करने के लिये फरियादी ने जिलाधिकारी से गोहर लगाई। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। जिसके क्रम में शिकायतकर्ता सुरेश दत्त पांडेय पुत्र सुधाकर पाण्डेय के पक्ष में आदेशित 6 लाख ग्रेच्युटी की धनराशि का भुगतान सम्बंधित अधिकारियों द्वारा उसी दिन शाम को फरियादी (प्रार्थी) के खाते में एकाउंटपेई चेक के माध्यम से करते हुए शिकायत का निस्तारण कर दिया गया, वहीं 13 फरवरी की दो अन्य शिकायतों का भी निस्तारण किया जा चुका है। 14 फरवरी को आर.एस. घाट तहसील से सम्बंधित शिकायत का भी निराकरण किया जा चुका है।

# बीडीओ ने किया पंचायतों का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## फैमिली आईडी पर जोर

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ने विकास क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक भी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने करोरा, डूड़ी और मुश्कीपुर पंचायतों का दौरा किया। करोरा पंचायत भवन बंद मिला। डूड़ी में पंचायत सहायक द्वारा केवल दो फैमिली आईडी बनाई जा रही थीं। मुश्कीपुर में बीडीओ ने ग्रामवासियों को एकत्र कर फैमिली आईडी के लिए प्रेरित किया। उनकी मौजूदगी में तीन फैमिली आईडी तैयार की गयी।बीडीओ ने सभी पंचायत कर्मियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निर्देश में कहा कि सफाई कर्मी, पंचायत सहायक और ग्राम रोजगार सेवक नियमित रूप से पंचायत भवन में उपस्थित रहें। पंचायत सहायकों को आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से प्राप्त धनराशि को तुरंत बैंक में जमा करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने सभी रजिस्टरों के उचित रखरखाव पर जोर दिया।

उन्होंने फैमिली आईडी के आवेदनों को समय पर पूरा करने और व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने देखा प्राथमिक विद्यालयों का हालो-हवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## समय पूर्व बंद मिला शिक्षा का मंदिर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बुधवार को ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव के संग दो प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सर्व प्रथम प्राथमिक विद्यालय बेचुकपुरवा में दोपहर 2:32 बजे पहुंचे। यहां सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद मिले। स्कूल की व्यवस्था संतोषजनक थी।इसके बाद 2:47 बजे प्राथमिक विद्यालय रामपुर भवानीपुर का निरीक्षण किया गया। यह स्कूल नियम विरुद्ध समय से पहले बंद मिला। स्कूल में केवल एक सहायक अध्यापक रमाकांत मौजूद थे। वह स्कूल के गेट पर ताला लगा रहे थे। बाकी शिक्षक और बच्चे घर जा चुके थे। ब्लॉक प्रमुख ने इस लापरवाही की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी को दी है। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए यह निरीक्षण किया गया था।

## तहसील परिसर में भाकियू ने आठ सूत्रीय एसडीएम को संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

पूरनपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने वुधवार दो बजे तहसील परिसर में किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक कर चर्चा की। जिसमें किसानों के गन्ने का मूल्य चीनी मिल से 14 दिन के अंदर दिए जाने, आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाने और पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग करते हुए। जंगली वन्य जीव एवं बाघ अक्सर जंगल से निकलकर गांव के नजदीक पहुंच रहे और किसानों पर हमला कर रहे।

# भागवत कथा का अवसान भंडारा में भक्तों ने छका प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी । विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुज्जी की बरूहा बनकुटी प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा के अंतिम दिवस बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। अंतिम दिवस पर द्वारिका नंद महाराज ने जय व विजय दो भाईयों की कथा का वर्णन किया।महराज जी बताते है कि इन दो भाई सतयुग में बैकुंठ में भगवान विष्णु के द्वारपाल थे। दोनों भाई अपने स्वामी के प्रति वफादार थे और उन्होंने अपने कर्तव्यों को कुशलता से निभाया। कुछ समय बाद, जय और विजय को भगवान विष्णु का सेवक होने का अहम हुआ। एक दिन भगवान ब्रह्मा के पुत्र चार ऋषि कुमार, जिन्हें संकादिक ऋषि के रूप में भी जाना जाता है। अपने प्रिय विष्णु के दर्शन की इच्छा लेकर बैकुंठ धाम पहुंचे। इन चार ऋषि कुमारों सनक कुमार, सनातन कुमार, सनंदन कुमार और सनत कुमार जब बैकुंठ पहुंचे तो द्वारपाल जय और विजय ने उन्हें प्रवेश द्वार पर रोक दिया। इन चार कुमारों ने जय और विजय से बार-बार अंदर जाने का अनुरोध किया, लेकिन इन दोनों द्वारपालों ने एक नहीं सुनी। इतना ही नहीं, उन्होंने चारों ऋषि कुमारों के आगमन के बारे में भगवान विष्णु को सूचित भी नहीं किया और उन्हें वापस जाने के लिए कहा। चार कुमारों को क्रोध आ गया और फिर उन्होंने जय और विजय को श्राप दे दिया। शराब के प्रभाव से जय विजय राक्षस हुए। जिनका उद्धार प्रभु राम ने किया।



कथा के अंतिम दिवस कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।सैकड़ों भक्त जनों ने हलवा पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया।

## खेल /बिजनेस

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग: भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया

एजेंसी



भुवनेश्वर। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 1-0 से मात दी। यह मुकाबला बुधवार को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेला गया, जहां गुरजंत सिंह के गोल ने भारत को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया। पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही भारतीय टीम ने आक्रामक रुख अपनाया और चौथे मिनट में बढ़त बना ली। राजिंदर सिंह के बेहतरीन पास को मनदीप सिंह ने गोल में बदलने की कोशिश की, लेकिन जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर ने इसे रोक लिया। हालांकि, गुरजंत सिंह ने मौके का फायदा उठाकर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया।

इसके बाद भारतीय टीम ने रक्षात्मक रणनीति अपनाई और जर्मनी को बराबरी करने से रोके रखा। जर्मन खिलाड़ी थिस प्रिंज़ ने कुछ शानदार मूव्स दिखाए, लेकिन भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की सतर्कता ने उन्हें गोल करने से रोक दिया। पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन गोंजालो पेइलाट की ड्रैग-फ्लिक निशाने से चूक गई और भारत 1-0 की बढ़त के साथ आगे रहा। दूसरे क्वार्टर में भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा मैदान में उतरे, लेकिन जर्मनी का आक्रमण उस स्तर का नहीं रहा कि उन्हें ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। भारत ने जवाबी हमलों में शानदार मौके बनाए, जहां शिलानंद लाकड़ा, नीलम संजीव ज़ेस और राज कुमार पाल ने जर्मन गोलकीपर को चुनौती दी।

तीसरे क्वार्टर में जर्मनी ने हमलों की गति बढ़ाई। 32वें मिनट में प्रिंज़ ने गोल करने की कोशिश की, लेकिन पाठक ने शानदार बचाव किया। इसके कुछ ही मिनट बाद पेइलाट की ड्रैग-फ्लिक को भी भारतीय गोलकीपर ने अपने पैर से रोक दिया।

चौथे क्वार्टर में जर्मनी ने बराबरी के लिए आक्रामक रुख अपनाया। 46वें मिनट में उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन करकेरा ने बेहतरीन बचाव किया। दूसरी ओर, भारत को भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, परंतु अमित रोहिदास की ड्रैग-फ्लिक गोलपोस्ट के बाहर चली गई।

अंतिम कुछ मिनटों में जर्मनी ने अपना गोलकीपर हटा दिया और लगातार हमले किए। उन्होंने चार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन भारतीय डिफेंस और गोलकीपर करकेरा की शानदार प्रतिक्रिया के चलते वे कोई गोल नहीं कर सके।

भारत ने धैर्य और संयम बनाए रखा और मुकाबला 1-0 से अपने नाम कर लिया। यह जीत मंगलवार को जर्मनी के खिलाफ मिली 4-1 की हार के बाद टीम के लिए एक बड़ी वापसी थी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में टीम ने बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया और महत्वपूर्ण तीन अंक अर्जित किए।

# नई दिल्ली मैराथन: 25,000 से अधिक धावक लेंगे हिस्सा, गोपी चंद और रहाणे दिखाएंगे हरी झंडी


एजेंसी



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली 23 फरवरी को देश के सबसे बड़े मैराथन आयोजनों में से एक की मेजबानी करने जा रही है। अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन के 10वें संस्करण में 25,000 से अधिक धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। इस प्रतिष्ठित मैराथन को एथलेटिक्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय मैराथन का दर्ज़ा दिया गया है और इसे एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन (एआईएमएस) तथा विश्व एथलेटिक्स द्वारा भी मान्यता प्राप्त है। गोपी चंद और अजिंक्य रहाणे दिखाएंगे हरी झंडी नई दिल्ली मैराथन के आयोजकों के अनुसार, इस बार की रेस को हरी झंडी दिखाने के लिए पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और पद्म श्री पुरस्कार विजेता पुलेला गोपी चंद और भारतीय क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे मौजूद रहेंगे। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से यह मैराथन शुरू होगी और दिल्ली की ऐतिहासिक सड़कों से होकर गुजरेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा आकर्षण इस साल मैराथन को भारत के 27 राज्यों और 543 शहरों के अलावा 24 देशों के धावकों की भागीदारी मिली है, जिससे यह एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन बन गया है। धावकों को चार श्रेणियों ऽ पूर्ण मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी), 10ख और 5ख में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में भारतीय एलीट मैराथन टीम के शीर्ष धावक हिस्सा लेंगे, जिनमें अनीश थापा, बेलियप्पा, मान सिंह गोपी टी, विक्रम बांगरिया, अक्षय सैनी, भागीरथी बिष्ट, लक्ष्मी केएम, निरमाबेन ठाकोर भरतजी, अश्विनी मदन जाधव और डिस्केट डोलमा शामिल हैं। इस बार मैराथन में 25 दृष्टिबाधित एथलीट भी भाग लेंगे। यह पहल खेलों में विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय एमेच्योर दौड़ के लिए क्वालीफाइंग इवेंट भी है, जिससे प्रतिभागियों को वैश्विक पहचान और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैराथनों में भाग लेने के अवसर मिल सकते हैं। नई दिल्ली मैराथन 2025 न केवल एथलेटिक क्षमता का प्रदर्शन करेगा बल्कि यह खेलों के प्रति जुनून और विविधता को भी दर्शाएगा।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट लिमिटेड, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयर 2.88 प्रतिशत से लेकर 1.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ब्रिटानिया, सन फार्मास्युटिकल्स और टीसीएस के शेयर 2.37 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,460 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,083 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 377 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 180.12 अंक टूट कर 75,787.27 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर 75,581.38 अंक तक गिर गया, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक उछल कर 76,146.64 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 140.44 अंक की मजबूती के साथ 76,107.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 98.05 अंक की गिरावट के साथ 22,847.25 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक फिसल कर 22,814.85 अंक तक आ गया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 23,043.05 अंक तक पहुंचने में सफल रहा।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 20.02.2025 (गुरुवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डीर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुन्दनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जलंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04302 | हरिद्वार जं. | 06:15 | फाफामऊ जं. | 21:10 | नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, चंदौसी जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं.स्टेशन |
| 04622 | अमृतसर जं. | 12:45 | अयोध्या धाम जं. | 11:30 | जंडियाला, जलंधर सिटी, लुधियाना जं., धुरी जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं लखनऊ स्टेशन |
| 04603 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर, रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 17:50 | आनन्द विहार (ट.) | 13:45 | निवाड़ी, मऊरानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बांदा जं., अतर्रा, चित्रकूट धाम कर्वी, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जं., सूबेदारगंज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 01661 | रानी कमलापति भोपाल | 11:10 | बनारस | 10:15 | मडी दीप, ओबेदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी ज., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06004 | बनारस | 18:05 | कन्याकुमारी | 21:00 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., चेन्नै एग्मोर, ताम्बरम, चेंगलपट्टु जं., मेलमरुवत्तूर जं., विल्लुप्पुरम जं., वृद्धाचलम जं., तिरुच्चिराप्पल्लि जं., दिंडुक्कल जं., मदुरै जं., विरुदुनगर जं., कोविलपट्टि, तिरुनेलवेलि एवं नागरकोविल जं. स्टेशन |
| 05268 | झूँसी जं. | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | वाराणसी जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 07085 | काकिनाड़ा टाउन | 20:10 | आजमगढ़ | 17:15 | समालकोट जं., राजमंड्री, निडदवोलु जं., ताडेपल्लिगडेम, एलूरु, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |

### दिनांक 21.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डीर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुन्दनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04301 | फाफामऊ जं. | 06:30 | हरिद्वार जं. | 23:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, चंदौसी जं., मुरादाबाद एवं नजीबाबाद जं. स्टेशन |
| 04604 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डी दीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवाड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07707 | मौला अलि | 23:55 | आज़मगढ़ | 17:15 | चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 06008 | बनारस | 18:05 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 23:55 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर जं., पेरम्बूर, अरक्कोणम जं., काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., ईरोड जं., तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर जं., पालक्काड जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जं., एवं कोल्लम जं. स्टेशन |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# भारत अब कई क्षेत्रों में वैश्विक मानक स्थापित कर रहा : डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज कहा कि भारत अब केवल एक अनुयायी नहीं रह गया है। वो वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रहा है तथा नवाचारों में पहल कर रहा है। उन्होंने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर रोशनी डालते हुए कहा कि देश ने खुद को विश्व मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है, जिसमें महत्वाकांक्षी मिशनों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में वृद्धि हुई है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) भारत की प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति का सबूत है, जो गगनयान, चंद्रयान-4 और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, भारत के आगामी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिनमें से 396 को पिछले दशक में ही प्रक्षेपित किया गया था, जिससे 2014-2023 तक 157 मिलियन डॉलर और 260 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता, जिसने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया, उसने इसरो को चंद्र अन्वेषण में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। नासा सहित दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियां अब चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से भारत के निष्कर्षों की प्रतीक्षा कर रही हैं, जो एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है और ये अंतरिक्ष अनुसंधान में देश के बढ़ते प्रभुत्व को रेखांकित करता है। जैव प्रौद्योगिकी और जैव अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत डीएनए आधारित कोविड-19 वैक्सीन विकसित करने वाला पहला देश बन गया है और ये वैक्सीन अनुसंधान और विकास में देश की अग्रणी भूमिका को दर्शाता है। इसके अलावा भारत ने सर्वाइकल कैंसर के लिए पहला हर्पीसवायरस वैक्सीन पेश किया है, जो निवारक स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर आज लगभग 140 बिलियन डॉलर हो गई है और आने वाले वर्षों में इसके 250 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बायोटेक स्टार्टअप की संख्या 2014 में केवल 50 थी और यह अब बढ़कर लगभग 9,000 हो गई है, जो भारत को बायोटेक नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाता है। जैव-विनिर्माण में भारत अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तीसरे स्थान पर और वैश्विक स्तर पर 12वें स्थान पर है और इस क्षेत्र में इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। डा. सिंह ने कहा कि इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों को बनाए रखने के लिए अंतरिक्ष में पौधे उगाने पर ध्यान केंद्रित करता है। अंतरिक्ष चिकित्सा और ग्रहतीत वातावरण में मानव शरीर विज्ञान का अध्ययन अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बन रहा है और भारत अब केवल उनका अनुसरण करने के बजाय वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम, जिसे कभी संदेह की दृष्टि से देखा जाता था।

# इंडिया पंथक कन्वेंशन का ज्ञानी सिंह की सेवा समाप्ति का फैसला नामंजूर

एजेंसी

अमृतसर / नयी दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा बुधवार को आयोजित आल इंडिया पंथक कन्वेंशन ने तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवाओं को समाप्त करने के बारे में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा लिया गया फैसला अस्वीकार कर दिया है और ज्ञानी हरप्रीत सिंह से अपील की है कि वह सिख धर्म के प्रचार और प्रसार के लिए कार्य करें, इसके लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी सहित सभी सिख संस्थाएं उनका समर्थन करेंगी।

बुधवार को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में भाई लखी शाह वंजारा हॉल में हुई आल इंडिया पंथक कन्वेंशन में लगभग आधे दर्जन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें पहले प्रस्ताव के तहत श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा दो दिसंबर को सुनाए गए हुकमनामे को लागू करने की समर्थन की गई। दूसरे प्रस्ताव के तहत ज्ञानी हरप्रीत सिंह की सेवा समाप्ति के फैसले को पहले रद्द किया गया और उन्हें विश्वभर में सिख धर्म के प्रचार और प्रसार की मुहिम जारी रखने की अपील की गई।

तीसरे प्रस्ताव के तहत 1984 के सिख नरसंहार के दोषियों का सम्मान करने की निंदा की गई और प्रण लिया गया कि इस नरसंहार के सभी दोषियों को सजा दिलवाने तक दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की मौजूदा टीम संघर्ष जारी रखेगी। चौथे प्रस्ताव के तहत विश्व स्तर पर सिखों की तालमेल समिति बनाने की प्रस्ताव रखी गई ताकि देश विदेश की प्रमुख प्रबंधक समितियों की साझेदारी से सिख कौम को सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान किया जा सके। यह भी कहा गया कि जत्थेदार साहिबान की नियुक्ति के लिए विधि विधान बनाया जाए।

एक अन्य प्रस्ताव के तहत कन्वेंशन में कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जी.के. के खिलाफ मामलों में चार्जशीट दायर करने का स्वागत किया गया और संगत से अपील की गई कि ऐसे लोगों से दूर रहें। जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलो द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत संगत ने अदालत से अपील की कि 1984 के सिख नरसंहार के मामले में कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार को फांसी की सजा दी जाए।

संगत को संबोधित करते हुए ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सिर्फ 10 लोग ही अकाली दल को डूबोने में लगे हैं, जिनमें से दो दिल्ली के हैं और आठ पंजाब के हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों ने कार पर हथौड़ा मारकर अब उस पर सवारी कर ली है। उन्होंने कहा कि बाकी सारी कौम पंथ की बेहतरी के लिए काम कर रही है, लेकिन ये 10 लोग पंथ के खिलाफ काम कर रहे हैं।

इस कन्वेंशन में बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि आज की कन्वेंशन की मेज़बानी करने के लिए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि आज जो हालात शिरोमणि कमेटी और शिरोमणि अकाली दल के हैं, उनके लिए बादल परिवार जिम्मेदार है।

## केजरीवाल, आतिशी ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री चुने जाने पर दी बधाई

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी। श्री केजरीवाल ने एक्स पर बधाई देते हुए कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता जी को बहुत बहुत बधाई। मैं उम्मीद करता हूँ कि दिल्ली की जनता को किए गए सारे वादे वह पूरे करेंगी। दिल्ली की जनता के विकास और भले के हर कार्य में हम उन्हें सहयोग करेंगे। आप की वरिष्ठ नेता और कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता जी को बधाई। यह खुशी की बात है कि दिल्ली का नेतृत्व एक महिला करेंगी। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली वालों को किए गए वादे पूरे होंगे।

## केंद्र ने आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रूपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष से जारी धनराशि के अतिरिक्त है जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार ने राज्य आपदा कोष से 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय कोष से 18 राज्यों को 4,808.30 करोड़ रुपये, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से 14 राज्यों को 2208.55 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष से आठ राज्यों को 719.72 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

## आज से होगा ध्यान विशेषज्ञों का वैश्विक सम्मेलन

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में 20 से 23 फरवरी तक ध्यान विशेषज्ञों का वैश्विक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसमें नीति निर्माताओं, कॉर्पोरेट नेताओं, शोधकर्ताओं और ध्यान विशेषज्ञों को सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन और विश्व शांति के लिये ध्यान को एक प्रक्रिया के रूप में आगे बढ़ाने के लिये एक साथ लाया जायेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य और निर्णय लेने के लिये एक प्रमुख चालक के रूप में ध्यान के बारे में जागरूकता पैदा करने में वैश्विक नेतृत्व को शामिल करना है। साथ ही अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कार्यस्थलों और शासन में ध्यान को एकीकृत करने के लिये नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करना है । केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पूर्व निदेशक पद्म श्री डी.आर. कार्तिकेयन ने इस आयोजन के बारे में कहा, ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स, 2025 स्वास्थ्य संकट, हिंसा और पर्यावरण क्षरण जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिये एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में ध्यान को उजागर करेगा।

# पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके।

श्री खरगे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आज यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे।



उन्होंने कहा,''हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण।''

श्री खरगे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा, ''हमारे सामने एक नयी चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया। आप सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं। या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है। भाजपा की तरफ़ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं। इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली समिति से मुख्य न्यायाधीश को भी जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें भी बाहर कर दिया। सरकार को देश के मुख्य न्यायाधीश की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। आज इस मामले की सुनवाई होने वाली थी लेकिन सरकार ने पहले ही नये मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी। राहुल जी ने कहा भी था कि ऐसे चयन समिति का क्या फायदा, जहाँ विपक्ष के नेता का इस्तेमाल आप सिर्फ़ प्रमाण पत्र के लिए कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीय नागरिकों के साथ किए गए वार्ताओं पर उन्होंने कहा,ल्ल प्रधानमंत्री की यात्रा के बावजूद अमेरिका पहले की ही तरह भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगा कर वापस भेजा जा रहा है। शाकाहारी यात्रियों को नॉन वेज खाना दिया गया । हमारी सरकार इस अपमान का ठीक तरीके से विरोध जताने में भी विफल रही। आर्थिक मामलों में भी अमेरिका हम पर गहरी चोट कर रहा है। हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया पर प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया। वे हम पर जबरदस्ती घाटे का सौदा थोप रहे हैं, जिसे हमारी सरकार चुपचाप मान ले रही है। ये साफ़-साफ़ हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा, ''आज देश के सामने अनगिनत चुनौतियाँ हैं।महँगाई और बेरोज़गारी स्थायी मसला बना हुआ है। सरकार इस मामले में पूरी तरह विफल रही है।अगले पांच साल हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष और जन आंदोलन करके मुख्य विपक्ष की भूमिका में उभरने का प्रयास करें। इससे ही हम लोगों की पहली पसंद बनेंगे।''

# पेज एक का शेष

## राजनीतिक स्वार्थ ...

उड़ा रहे हैं। उसका अपमान कर रहे हैं। उन्होने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है। जर्मनी के अक्टूबर फ़ेस्ट में 72 लाख पर्यटक और ब्राजील के रियो कॉर्निवाल में 70 लाख पर्यटक पहुंचते हैं। हज में भी लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। अभी एक सप्ताह बाकी है, फिर भी महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की संख्या ने 56 करोड़ की सीमा लांघ चुकी है। भारत और चीन के अलावा किसी अन्य देश की आबादी इससे अधिक नहीं है। यूरोपीय संघ की कुल आबादी 44.90 करोड़, संयुक्त राज्य अमेरिका की आबादी 34.66 करोड़ है। पाकिस्तान, बांग्लादेश की कुल आबादी को भी जोड़ देंगे, उससे अधिक लोग प्रयागराज महाकुम्भ में आ चुके हैं। आप सदन में मुद्दा उठा सकते हैं, लेकिन शब्दों की मर्यादा का ध्यान अवश्य रखिए। बताया गया कि हजारों मौत हो गई। सपा-कांग्रेस के नेताओं ने गैर जिम्मेदाराना बयान दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ में कोई भूखे नहीं रह सकता है। गुरुद्वारे, मठ-मंदिर में निशुल्क लंगर चलते हैं। वहां जाति-पंथ, क्षेत्र, भाषा नहीं पूछी जाती, बल्कि लोग अतिथि मानकर भोजन कराते हैं। यह भारत है। स्थानीय स्तर पर लोगों को थोड़ी-बहुत कठिनाई हो रही होगी, लेकिन वे आनंदित भी हो रहे हैं। प्रयागराज में भगदड़ या सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों के परिवार के साथ सरकार खड़ी है। इन सभी घटनाओं की जांच के लिए गठित ज्यूडिशियल कमीशन काम कर रहा है। सदन को आश्वस्त करना चाहूंगा कि प्रयागराज भगदड़ का गुनहगार कोई भी होगा, कहीं भी छिपा होगा, कितना भी बड़ा क्यों न होगा, वह बचेगा नहीं।

## भारत की आध्यात्मिक...

पर विस्तृत चर्चा की। उन्होने महाकुम्भ को भारतीय संस्कृति की अद्वितीय धरोहर बताते हुए कहा कि यह आयोजन प्रत्येक भारतीय के मानस पटल पर महाकुम्भ एक आध्यात्मिक जागृति लेकर आता है। यह न केवल आस्था का पर्व, बल्कि सनातन धर्म की अद्वितीय विशेषताओं का जीवंत उदाहरण है। महाकुम्भ की विशालता और भव्यता इस बार अभूतपूर्व रही, जिसमें सभी जाति, धर्म और विचारधाराओं के लोग सहभागिता कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन भारत की आध्यात्मिक संपदा और सभ्यता की आराधना का स्वरूप है। यह उत्सव केवल भारतीयों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे विश्व के आध्यात्मिक जिज्ञासुओं को आकर्षित कर रहा है। यह आयोजन भारत की अद्वितीय परंपराओं को दर्शाता है, जिसने विश्व की कई विचारधाराओं को प्रेरित किया है। योगी ने विपक्ष द्वारा कुंभ मेले में अव्यवस्था के आरोपों का खंडन करते हुए 1954, 1974 और 1986 के कुम्भ आयोजनों में हुई भगदड़ और दुर्घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 1954 के कुंभ में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और महामहिम राष्ट्रपति की भागीदारी के बावजूद 800 से अधिक श्रद्धालु भगदड़ में अपनी जान गंवा बैठे थे। इसके विपरीत इस बार सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या को देखते हुए सरकार ने कई जिलों में होल्डिंग एरिया और पार्किंग सुविधाओं की व्यवस्था की, जिससे यातायात और भीड़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण सफलता मिली। प्रयागराज सिटी, जिसकी अधिकतम क्षमता 25 लाख है, वहां पर दो करोड़ श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान करवाना किसी चमत्कार से कम नहीं था। उन्होने विपक्ष द्वारा वीआईपी कल्चर को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग जीवन भर वीआईपी सुविधाएं लेते आए हैं, वे ही प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर वीआईपी कल्चर की बात कर रहे हैं। वो लोग वीआईपी कल्चर की बात करते हैं, जो मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। इन लोगों ने कभी भी वीआईपी सुविधाओं से समझौता नहीं किया। महाकुम्भ अगर वीआईपी कल्चर होता तो इतनी बड़ी संख्या में लोग कैसे स्नान कर पाते। मुख्यमंत्री ने कहा यदि कुम्भ वास्तव में केवल विशिष्ट व्यक्तियों के लिए होता, तो क्या 56 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा पाते। समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा अमृत स्नान पर सवाल उठाना केवल झूठ का प्रचार है। सभी प्रमुख 13 अखाड़ों के संतों ने विधिवत रूप से सभी निर्धारित स्नानों में भाग लिया और इसे पूरे विश्व ने देखा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनेता महाकुम्भ जैसे पवित्र आयोजन को राजनीतिक लाभ के लिए बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। योगी ने 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन हुई दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें बैरिकेड टूटने के कारण 66 श्रद्धालु चपेट में आ गए थे। सरकार की त्वरित कार्रवाई से 36 घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया और 30 श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु हुई, इसमें 29 की पहचान कर ली गई है। उन्होने कहा कि प्रयागराज के अंदर अलग-अलग जगह पर और भी अन्य स्थानों पर कुछ प्रेशर पॉइंट बने हुए थे जहां कुछ लोग घायल हुए सभी को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। उनमें भी सात लोगों की मौत हुई थी। घायल 36 श्रद्धालु में से 35 को उनके परिजन लेकर के चले गए एक श्रद्धालु अभी वहां पर उपचार आधीन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन की तत्परता और श्रद्धालुओं के अनुशासन के कारण स्थिति को जल्दी नियंत्रण में लिया गया। सरकार ने 24 घंटे पहले ही समीपवर्ती जिलों में श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने की योजना बनाई थी, जिससे संभावित बड़े हादसों को टाला जा सका। अन्य राज्यों और जिलों में घटने वाली घटना को प्रयागराज महाकुम्भ की घटना से जोड़कर प्रचारित करना उचित नहीं है। योगी ने संत समाज और आम श्रद्धालुओं के अनुशासन और संयम की सराहना करते हुए कहा कि इस महायोजना को सफल बनाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। 29 जनवरी की रात जब दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, तब संत समाज ने प्रशासन के साथ सहयोग किया और अमृत स्नान को कुछ समय के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि संतों और श्रद्धालुओं की यही संयमशीलता उत्तर प्रदेश की संस्कृति और भारतीय आस्था को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाती है। सरकार और संतों ने मिलकर महाकुम्भ को विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शीर्ष स्थान दिलाया है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी द्वारा यह दावा करना कि अमृत स्नान नहीं हुआ, सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख मीडिया चैनलों ने इसे लाइव प्रसारित किया और लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया। उन्होंने कहा कि जब संचार के इतने साधन उपलब्ध हैं, तब भी कुछ नेता और पार्टियां कुंभ में अव्यवस्था और अमृत स्नान को लेकर झूठ फैलाने का प्रयास कर रही हैं।

## मौनी अमावस्या पर...

क्षति है। इसके लिए जागरूकता की जरूरत है। हेलमेट, सीट बेल्ट की बात होती है। कई वीआईपी भी नहीं लगाते हैं। वह लड़ने लगते हैं। इन सभी को महाकुंभ से जोड़ना महाकुंभ से न्याय नहीं हो सकता है। योगी ने कहा कि सदन को आश्वस्त करता हूं कि अगर प्रयागराज कुंभ का जो भी गुनहगार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा, वह कोई भी हो, कितना भी बड़ा क्यों न हो। मुख्यमंत्री ने कुछ पंक्तियां पढ़कर विपक्ष पर हमला बोला-बड़ा हसीन है, इनकी जबां का जादू..लगा के आग, बहारों की बात करते हैं,जिन्होंने रात में चुन चुन कर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं... नेता सदन ने कहा कि जिस समय यह चर्चा चल रही है, उस समय संगम में 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। जब आस्था के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करते हैं तो यह 56 करोड़ की आस्था के खिलाफ है। यह किसी सरकार का आयोजन नहीं है, सरकार पीछे से सहयोग कर रही है। हमारी सनातन के प्रति श्रद्धा का भाव है। अफवाहों को दरकिनार करते हुए आम जनमानस ने सफलता की ऊंचाई पर पहुंचाया है। बुधवार को दोपहर तक 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हमारी सम्वेदनाएँ उन सभी श्रद्धालुओं के साथ है जो 29 तारीख की भगदड़ में शिकार हुए या अन्य सड़क दुर्घटनाओं में हताहत हुए। सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने झूठी अफवाहें फैलाने के लिए विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि काहिरा का वीडियो महाकुंभ के साथ जोड़ा गया। नेपाल झारखंड की अन्य घटनाओं के वीडियो महाकुम्भ का बताया गया। योगी ने कहा कि ये लोग महाकुम्भ का विरोध पहले दिन से कर रहे थे। पिछले सत्र में हम चर्चा करवाने को तैयार थे, लेकिन इन्होंने चर्चा में भाग नहीं लिया, भाग खड़े हुए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले बयान दिया कि इतना पैसा और इतना विस्तार देने की क्या जरूरत है? सपा के सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करता है। यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे। इनका बयान है जो सरकार स्नान के आंकड़े बता रही है, मरने वालों का आंकड़ा भी बता दें ? मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके सहयोगी लालू प्रसाद यादव को महाकुंभ फालतू दिखाई देता है। इनकी एक सहयोगी आकर कहती हैं कि महाकुंभ मृत्यु कुम्भ है। इनकी एक नेत्री जया बच्चन का बयान कि शवों को गंगा में बहा दिया गया। इससे पानी प्रदूषित हो गया है। ये बयान सपा के सहयोगी आरजेडी टीएमसी और अन्य लोगो के हैं। मुख्यमंत्री ने सवाल के लहजे में कहा कि सनातन के आयोजन को भव्यता से करना क्या कोई अपराध है, अगर है तो इसको हमारी सरकार कर रही है, आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि आपका दुष्प्रचार हमको बुरा नहीं लगता, क्योंकि हमको पता है कि आपकी सोच है, संक्रमित व्यक्ति का कोई उपचार नहीं होता, वो अपने आप ही कुढ़ता रहेगा। महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और अंततः स्वीकृति से। स्वीकृति का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष जो विरोध कर रहे थे, जाकर चुपके से स्नान कर आये। योगी ने कहा कि विरोध के नाम पर ये लोग कोविड वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन कहते थे, राम मंदिर का विरोध किया। सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नही रहा। महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया। प्रयागराज, काशी, अयोध्या ने अतिथि देवो भवः का प्रमाण प्रस्तुत किया। जो लोग इस पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उसे जनता देख रही है। जनता जनार्दन तमाम दुष्प्रचार के बाद मान नहीं रही है। आप दूसरों को उपदेश दे रहे हैं। शिवपाल यादव की ओर देखते हुए योगी ने कहा कि खुद (अखिलेश) चुपके से स्नान करके चले आ रहे हैं। भतीजे तो चले गए, चाचू को छोड़ गए। इसी प्रकार से सीएम योगी ने कुंभ पर विपक्ष के एक-एक आरोपों उत्तर प्रदेश विधान सभा में बजट सत्र के दूसरे दिन बुधवार को शून्य प्रहर के दौरान मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी की ओर से नियम-56 के तहत कार्यस्थगन का प्रस्ताव लाकर कुंभ की व्यवस्थाओं पर चर्चा कराए जाने की मांग की गयी। सपा के वरिष्ठ सदस्य डॉ. राकेश कुमार वर्मा और संग्राम यादव ने कहा कि कंभ में अधिकारियों ने लापरवाही की है। कुंभ में सरकार को मृतकों के सही आंकड़े जारी करना चाहिए। उन्होंने कुंभ में घोर अव्यवस्था का आरोप लगाया। कंग्रेस की नेता विधान मण्डल दल आराधना मिश्रा मोना ने भी लापरवाही का आरोप लगाया और इस पर चर्चा कराए जाने की मांग की।

## सीईसी और ईसी ...

अधिक समय नहीं लगेगा। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने भी मामले की तत्काल सुनवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ''लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है''। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि न्यायालय के लिए सभी मामले समान रूप से महत्वपूर्ण हैं और कोई भी मामला दूसरों से बड़ा नहीं है। इससे पहले, केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मुद्दे पर न्यायालय में बोलने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा कि वह मध्यस्थता के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ के समक्ष उपस्थित हो रहे हैं। गत 18 फरवरी को, शीर्ष अदालत ने कहा कि वह 2023 के कानून के तहत सीईसी और ईसी की नियुक्तियों के खिलाफ याचिकाओं पर 'प्राथमिकता के आधार पर' विचार करेगी। भूषण ने कहा कि सरकार 2023 के कानून के तहत नए सीईसी और ईसी की नियुक्ति करके 'लोकतंत्र का मजाक' उड़ा रही है। सरकार ने 17 फरवरी को निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया। कुमार नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं और उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक चलेगा, जिसके कुछ दिन पहले आयोग द्वारा अगले लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की उम्मीद है। हरियाणा कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया।

## भारत के पास कर से बहुत...

की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर'' का अनुदान भी शामिल था। सरकारी कार्यदक्षता विभाग ने बताया कि इन सभी मदों को रद्द कर दिया गया है। इस सूची में ''बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने'' के लिए 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आवंटन, साथ ही नेपाल में ''राजकोषीय संघवाद'' के लिए दो करोड़ अमेरिकी डॉलर और वहां ''जैव विविधता संरक्षण'' के लिए 1.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आवंटन भी शामिल है, जिन्हें रद्द कर दिया गया है। अपने स्वामित्व वाले निजी रिजॉर्ट 'मार-ए-लागो' में मंगलवार को कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा, ''...भारत में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता हम क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत पैसा आता है। हमारे संदर्भ में भारत दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक है। उनके शुल्क बहुत अधिक हैं... उन्होंने मंगलवार को कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें संघीय सरकार द्वारा करदाताओं के पैसे की फिजूलखर्ची के बारे में 'आमूल-चूल पारदर्शिता' की आवश्यकता वाले ज्ञापन शामिल थे।

## रेखा गुप्ता...

गुरुवार को रामलीला मैदान में वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगी। रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है और कॉलेज टाइम से ही वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ में अध्यक्ष और सचिव पद का चुनाव भी जीता था। इसके अलावा वह तीन बार दिल्ली नगर निगम में पार्षद रही हैं। उन्होंने शालीमार बाग सीट से आप की उम्मीदवार बंदना कुमारी को 30 हजार वोटों से हराया है। मूल रूप से हरियाणा के जींद से आने वाली रेखा गुप्ता का जन्म साल 1974 में जुलाना में हुआ था। एसबीआइ बैंक में पिता की नौकरी लगने के बाद उनका परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया था। हालांकि अब भी उनका परिवार जुलाना में कारोबार करता है। दिल्ली से सटे हरियाणा से ताल्लुक रखने की वजह से रेखा गुप्ता का अपने गृह राज्य में आना-जाना होता रहता है। सीएम योगी ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली बीजेपी के विधायक दल का नेता चुने जाने पर रेखा गुप्ता जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!'

## पाकिस्तान है आतंकवाद...

जानकारी, झूठ व मिथ्य प्रचार के पाकिस्तान के अभियान जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते। जम्मू-कश्मीर में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया और अपनी सरकार चुनने के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर के लोगों की पसंद स्पष्ट है। पाकिस्तान की स्थिति से विपरीत, जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है।

## सुरक्षा परिषद के स्थायी...

रेखांकित करने के मामले में सुसंगत, स्पष्ट और एक प्रमुख आवाज रहा है। हरीश ने कहा, हमारी दुनिया बदल चुकी है और संयुक्त राष्ट्र को समय के साथ बदलने की जरूरत है। इसे 1945 के बजाय वर्तमान वैश्विक व्यवस्था को प्रतिबिंबित करना होगा। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार का मुखर समर्थक रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र निकाय की स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की पैरवी की है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 सदस्यीय परिषद 21वीं सदी में उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं है ।

# महाकुम्भः नेपाल के 50 लाख लोगों ने किया पवित्र स्नान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर । मां जानकी के मायके नेपाल में महाकुम्भ को लेकर जबरदस्त उल्लास देखा जा रहा है। महाकुम्भ नगर में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में अब तक नेपाल से आए 50 लाख से अधिक लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ का आयोजन अद्वितीय भव्यता के साथ किया जा रहा है। जिससे नेपाल समेत दुनियाभर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां बड़े हनुमान जी के लिए विशेष रूप से भगवान राम की ससुराल से पवित्र अक्षत व अन्य सामान लेकर लोग आ रहे हैं और यहां से गंगा जल और संगम की माटी अपने साथ नेपाल भी ले जा रहे हैं। वहां के श्रद्धालुओं में बड़े हनुमान मंदिर और अक्षय वट के प्रति अद्‌भुत आस्था देखने को मिल रही है। नेपाल के लोगों में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ साथ अयोध्या में श्री राम और काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने का भी क्रेज बहुत तेजी से बढ़ गया है। नेपाल एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रेवेल्स एजेंट्स बांके चैप्टर के अध्यक्ष राम सिग्देल ने बताया कि नेपाल से विशेष रूप से भगवान श्रीराम की ससुराल जनकपुर से पवित्र अक्षत महाकुम्भ में लाया गया है। जिसे संगम तट पर स्थित बड़े हनुमान जी को अर्पित किया गया है। वहीं, नेपाल के श्रद्धालुओं ने संगम की रेत और गंगा जल को सबसे अमूल्य धरोहर मानते हुए माथे पर लगाया और इसे अपने साथ घर ले गए। ये श्रद्धालु इन पवित्र वस्तुओं को ले जाकर अपने धार्मिक अनुष्ठानों में उपयोग भी कर रहे हैं। नेपाल से मां जानकी के मायके से नए वस्त्र, आभूषण, फल, मेवा, पकवान, धोती-कुर्ता, गमछा आदि भेंट स्वरूप लाए गए। यह उपहार महाकुम्भ की धार्मिक समृद्धि को और बढ़ा रहे हैं।



### बड़े हनुमान जी के लिए विशेष रूप से भगवान राम की ससुराल से आया पवित्र अक्षत व अन्य सामान

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण और काशी में विश्वनाथ धाम कॉरिडोर को लेकर नेपाल के श्रद्धालुओं में इन धार्मिक स्थलों के प्रति विशेष आकर्षण बढ़ा है। हर दिन लाखों की संख्या में नेपाल से श्रद्धालु संगम स्नान के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। उनकी आस्था और श्रद्धा महाकुम्भ की दिव्यता को और अधिक बढ़ा रही है।

# महाकुम्भ में मैंने भारत के सच्चे सार को देखाः तेजस्वी सूर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर । भारतीय जनता पार्टी के सांसद व युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने बुधवार को महाकुम्भ पहुंचकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई। संगम में स्नान के बााद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि महाकुम्भ में मैंने भारत के सच्चे सार को देखा।

उन्होंने कहा कि यहां मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात दिखाई दी, वह एकता का शानदार प्रदर्शन रहा। यहाँ हमारे विशाल राष्ट्र के हर कोने से लोग, अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं, अलग-अलग रीति-रिवाजों का पालन करते हैं, फिर भी आस्था के एक सामान्य सूत्र से बंधे हैं। भारी भागीदारी ने सांस्कृतिक चेतना की गहरी भावना को दर्शाया है, क्योंकि लाखों लोगों ने इस आध्यात्मिक यात्रा को करने का फैसला किया। इस बढ़ती हिंदू एकता का स्वाभाविक रूप से हमारे समाज के कई आयामों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ का सफल आयोजन यह साबित करता है कि जब नेतृत्व सांस्कृतिक चेतना के साथ जुड़ता है, तो दुनिया की सबसे बड़ी सभा को भी शालीनता और दक्षता के साथ प्रबंधित किया जा सकता है।



### महाकुंभ ने अद्वैत के गहन दर्शन को पूरी तरह से मूर्त रूप दिया

युवा मोर्चा के अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जब मैंने गंगा के पवित्र जल में पवित्र डुबकी लगाई, तो मुझे अपने ऊपर आशीर्वाद की एक गहरी भावना महसूस हुई, जो मुझे उन लाखों साथी साधकों से जोड़ती है, जिन्होंने सहस्राब्दियों से इस आध्यात्मिक यात्रा को अंजाम दिया है। जरा सोचिए कि कैसे इस परंपरा को सचमुच हजारों सालों से जीवित रखा गया है।

## दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

## संक्षिप्त समाचार

### वसंत पंचमी महोत्सव-2025 का डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

फारबिसगंज/अररिया । कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वावधान में आज टाउन हॉल, अररिया में वसंत पंचमी महोत्सव-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार, अररिया पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा टाउन हॉल अररिया में बनाये गए विभिन्न प्रकार के रंगोली एवं लगाये गये पुष्प प्रदर्शनी अवलोकन किया गया। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सान्याल कुमार द्वारा बताया गया कि चित्रकला में प्रथम-साक्षी कुमारी, द्वितीय-तन्नू प्रिया एवं तृतीय- सजल कुमारी रही हैं। रंगोली समूह में प्रथम-गीतांजलि कुमारी, प्रगति कुमारी, खुशी कुमारी, द्वितीय-काजल, साक्षी प्रिया, अनुष्का कुमारी एवं तृतीय स्थान-अर्चना, दिलरुबा, शाहिदा सिद्दीका ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता(समूह) में प्रथम-पीयूष कुमार, अभिनव कुमार मिश्रा, द्वितीय-मयंक कृष्ण, कुमारी सपना, मो शाहनवाज एवं तृतीय स्थान-उम्मे सना, आतिया सरवरी, खुशबून ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल (रंगोली, पेंटिंग) में राजेश कुमार, मृणाल प्रधान, क्विज स्कोरर-दारिश राजा, दानियाल राजा शामिल थे। जबकि मंच संचालक श्री नर सिंह नाथ मंडल ने की। मौके संबंधित पदाधिकारी गण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डीआईजी ने किया रक्सौल डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण

पूर्वी चंपारण। चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने बुधवार को रक्सौल डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित और एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।इस दौरान डीआईजी ने कार्यालय के अभिलेखों को देखा और उनके सही रख-रखाव का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग का भी पाठ पढ़ाया और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का आदेश दिया। साथ ही, कुर्की के मामलों के निपटारे और समय पर वारंट तामिला करने का निर्देश दिया। डीआईजी हरकिशोर राय ने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अपराध नियंत्रण और शराब तस्करों पर नकेल कसने के साथ-साथ विभागीय कार्यों को भी समय पर निपटाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।उन्होने भारत-नेपाल की खुली सीमा को देखते हुए विशेष चौकसी बरतने का भी निर्देश दिया। डीआईजी ने गंभीर आपराधिक घटनाओं के शीघ्र उद्‌भेदन, अनुसंधान पूरा कर चार्जशीट दाखिल करने और अपराधियों तथा शराब तस्करों का डाटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार, रक्सौल इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा, हरैया थानाध्यक्ष अंजन कुमार सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### अमडंडा पंचायत में विकास कार्यों की जांच, उप निदेशक पंचायत राज पदाधिकारी ने जताई नाराजगी

भागलपुर। जिले के सन्हौला प्रखंड के अमडंडा पंचायत में बुधवार को भागलपुर के उप निदेशक पंचायत राज पदाधिकारी ने विभिन्न विकास योजनाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रहे कार्यों की बारीकी से जांच की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पदाधिकारी ने कहा कि अमडंडा पंचायत विकास के मामले में अन्य पंचायतों से काफी पीछे है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, ताकि ग्रामीणों को समय पर लाभ मिल सके। हालांकि,श पंचायत के लोगों ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी जांच के नाम पर महज खानापूर्ति की गई और पूरे पंचायत का निरीक्षण करने के बजाय पंचायत भवन में बैठकर समीक्षा की गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब अधिकारी निरीक्षण कर रहे थे, तब मुखिया की जगह उनके पति अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। जिससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। निरीक्षण के दौरान बीपीआरओ कुणाल कुमार, पंचायत सचिव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने मांग किया है कि यदि विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति जाननी है, तो संपूर्ण पंचायत में जाकर निरीक्षण किया जाए। जिससे हकीकत सामने आ सके।

### विधायक ने ब्लॉक में आम जनता जनार्दन के कार्यों को सुगमता से करने को कहा

पूर्णिया। विधायक विजय खेमका पूर्णिया पूर्व प्रखंड एवं अंचल कार्यालय बुधवार को पहुंचे और कार्यों का मुआयना किया।ब्लॉक कार्यालय में विभिन्न कार्यों से आये नागरिकों से विधायक मिले तथा उनकी कठिनाई से अवगत हुए । अंचलाधिकारी को अंचल संबंधित लम्बित मामले को शीघ्र निष्पादन करने तथा कार्यालय में कार्यरत कर्मी से सक्रियता से अपने अपने कार्य को ससमय पूरा करने का निर्देश विधायक ने दिया । विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का हो रहे सर्वे को और भी पारदर्शी बनाने तथा जनता की जानकारी के लिए एक कंटेक्ट नंबर शीघ्र जारी करने को कहा। विधायक ने पूर्णिया में 22-23 मार्च को माता शीतला महोउत्सव तथा 30-31 मार्च को सरहुल महोत्सव की तैयारी हेतु रूप रेखा बनाने को प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा । विधायक खेमका ने प्रखंड कार्यलय में आये जनता जनार्दन का कार्य पारदर्शिता एवं सक्रियता से शीघ्र करने को सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों से कहा ।

### 2025-2026 बजट में माध्यम वर्गों खासकर किसानों की हितों का विशेष ध्यान रखा जायेगाः मंत्री जनक राम

फारबिसगंज/अररिया ।बिहार सरकार के अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम ने अररिया सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मंत्री जनक राम ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लोगों प्रधानमंत्री मोदी सरकार और बिहार के नीतीश सरकार द्वारा दिए सम्मान और उनके कल्याण हेतु किए गए कार्यों को विस्तार से गिनाया।

# एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में 20 फरवरी को भी रहेगी दिल्ली के वकीलों की हड़ताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में दिल्ली की जिला अदालतों में वकीलों की हड़ताल कल यानी 20 फरवरी को भी जारी रहेगी। दिल्ली के वकील प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल, 2025 के विरोध में 17 फरवरी से हड़ताल पर हैं। आज भी दिल्ली की सभी निचली अदालतों में वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया, जिसकी वजह से मामले में सुनवाई नहीं हो सकी और पक्षकारों को केवल डेट ही मिली।



दिल्ली में हड़ताल का आह्‌वान कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली ने किया है। कोआर्डिनेशन कमेटी के मुताबिक एडवोकेट अमेंडमेंट बिल वकीलों की गरिमा और स्वतंत्रता पर हमला है। कोआर्डिनेशन कमेटी ने दिल्ली की निचली अदालतों के न्यायिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे वकीलों की अनुपस्थिति में कोई भी प्रतिकूल आदेश जारी नहीं करें। कोआर्डिनेशन कमेटी का कहना है कि प्रस्तावित ड्राफ्ट बिल के जरिये वकीलों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है और इससे बार एसोसिएशंस की ताकत को कम करने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, केंद्र सरकार ने हाल ही में एडवोकेट अमेंडमेंट बिल का ड्राफ्ट जारी किया है। केंद्र सरकार ने इस ड्राफ्ट बिल पर सभी पक्षों के सुझाव मांगे हैं। इस बिल में वकीलों को न्यायिक कार्यों के बहिष्कार या हड़ताल करने या काम से दूर रहने से रोकने का प्रावधान है। इस अमेंडमेंट बिल की धारा 35ए वकीलों को न्यायिक कार्यों के बहिष्कार करने के अधिकार को रोकता है। इसके अलावा अमेंडमेंट बिल के मुवक्किलों की ओर से दिए गए दस्तावेज अगर फर्जी पाए गए तो उसकी जिम्मेदारी वकील की होगी। ये भी प्रस्ताव दिल्ली में वकीलों के विरोध की एक वजह है।

## यातायात पुलिस ने किया नरेला के स्कूली छात्रों के साथ वॉकथॉन का आयोजन

नई दिल्ली। बच्चों व युवाओं में सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने की एक पहल में बुधवार को नरेला के कस्तूरी राम इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से एक वॉकथॉन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने नरेला बवाना रोड के सर्विस रोड पर लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय की। वॉकथॉन के पीछे का मुख्य उद्देश्य 'कैच देम यंग' दर्शन था। इसका उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में शिक्षित करना था, जो यात्रियों और पैदल यात्रियों दोनों के लिए आवश्यक है। वॉकथॉन की शुरुआत में उत्तरी रेंज की डीसीपी ट्रैफिक संध्या स्वामी ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से स्टंट बाइकिंग के खतरों के बारे में चेतावनी दी, जो अक्सर सामाजिक दबाव और सोशल मीडिया प्रसिद्धि की खोज से उत्पन्न होते हैं।

## रक्सौल आइसीपी पार्किंग में कोयला लदी ट्रक में लगी आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण । जिले रक्सौल स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पार्किंग में कोयला लदी एक ट्रक में आग लग गई। आग लगने के तुरंत बाद वहां मौजूद एसएसबी के जवानों ने अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया,जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। एसएसबी के आईसीपी प्रभारी निरीक्षक राजवीर यादव ने बताया कि उक्त ट्रक बनारस से कोयला लेकर नेपाल के बीरगंज जा रही थी। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए ट्रक आईसीपी पार्किंग में खड़ी थी। इस दौरान ट्रक में लगे मोबाइल चार्जर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। घटना के समय ट्रक चालक ट्रक से दूर था, जिससे आग तेजी से फैलने लगी। लोगों ने जब ट्रक में धुआं और आग की लपटें उठती देखीं,तो तुरंत एसएसबी को सूचना दी। एसएसबी के जवान तुरंत हरकत में आए और अग्निशमन विभाग को बुलाकर आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

कोयला लदा होने के कारण आग तेजी से भड़क सकती थी और आसपास खड़े अन्य वाहनों को भी चपेट में ले सकती थी, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन एसएसबी के जवानों की तत्परता और समय रहते कार्रवाई की वजह से दुर्घटना टल गई।

घटना के बाद एसएसबी ने सभी चालकों से सुरक्षा नियमों का पालन करने और वाहनों में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की अपील की है। इस घटना के बाद आईसीपी प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही है।

## भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में ऋषि अगस्त्य का योगदान विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण । महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में ऋषि अगस्त्य का अवदान' विषय पर बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन 'काशी तमिल संगमम् 3.0', शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक विवि के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव रहे, जबकि संगोष्ठी के संरक्षक 'अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा संकाय' प्रो. प्रसून दत्त सिंह थे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. गरिमा तिवारी एवं सह-संयोजक डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा, डॉ. श्याम नंदन, डॉ. आशा मीणा तथा डॉ. बबलू पाल थे।




संगोष्ठी का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। मंच संचालन डॉ. बबलू पाल ने किया, जबकि विषय प्रवर्तन मानविकी एवं भाषा संकय के संख्याध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अपनी विशिष्टता के लिए जानी जाती है और ऐसे विमर्शों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। ऋषि अगस्त्य ने उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक समन्वय का कार्य किया, जो आगे चलकर स्वामी विवेकानंद ने भी किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रो. वैद्यनाथ मिश्रा (पूर्व अध्यक्ष, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा) ने ऋषि अगस्त्य को समाज सुधारक एवं वैज्ञानिक दृष्टि रखने वाला ऋषि बताया। उन्होंने कहा कि 'अगस्त संहिता' एक वैज्ञानिक ग्रंथ है, जिसका अध्ययन एवं अनुसंधान आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने ऋषि परंपरा के सामाजिक और सांस्कृतिक पक्षों को उजागर करते हुए कहा कि ऋषि अगस्त्य ने ज्ञान-विज्ञान और समाज सुधार दोनों क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया। वही विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र (कार्यकारी संपादक, न्यूज कॉरिडोर, दिल्ली) ने संगोष्ठी के आयोजन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को समझने के लिए ऋषि परंपरा को जानना आवश्यक है।

### गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिद्वार । राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे कार्यक्रम की गतिविधियों के अंतर्गत गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए श्री चेतन ज्योति जूनियर हाई स्कूल भूपतवाला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला के प्राचार्य प्रोफ़ेसर संजीव मेहरोत्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट वितरित कर व नोडल अधिकारी डा.शकुंज राजपूत द्वारा गंगा की शपथ दिलाकर की गई। प्राचार्य डा.संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि गंगा की स्वच्छता हमारी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जिम्मेदारी है, जिसमें सभी को साथ में मिलकर काम करना होगा। साथ ही श्री चैतन ज्योति जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्य हर्ष कालरा ने कहा की गंगा केवल जीवनदायिनी ही नहीं मोक्षदायिनी भी है। जिसे स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है। प्रतियोगिता में श्री चेतन ज्योति जूनियर हाई स्कूल के लगभग सौ छात्र-छात्राओं ने

## पौलेंड में भारत के राजदूत रहे सीएम भंडारी ने दिया मर्म चिकित्सा का प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मृत्युंजय मिशन के तत्वावधान में गैंडी खाता में आयोजित 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर में पोलैंड में भारत के राजदूत रहे चंद्रमोहन भंडारी ने प्रशिक्षणार्थियों को योग एवं प्राणायाम के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा देश-विदेश में मर्म चिकित्सा का प्रचार करते हुए स्वयं भी अनुभव किया कि यह एक चमत्कारिक दुष्प्रभाव रहित तथा तुरंत असर करने वाली चिकित्सा पद्धति है। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न मर्म बिंदुओं को उत्प्रेरित करने एवं असाध्य रोगों में उनके प्रभाव के विषय में भी जानकारी दी। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.सुनील जोशी ने मर्म प्राणायाम, मर्म आसनों के विषय में विस्तार से जानकरी देते हुए इसके उपयोग और लाभ भी बताए। उन्होंने कुछ विशेष आसानों तथा मर्मों के बारे में विस्तार से बताया कि किस मर्म बिन्दु को उत्प्रेरित करने पर कौन से रोग में लाभ होता है।

महायज्ञ में पधारे सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन

श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ,
राजापाकड़ कोष समिति प्रमुख व केन यूनियन के डेलिगेट
सत्यनारायण यादव
गोबरही, गुरवलिया, कुशीनगर




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063